बैशाख मास, कृष्ण पक्ष 8, वर्ष 11, अंक 350, पृष्ठ 12, मूल्य : 5.00

प्रयागराज, गुरुवार, 13 अप्रैल, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित



अन्दर : हार्दिक बने भारत के नंबर-1 ऑलराउंडर



अन्दर : तलत अजीज के गजलों ने रात को दी थपकी

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

## खुदरा महंगाई दर में गिरावट

**कुछ राहत**

**मार्च में 6.44 फीसदी से घटकर 5.66 प्रतिशत पर पहुंची**

**आरबीआई के टॉलरेंस बैंड के दायरे में आई महंगाई दर**

**नई दिल्ली।** देश की उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति फरवरी के 6.4 प्रतिशत से घटकर 5.6 प्रतिशत पर आ गई। सरकार की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों में यह बात सामने आई है। सीपीआई उन वस्तुओं और सेवाओं की खुदरा कीमतों में बदलाव को ट्रैक करता है जिन्हें परिवार अपने दैनिक उपभोग के लिए खरीदते हैं। बता दें कि आरबीआई को मुद्रास्फीति को 4 प्रतिशत पर रखना होता है, दोनों तरफ 2 प्रतिशत का मार्जिन है। फरवरी में खुदरा मुद्रास्फीति की दर मामूली गिरावट के बावजूद लगातार दूसरे महीने रिजर्व बैंक की छह प्रतिशत की ऊपरी सहनशीलता सीमा से ऊपर बनी रही। मार्च के खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े रिजर्व बैंक की ओर से प्रमुख ब्याज दर या रेपो दर को



6.50 प्रतिशत पर बरकरार रखने से बाजार और विश्लेषकों को आश्चर्यचकित करने के एक सप्ताह से भी कम समय बाद आए हैं।

## गंगा के नीचे पहली मेट्रो ट्रेन चलाकर रचा इतिहास

### देश की पहली अंडरवाटर मेट्रो परियोजना



**कोलकाता।** कोलकाता मेट्रो ने गंगा (हुगली) नदी के नीचे से पहली मेट्रो रैक को हावड़ा मैदान तक ले जाकर इतिहास रच दिया। लंबे इंतजार के बाद बुधवार को देश की पहली मेट्रो ट्रेन गंगा नदी के नीचे से दौड़ी। भारत में यह पहली अंडरवाटर मेट्रो परियोजना है। इस ऐतिहासिक पल का गवाह बने कोलकाता मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक पी. उदय कुमार रेड्डी। कोलकाता के महाकरण से हावड़ा मैदान स्टेशन तक मेट्रो रेल की रैक नंबर टफ 612 ने पहली यात्रा की। इस रैक ने हुगली नदी को पूर्वाह्न 11.55 बजे पार किया। इस दौरान रेड्डी के साथ मेट्रो के अतिरिक्त महाप्रबंधक एचएन जायसवाल, कोलकाता मेट्रो रेलवे कारपोरेशन लिमिटेड (केएमआरसीएल) के एमडी समेत मेट्रो के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। ट्रेन के पहुंचने के बाद रेड्डी ने हावड़ा स्टेशन पर पूजा की। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कौशिक मित्रा ने बताया कि बाद में रैक नंबर एमआर-613 को भी हावड़ा मैदान स्टेशन ले जाया गया। इसे ऐतिहासिक घटना बताते हुए महाप्रबंधक ने बताया कि हावड़ा मैदान से एस्प्लेनेड तक ट्रायल रन अगले सात महीनों तक चलेगा और इसके बाद इस खंड पर नियमित सेवाएं शुरू हो जाएंगी। केएमआरसीएल के सभी कर्मचारी, इंजीनियर जिनके प्रयासों और देखरेख में इस इंजीनियरिंग चमत्कार को हासिल किया गया है, वे खुश हैं कि उनका सपना सच हो गया है। मेट्रो रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कौशिक मित्रा ने कहा है कि मेट्रो रेलवे के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि कई बाधाओं को पार करने के बाद हम हुगली नदी के नीचे रेक चलाने में सफल हुए हैं। कोलकाता और उपनगरों के लोगों को एक आधुनिक परिवहन प्रणाली प्रदान करने की दिशा में यह एक क्रांतिकारी कदम है। यह वास्तव में बंगाल के लोगों के लिए भारतीय रेलवे की ओर से बांग्ला नववर्ष पर एक विशेष तोहफा है। दो मेट्रो रेक को आज कोलकाता के एस्प्लेनेड स्टेशन से हावड़ा मैदान स्टेशन ले जाया गया। जल्द ही हावड़ा मैदान से एस्प्लेनेड तक 4.8 किलोमीटर के भूमिगत खंड पर ट्रायल रन शुरू होगा। उम्मीद है कि इस खंड पर वाणिज्यिक सेवाएं इसी साल शुरू हो जाएंगी। एक बार यह खंड खुल गया तो हावड़ा देश का सबसे गहरा मेट्रो स्टेशन (सतह से 33 मीटर नीचे) हो जाएगा। मेट्रो के 45 सेकंड में हुगली नदी के नीचे 520 मीटर के हिस्से को कवर करने की उम्मीद है। नदी के नीचे बनी यह सुरंग जलस्तर से 32 मीटर नीचे है।

**खास बातें**

- अधिकतम रफ्तार 80 किमी प्रतिघंटे की होगी।
- नदी के नीचे से गुजरने में 60 सेकंड से भी कम समय लगेगा।
- हावड़ा मैदान से एसप्लैनेड तक जाने में छह मिनट का समय लगेगा
- कुल 16.55 किमी के मार्ग में 10.8 किमी जमीन के भीतर से है। इसमें नदी का नीचे का हिस्सा भी शामिल है।
- यह पूरा मेट्रो मार्ग वर्ष 2023 में बनकर तैयार हो जाएगा
- इस मेट्रो में 10 लाख यात्री सफर करेंगे वर्ष 2035 तक।

## मिलिट्री स्टेशन में फायरिंग, चार सैनिक शहीद

### सफेद कुर्ता पजामा, चेहरे पर नकाब, सीसीटीवी में दो हमलावरों का सामने आया हुलिया

**बठिंडा का मामला**

**पंजाब पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज की एफआईआर**

**बठिंडा।** पंजाब के बठिंडा मिलिट्री स्टेशन पर फायरिंग से चार सैनिकों की मौत हो गयी है। हालांकि यह साफ नहीं है कि यह कैसे हुआ। हालांकि सेना का कहना है कि यह आतंकी मामला नहीं है। वैसे पंजाब पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। एफआईआर के मुताबिक सेना के चार जवान सागर, कमलेश, संतोष और योगेश अपनी ड्यूटी के बाद कमरे में सो रहे थे। तभी सफेद कुर्ता पजामा पहने दो नकाबपोशों ने उन पर राइफल और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बठिंडा कैंट पुलिस ने 80 मीडियम रेजीमेंट के मेजर आशुतोष शुक्ला के बयान पर दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। मेजर ने पुलिस को बताया है कि उनकी यूनिट के एक वार्ड कर्मी ने घटना की सूचना दी। बताया कि कमरे में सो रहे चारों सैनिकों की दो अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। वार्ड कर्मी के अनुसार दोनो आरोपी सफेद कुर्ते पजामे में थे और मुंह ढक रखा खा। मेजर ने अपने बयान में बताया कि वार्ड कर्मी के अनुसार आरोपी घटना को अंजाम देकर जंगल की तरफ भाग निकले। मेजर ने बताया कि जब वह मौके पर पहुंचे तो बड़ी संख्या में कारतूस के खोल मिले। चारों जवान के पार्थिव शरीर खून से लथपथ कमरे में पड़े थे। एसपी अजय गांधी ने बताया कि पुलिस ने मेजर शुक्ला के बयान पर दो अज्ञात



आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार सैन्य अधिकारियों ने वार्ड कर्मी से पूछताछ की तो उसने बताया कि आरोपी चारों जवानों को मारने के बाद पांचवें जवान के कमरे का गेट खटखटा रहे थे लेकिन अंदर से बंद होने की वजह से आरोपी कामयाब नहीं हो सके। उधर, सेना ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि बठिंडा मिलिट्री स्टेशन में फायरिंग की घटना के दौरान आर्टिलरी यूनिट के चार जवानों की गोली लगने से मौत हुई है। अन्य कर्मियों को कोई चोट या संपत्ति के नुकसान की सूचना नहीं है। इलाके को सील कर दिया गया है और पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त जांच की जा रही है। दो दिन पहले गायब 28 कारतूस और एक इंसास राइफल की घटना में संलिप्तता की संभावना समेत सभी पहलुओं का पता लगाया जा रहा है। एसपी अजय गांधी ने बताया कि घटना की प्राथमिक जांच दौरान सेना एवं पुलिस को इंसास राइफल के 19 खोल मौके से मिले हैं। आशंका जताई जा रही कि उक्त घटना में चोरी की गई इंसास राइफल का इस्तेमाल किया गया है।

**रास्ते पर की गई नाकाबंदी**

घटना के बाद पंजाब पुलिस के एसपी और डीएसपी ने कैंट के अंदर जाने का प्रयास किया लेकिन कैंट अधिकारियों ने उन्हें काफी देर तक अंदर नहीं जाने दिया। जब कुछ घंटे के बाद पंजाब पुलिस के अधिकारियों को अंदर जाने की अनुमति मिली तो उनके फोन बाहर रखवा लिए गए। कैंट इलाके को जाने वाले सभी रास्तों पर सेना ने नाकाबंदी कर दी और इसके अलावा पंजाब पुलिस ने भी कैंट को जाने वाले रास्ते पर नाकाबंदी की है।

**बठिंडा में दिनभर रही घटना की चर्चा**

बुधवार सुबह फायरिंग की सूचना जैसे ही पहुंची तो शहर समेत पूरे जिले में लोगों के बीच दहशत देखने को मिली। घटना सभी के जुबान पर चर्चा का विषय बनी रही। लोग लगातार दोस्तों और अपनों से फोन पर फायरिंग के पीछे की वजह तलाशते रहे। वहीं 13 अप्रैल को कैंट से 30 किलोमीटर दूर तलवंडी साबो स्थित श्री दमदमा साहिब में बैसाखी के मौके पर लाखों श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। इससे एक दिन पहले हुई इस घटना ने लोगों में सनसनी पैदा कर दी।

**राजनाथ सिंह को दी गई जानकारी**

घटना के बारे में सेना अध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को जानकारी दी। सेना पूरे घटनाक्रम की सभी पहलुओं से जांच कर रही है। बठिंडा छावनी के अधिकारियों ने अभी तक यह पुष्टि नहीं की है कि घटना के पीछे की वजह क्या है?

## राजस्थान को मिली पहली वंदे भारत ट्रेन

**उपहार**

**पीएम मोदी ने राजस्थान को दी पहली और देश की 15वीं वंदे भारत ट्रेन की सौगात**

**पीएम बोले- गहलोत जी राजनीतिक संकट में हैं, फिर भी वे यहां आए**

**जयपुर।** राजस्थान को बुधवार को पहली वंदे भारत ट्रेन मिली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली इस सेमी हाईस्पीड ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। ट्रेन जयपुर से सुबह करीब 11.30 बजे दिल्ली कैंट के लिए रवाना की गई।

इस दौरान मोदी ने 17 मिनट का भाषण दिया। आखिर के दो मिनट में राजस्थान कांग्रेस में चल रही तनातनी का जिक्र किया। हालांकि उन्होंने सचिन पायलट का नाम नहीं लिया। उन्होंने कहा, 'मैं गहलोत जी का विशेष तौर पर आभार व्यक्त करता हूं कि इन दिनों वह राजनीतिक आपाधापी में...अनेक संकटों से गुजर रहे हैं। इसके बाद भी विकास के काम के लिए समय निकाल कर आए। रेलवे कार्यक्रम में हिस्सा लिया।' मोदी ने गहलोत से कहा, 'आपके दोनों हाथ में लड्डू है। रेल मंत्री राजस्थान से हैं और रेलवे बोर्ड के चेयरमैन भी राजस्थान के हैं। जो काम आजादी के तुरंत बाद हो जाने थे, 70 साल बाद उनके लिए आप मुझ पर इतना भरोसा कर रहे हैं, यही मेरी



मित्रता की ताकत है।' जयपुर जंक्शन पर वंदे भारत के उद्घाटन के दौरान बड़ी संख्या में लोग भी पहुंचे। जयपुर जंक्शन पर वंदे भारत के उद्घाटन के दौरान बड़ी संख्या में लोग भी पहुंचे। मोदी के स्पीच की 3 बड़ी बातें, रेलवे के राजनीतिकरण का आरोप लगाया




## नैनी जेल पहुंचाया गया माफिया अतीक अहमद

**तेवर ढीले**

**पेशी आज, बोला-माफियागिरी तो पहले ही खत्म हुई, अब तो बस रगड़ा जा रहा है**

**प्रयागराज।** उमेश पाल मर्डर केस का आरोपी माफिया अतीक अहमद बुधवार शाम 6 बजे प्रयागराज की नैनी जेल पहुंचा। अतीक को उमेश पाल हत्याकांड केस में गुरुवार को सीजेएम कोर्ट में पेश किया जाएगा। अतीक को बैरक नंबर 7 में रखा जाएगा। उसके भाई अशरफ को भी इसी केस में पुलिस बरेली से प्रयागराज ला रही है।

माफिया अतीक अहमद को साबरमती जेल से प्रयागराज ला रही यूपी पुलिस का काफिला बुधवार सुबह 8.30 बजे झांसी पहुंचा था। झांसी पुलिस लाइन में 1 घंटा 21 मिनट रुकने के बाद अतीक को लेकर पुलिस प्रयागराज के लिए निकली। इससे पहले शिवपुरी में पुलिस का काफिला करीब आधा घंटा रुका। अतीक ने यहां मीडिया से कहा, "आपकी वजह से मैं सुरक्षित हूं। मैंने वहां से कोई फोन नहीं किया, वहां पर जैमर लगे हुए हैं। मैंने जेल से कोई साजिश नहीं रची। 6 साल से मैं जेल में हूं। मेरा पूरा परिवार बर्बाद हो चुका है।" वहीं, इससे कुछ घंटे पहले राजस्थान के बूंदी में अतीक ने कहा, मेरा परिवार पूरी तरह से बर्बाद हो गया, मैं जेल में था, मुझे इसके (उमेश पाल हत्याकांड) बारे में क्या पता। कोई सवाल कर रहा था कि माफियागिरी समाप्त हो गई।




## योगी ने टीम-9 संग हालात की समीक्षा की

**कोरोना पर सतर्कता**

**स्थिति काबू में, पर अस्पतालों में मास्क अनिवार्य करने के निर्देश**

**लखनऊ।** कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच सीएम योगी आदित्यनाथ ने कोविड सलाहकार समिति और उच्चस्तरीय टीम-9 के साथ प्रदेश की स्थिति की समीक्षा की और जनहित में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुछ समय से कई राज्यों में कोविड के मामलों में बढ़ाव देखा जा रहा है। इस वक्त देश में 38 हजार से अधिक एक्टिव केस हैं, हालांकि उत्तर प्रदेश में स्थिति नियंत्रण में है। यहां न केवल पॉजिटिविटी दर कम है, बल्कि जो कोविड पॉजिटिव मरीज मिल रहे हैं, उनकी स्थिति भी सामान्य है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, हालात हंगामी नहीं हैं बस एहतियात बरतने की है। उन्होंने कहा कि सावधानी के तौर पर अस्पतालों में मास्क अनिवार्य किया जाए।उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में 1791 एक्टिव केस हैं और अप्रैल माह में अब तक पॉजिटिविटी दर 0.65 प्रतिशत रही है। पिछले अनुभवों को दृष्टिगत रखते हुए यह आवश्यक होगा कि हम हर स्तर पर सतर्क रहें। लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, वाराणसी, आगरा और मेरठ जनपद में विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। कोविड के हर संदिग्ध मरीज को तत्काल चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई जाए। स्थानीय जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित करते हुए सभी जिलों में डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल तत्काल क्रियाशील कर दिया जाए। उत्तर प्रदेश कोविड टीकाकवर से सुरक्षित है। सर्वाधिक टीकाकरण उत्तर प्रदेश में हुआ है।

राज्य स्तरीय कोविड सलाहकार समिति की रिपोर्ट बताती है कि कोविड



को लेकर प्रदेश में किसी बड़े खतरे की आशंका न्यूनतम है, लेकिन हमें कोविड अनुकूल व्यवहार को अपनाना चाहिए। गंभीर रोग से ग्रस्त, वृद्धजन भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में आवागमन से यथासंभव बचने का प्रयास करें। यदि जाना ही है तो मास्क लगाकर ही जाएं। इस संबंध में लोगों को जागरूक किया जाए। पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाए। अस्पतालों के बाहर भी पब्लिक एड्रेस सिस्टम से जागरूकता प्रसार करें। अस्पतालों में मास्क का प्रयोग अनिवार्य रूप से किया जाना चाहिए। प्रदेश में नगर निकाय चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। चुनाव प्रचार और मतदान के बीच संक्रमण प्रसार की आशंका भी है। ऐसे में हर मतदाता की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित हो और वह अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके, इसके लिए मुख्य सचिव स्तर से राज्य निर्वाचन आयोग से संवाद स्थापित करते हुए आवश्यक उपाय किए जाएं। आवश्यकतानुसार मतदान कार्मिकों को कोविड सुरक्षा किट भी उपलब्ध कराई जाए। कोविड से बचाव के लिए उत्तर प्रदेश में सभी जरूरी लॉजिस्टिक उपलब्ध हैं। विगत वर्ष स्थापित सभी ऑक्सीजन प्लांट क्रियाशील हों। अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों को उपलब्ध कराए गए वेंटिलेटर एक्टिव हों। पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती हो। जहां वेंटिलेटर हो वहां एनेस्थेटिक की तैनाती जरूर की जाए। प्रदेशव्यापी मॉक ड्रिल में जहां भी जिस भी तरह की कमी पाई गई हो, उसे तत्काल ठीक किया जाए। सभी 75 जनपदों में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम हों। इंटीग्रेटेड कोविड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर को तत्काल एक्टिव करें।

## दिल्ली में एकजुट हुई विपक्षी एकता

### खड़गे के घर पर राहुल गांधी से मिले नीतीश और तेजस्वी

**एकता की पहल**

**सीएम नीतीश बोले-ज्यादा से ज्यादा पार्टियों को एकजुट करना है**

**राहुल बोले- देश पर आक्रमण के खिलाफ लड़ेंगे**

**नई दिल्ली।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव बुधवार को दिल्ली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मिले। यह मुलाकात कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के घर पर हुई। मुलाकात के बाद नीतीश और राहुल ने मीडिया से बातचीत की। नीतीश कुमार ने कहा कि हमारी विपक्षी एकता पर बात हुई है। ज्यादा से ज्यादा पार्टियों को एक साथ लाने की कोशिश है। हमारी सकारात्मक बातचीत हुई है। राहुल गांधी ने कहा कि नीतीश जी की पहल बहुत अच्छी है। अपोजिशन को एक करने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। देश पर आक्रमण के खिलाफ लड़ेंगे। बैठक के बाद गांधी ने इस मुलाकात को ऐतिहासिक बताया और कहा कि विपक्षी दलों के साथ एकता की तरफ बढ़ने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पूछने पर कि किस रणनीति के साथ विपक्षी दल एकजुट होकर आगे बढ़ेंगे तो गांधी ने कहा कि विपक्षी दल एक साथ और एकजुटता के साथ खड़े होंगे और आगे बढना शुरू करेंगे तो स्वतः तय हो जाएगा कि गठबंधन की मजबूती के लिए किस तरह से काम करना है। उन्होंने कहा कि जब सभी दलों के नेता एक साथ मिलकर बैठेंगे और एकजुटता के साथ आगे बढ़ेंगे तो ये



विचार स्वतः आना शुरू हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल देश के लिए एकजुट हो रहे हैं और मिलकर देश की समस्याओं का समाधान करेंगे। इस बीच सूत्रों का कहना है कि इस महीने के आखिर तक विपक्षी दलों के नेताओं की एक बैठक हो सकती है जिसमें विपक्षी एकता को एकजुट करने का मिलकर प्रयास किया जाएगा। खड़गे ने कहा संविधान सुरक्षित रखेंगे और लोकतंत्र बचाएंगे। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में मल्लिकार्जुन खड़गे, बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और कांग्रेस बिहार अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह मौजूद रहे। 2024 आम चुनाव से पहले हो रही इस मुलाकात के बाद कहा जा रहा है कि नीतीश कुमार यूपीए के संयोजक बनाए जा सकते हैं।नीतीश तीन दिन के दिल्ली दौरे पर हैं। नीतीश कुमार ने मंगलवार को दिल्ली में ही मीसा भारती के घर पर लालू यादव से भी मुलाकात की थी।

नीतीश आज तेजस्वी यादव और राजश्री के घर भी पहुंचे। उन्होंने लालू की पोती कात्यायनी को गोद में लिया।

इन नेताओं की मुलाकात देश की राजनीति के लिए अहम मानी जा रही है। बताया जा रहा है कि आज विपक्षी एकता को लेकर कोई कदम उठाया जा सकता है। नीतीश कुमार पहले से भी विपक्षी एकता के समर्थक रहे हैं। वे पहले भी कांग्रेस को साथ लेकर चलने की बात कहते रहे हैं।

## सपा विधायक इरफान सोलंकी की बेगम का मेयर चुनाव लड़ने से इनकार

**कानपुर।** महराजगंज जेल में बंद विधायक इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी ने मेयर का चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया। उन्हें लड़ाने का निर्णय खुद सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव का था। बुधवार को नसीम सोलंकी को लखनऊ सपा कार्यालय बुलाया गया था। पारिवारिक हालात का हवाला देते हुए विधायक सोलंकी की पत्नी ने बड़ी विनम्रता से चुनाव लड़ने की पेशकश को ठुकराते हुए अखिलेश का शुक्रिया अदा किया। नसीम सोलंकी ने अपने शौहर के निर्वाचन क्षेत्र सीसामऊ के 14 वार्डों के उन संभावित प्रत्याशियों के नाम पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव को सौंप दिए जिन्हें कह इरफान ने जेल में बैठकर फाइनल किया था। नसीम सोलकी ने बताया कि अखिलेश यादव से पार्टी मुख्यालय लखनऊ में मुलाकात हुई। उन्होंने अखिलेश यादव से मिलकर चुनाव लड़ने से मना कर दिया।

## 'आप' का ईडी पर आरोप

**कर रही पिटाई**

**ईडी अफसरों की पिटाई से कान के पर्दे फटेः संजय सिंह बोले-थर्ड डिग्री टॉर्चर कर बयान लिखवा रही एजेंसी**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बुधवार को कहा कि ईडी के अफसर थर्ड डिग्री टॉर्चर कर लोगों से जबरन बयान लिखवा रहे हैं। ईडी ने चंदन रेड्डी नाम के व्यक्ति को इतना पीटा कि उनके कान के पर्दे फाड़ दिए। संजय ने रेड्डी की मेडिकल रिपोर्ट भी दिखाई। चंदन रेड्डी ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई है। इसमें लिखा है कि ईडी के अफसरों ने मुझसे उन कागजातों पर दस्तखत कराया, जिनकी जानकारी मुझे नहीं थी, जो फैक्ट मुझे पता नहीं थे। दस्तखत न करने पर इतना मारा कि मेरे कान के पर्दे फट गए। चंदन रेड्डी ने अपनी याचिका



में बताया- वहां कुछ ऐसे लोग थे जो ईडी अधिकारी नहीं थे और उन्होंने मारपीट की। संजय सिंह ने सवाल किया कि वो कौन से गुंडे हैं, जो ईडी ऑफिस में मारपीट कर जबरन बयान लिखवाते हैं। इसका खुलासा होना चाहिए। संजय सिंह ने कहा- ईडी अब इन्फोर्समेंट डिक्टेटरशिप बन गई है। ईडी दबाव बनाकर, थर्ड डिग्री टॉर्चर कर झूठे बयान लिखवा रही है। चंदन रेड्डी के अलावा ईडी ने अरुण पिल्लई, समीर महेंद्रू, भूषण बेलगावी, मनासामी प्रभूने, राघव रेड्डी को भी प्रताड़ित किया है। इन्होंने भी कोर्ट में यह कहा कि हमें और हमारे परिवार को प्रताड़ित कर बयान लिए गए और लिखवाए गए।

# धारदार हथियार से युवक की हत्या, मचा हड़कंप

## सूचना के बाद मौके पर डीसीपी गंगानगर, एसीपी थरवई सहित भारी संख्या में पुलिस फोर्स रही मौजूद

**थरवई।** बुधवार को थाना क्षेत्र थरवई के पैगंबरपुर चौराहे के पास कमरे में 25 वर्षीय युवक का शव पाया गया। बताया जा रहा है की युवक राहुल कुमार पुत्र मूलचंद्र निवासी ग्राम पैगंबरपुर थाना थरवई की चौराहे के पास उनके कमरे में राहुल कुमार का शव पाया गया। सूत्रों द्वारा जानकारी के अनुसार कमरे में एक अजीब प्रकार की दुर्गन्ध आ रही थी तभी इसकी सूचना पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही मौके पर प्रभारी निरीक्षक लोकेन्द्र त्रिपाठी व थाना फाफामऊ थानाध्यक्ष आशीष सहित पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे देखा गया की कमरे से बहुत तेज दुर्गन्ध आ रही थी। पुलिस ने बताया की युवक के शरीर पर कई जगह गंभीर चोटें हैं इसकी हत्या एक - दो दिन पूर्व होने का पता चल रहा है जिससे यह स्थिति हुई है कमरे का शटर नीचे गिरा था। युवक के पास से मोबाइल फोन भी पाया गया जिसमें पुलिस द्वारा मोबाइल नंबर के माध्यम से भी जानकारी की जा रही। वहीं फॉरेनसिक टीम भी मौजूद डॉग स्क्वायड के साथ पहुँचकर जाँच पड़ताल की गईं। तभी कुछ ही समय में मौके पर सहायक पुलिस आयुक्त थरवई जंग बहादुर यादव भी मौजूद रहे व डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती पहुंचकर जाँच पड़ताल में जुटे रहे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया। पुलिस ने बताया की पीएम रिपोर्ट आते ही अग्रिम कार्यवाही भी करते हुए हत्यारोपियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जायगी। बताया जा रहा की मृतक राहुल यादव प्रयागराज के फेमस डॉक्टर कार्तिकेय शर्मा के यहाँ करता है। व उनके पिता मूलचंद भी आनन्द हॉस्पिटल में कार्य करते हैं। मृतक राहुल दो भाइयों में बड़ा था। छोटा भाई शिवान 16 वर्ष तीन बहने भी हैं बड़ी नीलू, सीलू, मानसू 12वीं कक्षा में अध्ययनरत है। घटना की सूचना जैसे ही घरवालों को हुई सभी का रो रो कर बुरा हाल रहा। खबर लिखे जाने तक हत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है जिसमें पुलिस द्वारा मामले की जाँच पड़ताल गहनता के साथ की जा रही है ।



हत्या की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस



मृतक की फाइल फोटो

### सहायक अध्यापक ने लगाई फांसी, मौत



**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के जलालपुर कस्बा निवासी चंद्रशेखर उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र महेंद्र कुमार बिन्द जो बहादुरपुर ब्लाक के गोतवा गांव के प्राथमिक विद्यालय मे सहायक अध्यापक थे। सहायक अध्यापक के पिता ने बताया की बुधवार की सुबह 6:30 बजे चंद्रशेखर सो के नहीं उठे तो दरवाजा को खटखटाया गया। कई बार प्रयास के बाद दरवाजा नहीं खुला तो दरवाजा को तोड़ा गया। तो देखा गया की सहायक अध्यापक चंद्रशेखर कमरे मे लगे पंखे मे रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त ली। यह देख घर वाले दहाड़ मार कर रोने लगे।वहीं मृतक चंद्रशेखर की शादी 2021मे तारडीह थाना थरवाई मे हुई थी।जानकरी के मुताबिक मृतक चंद्रशेखर की शादी मई 2021 मे हुई थी वहीं शादी के बाद पत्नी को नवंबर 2022 को प्रसव पीड़ा हुआ था। लेकिन प्रसव पीड़ा के दौरान पत्नी की मौत हो गयी थी। पत्नी की मौत हो जाने से मृतक चंद्रशेखर के ससुराल वाले ने मायके पक्ष वालों के ऊपर आरोप लगाए थे।मामले को लेकर दोनों पक्षों मे सुलह भी हुआ था।वहीं मृतक चंद्रशेखर के पिता ने बताया की हमारे बेटे के ससुराल वालो द्वारा परेशान किया जा रहा था।जिससे हमारा बेटा फांसी लागकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक दो भाई दो बहनों मे बड़ा था। भाई बहन माता पिता परिवार वालों का रो रोकर बुरा हाल है। सुचना पाकर पहुंची उतरांव पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर आवश्यक कार्रवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच पड़ताल मे जुट गई।

## संक्षेप

### मऊआइमा पुलिस ने गांजा, तमंचा कारतूस के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**मऊआइमा।** निकाय चुनाव के मद्देनजर नगर पंचायत मऊआइमा सहित आस पास क्षेत्रों की पुलिस की चेकिंग अभियान सख्त हो गई है। मऊआइमा पुलिस ने दो बदमाशों को तमंचा, गांजा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मऊआइमा थाने के तेजतर्रार सब इंस्पेक्टर संजय मौर्य, अनुप वर्मा, कांस्टेबल मंजीत सिंह, दिनेश यादव कस्बे में गश्त पर थे। जब पुलिस टीम ग्राम अलीवृसिंपुर स्थित पक्का तालाब के पास पहुंची तो एक बाइक पर दो संदिग्ध युवक पुलिस को देख कर बाइक छोड कर भागने लगे। जिन्हें दौडा कर पकड लिया गया। एक ने अपना नाम उदयनाथ पुत्र दूधनाथ ग्राम सत्ती कहली बताया जामातलाशी में एक किलों तीन सौ ग्राम गांजा झोले से बरामद हुआ। दूसरे ने अपना नाम मोहम्मद कासिम पुत्र स्वर्गीय अब्दुल हमीद ग्राम तेजपुर बताया। जामातलाशी में उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा एक जीवित कारतूस बरामद कर लिया। दोनों आरोपियों ने बाइक के बारे में कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। पुलिस ने बाइक को सीज कर उदयनाथ और मोहम्मद कासिम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# अपनी गाढ़ी कमाई में से ढाई प्रतिशत जकात निकलना अनिवार्य : मौलाना वसीम मुजाहिरी

**मऊआइमा।** अपनी गाढी कमाई में से जिनके पास धन हो वह गरीबों, असहायों, मजलूमों, विधवाओं, बेसहारा आदि को कमाई में से ढाई प्रतिशत जकात देना हर मुस्लिम पर फर्ज है। जो नहीं देता उसके माल की अल्लाह सुरक्षा नहीं करता है न ही कमाई बढती है। घाटा होना तय है।

उक्त बातें मौलाना वसीम मुजाहिरी ने रायल पैलेस, रईस टूर एंड ट्रेवेल्स ,आशिम टेक्स्टाईल द्वारा आयोजित बैरहना चौराहे पर सामूहिक इफ्तार पार्टी में कही। मौलाना ने कहा कि रोजा हर मुस्लिम मर्द औरतों पर फर्ज है।उधर।इफ्तार कराना सवाब का काम है।मौलाना ने मुल्क में अमन चैन के लिए दुआएं भी करवाई।बाद इफ्तार के बाद मौलाना ने नमाज पढाई। इफ्तार पार्टी में रईस, आशिम, जिया उद्दीन, रफी उल्ला, शफी उल्ला, पूर्व चेयमैन शोएब अंसारी ,नूर उद्दीन सैफी, डाक्टर नदीम, जिला पंचायत सदस्य कमरूल हसन पूर्व प्रधान बचाऊ,जमालुरशीद उर्फ काजू, अब्दुल रशीद, मोहम्मद स्वालेह, बेलाल आदि बडी संख्या में रोजेदारों ने हिस्सा लिया है।



सामूहिक इफ्तार पार्टी में शामिल रोजेदार

### मोटरसाइकिल की टक्कर से अधेड़ घायल मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मोटरसाइकिल सवार ने एक अधेड़ को टक्कर मार दी।जिस की हालत नाजुक होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के सुलतानपुर खास निवासी राजेन्द्र कुमार पटेल पैदल थाना चौराहे से घर जा रहे थे। तभी एक बुलेट सवार ने टक्कर मार दी। जिस से राजेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए।जिन्हें शहर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल राजेन्द्र कुमार के पुत्र ज्ञानचन्द्र पटेल ने थाने में तहरीर दे कर अज्ञात बुलेट चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### माफिया अतीक अहमद के करीबियो के यहां ईडी की रेड

**प्रयागराज।** लखनऊ और प्रयागराज की ईडी की संयुक्त टीम ने बुधवार तड़के अतीक अहमद के 6 करीबियों के यहां छापामारी शुरू की। सुबह से लेकर दोपहर तक छानबीन जारी रही। इस ऑपरेशन में ईडी को लाखों रुपये और गहने मिलने की सूचना है । अतीक अहमद की करोड़ों की बेनामी संपत्तियों के बारे में जानकारी मिली है अतीक अहमद के खिलाफ ईडी ने मनी लांड्रिंग का केस दर्ज किया है। अतीक के करीबी बिल्डर, वकील, मुंशी समेत अन्य के घरों में बुधवार तड़के ईडी की टीम पहुंची। अतीक अहमद के सबसे करीबी कालीन्दीपुरम और लूकरगंज में खजांची रहे सीताराम शुक्ला के घर पर छापामारी की। इसके अलावा प्रयागराज शहर के सबसे बड़े बिल्डर संजीव अग्रवाल के कार्यालय एवम ऑफिस में छापामारी करके लाखों रुपये बरामद किया। इसके अतिरिक्त पूर्व विधायक आसिफ जाफरी अतीक के रिशतेदार खालिद जफर खान सौलत हनीफ गुलफुल प्रधान के इडी ने छापा मारी ।इडी ने आरोपियों के घरों पर पैरामिलिट्री के जवान तैनात किए हैं। इस मामले में स्थानीय पुलिस को भी सूचना नहीं दी गई है। यह कार्यवाही देर रात्रि तक चलने की उम्मीद है।

# अदेय प्रमाणपत्र के लिए उमड़ रही भारी भीड़

**नगर पंचायत शंकरगढ़ में दो दिन में तीन दर्जन लोगों ने मांगा अदेय प्रमाणपत्र**

**चेयरमैन और सभासद पद का टिकट पाने के लिए भाजपा और सपा के दावेदारों की लगी कतार**

**बारा।** नगरीय निकाय चुनाव की सरगर्मी सिर चढ़कर बोल रही है। पिछले दो दिन से धूप भी तीखी होने लगी है। दिन में चलने वाली हवाएं बदन को चुभने लगी हैं। दिन-प्रतिदिन गर्म होते माहौल में चुनावी पारा भी गर्म होने लगा है। नगर पंचायत कार्यालय शंकरगढ़ में भी सुबह होते ही लोगों की भीड़ लगना शुरू हो जाती है और सांझ ढलने तक लोगों का आना और जाना लगा रहता है।

राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निकाय चुनाव को दो फेज में करवाने की घोषणा की है, जिसमें प्रयागराज में प्रथम चरण में चुनाव होना है। यहां पर 11 अप्रैल से नामांकन पत्रों की बिक्री और नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 11 और 12 अप्रैल के दौरान नपं शंकरगढ़ में चेयरमैन पद के लिए करीब एक दर्जन और सभासद पद के दो दर्जन से अधिक लोगों ने नो ड्यूज के लिए आवेदन किया है।

अदेय प्रमाणपत्र पाने के लिए नगर पंचायत शंकरगढ़ के कार्यालय में दिनभर लोगों की कतार लग रही है। तमाम लोग यह जानने भी आ रहे हैं कि नामांकन में किन-किन दस्तावेजों का प्रयोग किया जाएगा। नगर पंचायत कार्यालय की तरफ से नोड्यूज के लिए मनीष केसरवानी, दीपू शुक्ल, सूरज केसरवानी, विनोद कुमार, कौशल कुमार, मोहम्मद गुलशेर अहमद आदि को लगाया गया है।

दूसरी तरफ यहां से टिकट के लिए भी मारामारी चल रही है। चेयरमैन की सीट के लिए लगभग दर्जनभर दावेदारों के नाम सामने आ रहे हैं, जबकि दर्जनभर सभासद की सीटों के लिए भी मारामारी की नौबत है। सभासद की प्रत्येक सीट के लिए कहीं आधा दर्जन तो कहीं दर्जनभर लोगों का नाम हवा में तैर रहा है। इसके अलावा टिकट पाने के लिए तमाम दावेदार अपने राजनैतिक व सामाजिक जीवन का बायोडाटा लेकर भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी के खेमे में चक्कर लगा रहे हैं। नपं शंकरगढ़ में चेयरमैन का पद अनुसूचित जाति महिला के लिए रिजर्व है। हालांकि अभी तक किसी भी पार्टी ने अपना पत्ता नहीं खोला है, लेकिन दावेदार अपने-अपने आकाओं की चौखट पर डेरा जमाए हुए हैं।



अदेय प्रमाण पत्र के लिए उमड़ी भीड़

# मधुमक्खियों के हमले से दर्जनों घायल असपयाल में भर्ती

**मक्खियों के छत्ते में किसी ने ईट मार दी, मक्खियों ने पंयायत में शामिल ग्रामीणों और राहगिरों को दौड़ा दौड़ा कर काट लिए**

**मक्खियों के दंश से कई बेहोश अन्य अस्पताल में भर्ती**

**मऊआइमा।** दंपत्ति की चल रही पंचायत के दौरान किसी शरारती तत्व ने मधुमक्खियों के छत्ते में ईट चला दी। जिससे पंचायत में शामिल दर्जनों लोग बेहोश होकर गिर पडे।यही नहीं कई अस्पताल में भर्ती हो गए हैं।उक्त घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के अलीवृसिंपुर स्थित पक्का तालाब के पेड के नीचे दोपहर में ग्राम गुलकाईपुर निवासी सोनू सरोज और ग्राम पिलखुआं निवासनीय एक महिला का दंपती विवाद को लेकर पंचायत चल रही थी। बताते हैं कि किसी शरारती तत्व ने पेड में लगे मधुमक्खियों के छत्ते में ईट मार दी। जिससे पंचायत तो नहीं हो सकी अलबत्ता मक्खियों ने दौडा दौडा कर काटने से कई बेहोश होकर अस्पताल पहुंच गए तथा राहगिरों को मक्खियों को दौडा दौडा कर काट लेने से वह डाक्टरों से उपचार करा रहे हैं। जबकि बेहोशों के प्राइवेट अस्पताल में उपचार चल रहा है। बताया गया है कि जिन लोगों को को मक्खियों ने काटा बबलू, राहुल ,रमेश, छोटेलाल, लहुरी बाबा, लडडन बाबा, रामू के अलावा राहगिर बेलहा देवी, लक्ष्मी देवी, सीता, पूनम आदि सहित दर्जनों लोग मधुमक्खियों के काटने से जख्मी हुए हैं। जिनका चेहरा ,शरीर आदि सूज गया है। बताते हैं कि जब तक मधुमक्खियों का आरा नहीं निकलेगा। जख्मियों को आराम नहीं मिलेगा।

# आर0के0 कॉलेज में छात्र-छात्राओं को संचार के फायदे की जानकारी दी गई



कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राएं

**नैनी।** बुधवार को आर0के0 कॉलेज ऑफ फॉमेर्सी नैनी, प्रयागराज में विशाल कुमार को-फाउन्डर यू0आर0 हेल्थ एकेडमिक एवं उद्धव श्रीवास्तव एम0डी0 एवं फाउन्डर ऑफ स्वास्थशाला एकेडमी के द्वारा फॉमेर्सी के छात्र-छात्राओं को संचार के फायदे और साथ ही कौशल विकास को कैसे बढ़ाया जा सकता है। इस बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी और सुझाव दिये साथ ही विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उक्त कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक इं. आशीष त्रिपाठी,फामेर्सी प्राचार्य डॉ0 सी0एस0 सिंह, विधि प्राचार्य डॉ0 मोहम्मद जफर, दिलीप कुमार, सुरेन्द्र सिंह, सैन कुमार, सत्येन्द्र मिश्रा, शुभम मिश्रा, हर्षिता श्रीवास्तव, नेहा मिश्रा, उपेन्द्र शुक्ला, अमन कुशवाहा, प्रदीप तिवारी एवं समस्त फॉमेर्सी शिक्षक उपस्थित रहे।

### लालापुर पुलिस द्वारा 02 वारंटी गिरफ्तार

**लालापुर।** अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना लालापुर पुलिस द्वारा बुधवार को न्यायालय ए.डी0.जे.-08 इलाहाबाद के द्वारा निर्गत 02 वारंटी 1. सूरजराय पुत्र दुर्गाप्रसाद उम्र 37 वर्ष 2. अम्बिका प्रसाद हरिजन पुत्र दुर्गाप्रसाद उम्र 40 वर्ष निवासी गण ग्राम छतहरा घुरेहठा, थाना लालापुर प्रयागराज को थाना लालापुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम छतहरा घुरेहठा से गिरफ्तार कियाग गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।बता दें कि लालापुर थानाध्यक्ष शेर सिंह यादव के नेतृत्व में लालापुर क्षेत्र में लगातार वाहन चेकिंग, पैदल गस्त, किया जा रहा है।क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है।

# ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के दयाराम पटेल अध्यक्ष और प्रतीक्षा मौर्या बनी मंत्री



ग्राम पंचायत अधिकारी संघ बहरिया के नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण

**बहरिया।** विकास खंड बहरिया मुख्यालय पर बुधवार को ग्राम पंचायत अधिकारी संघ बहरिया का चुनाव करवाया गया। जिसमें संघ के सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित किये गए। इस दौरान ग्राम पंचायत अधिकारियों ने सत्येंद्र सिंह को जिला प्रतिनिधि, दयाराम पटेल को अध्यक्ष, मिथलेश कुमार को उपाध्यक्ष, प्रतीक्षा मौर्या को मंत्री, रवि मौर्य को कोषाध्यक्ष, अफरोज अख्तर अंसारी को उपमंत्री, जया कुशवाहा को आडिटर और विकास कुमार को निर्विरोध मीडिया प्रभारी के तौर पर चुना। मीडिया से वार्ता के दौरान ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष दयाराम पटेल ने कहा कि ग्राम पंचायत अधिकारियों के हितों के लिए हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा। दयाराम पटेल ने कहा कि ग्राम पंचायत अधिकारियों ने संगठन की जो जिम्मेदारी दी है उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। इस मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी प्रीती यादव, मंजू पटेल, दीपेंद्र गुप्ता, वीरेंद्र प्रकाश, रवींद्र प्रताप सिंह, ग्राम प्रधान मैलहा भुवर लाल यादव, जीतलाल यादव, फत्तन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पॉवर प्लांट में पूजे गए बजरंगबली भंडारे में उमड़ी भीड़

**प्लांट के अनवरत संचालन के लिए किया गया हवन-पूजन**

**बारा।** प्रयागराज पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड बारा पॉवर प्लांट परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में बजरंगबली की पूरे विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई। पूजा-अर्चना के उपरांत विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

प्रयागराज पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड़ में इस पूजापाठ का आयोजन सर्वजन कल्याणार्थ और प्लांट के अनवरत, निर्बाध रूप से संचालन के लिए किया गया था। परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में महावीर भगवान की विधि-विधान से पूजन अर्चना की गई। इसके बाद भजन-कीर्तन में लोगों ने बजरंगबली की आराधना करते हुए आरती उतारी। इस आयोजन में कंपनी के हेड इंस्ट्रूमेंटेशन टाटा पावर पीयूष पटेल के साथ प्लांट के तमाम अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। अंत में विशाल भंडारे के आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन में प्रमुख रूप से विक्रम, संदीप, राजेश, अभिलाष, अनिल, संदीप मिश्र, सत्यजीत, अनुज, आशुतोष, अभिनव, विभोर, राजेंद्र, रवि, ललित आदि का सराहनीय योगदान रहा। इस मौके पर कंपनी हेड पीयूष पटेल ने बताया कि आगामी वर्ष में इससे भी वृहद और भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन में सहयोग के लिए उन्होंने सभी का आभार जताया।



# महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह का किया आयोजन

**खीरी।** क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले फाउंडेशन कौशाम्बी द्वारा संचालित निः शुल्क कोचिंग सेंटर पर महान समाज सुधारक राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा राव फुले जी की जन्म जयंती उनकी छाया चित्र पर पुष्प अर्पित करके अध्यापक, अध्यापिकाओं व बच्चों संग मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों को आईकार्ड तथा कापी, पेन का वितरण भी किया गया। बच्चों में शिक्षा के साथ साथ बहुजन समाज में जन्में महापुरुषों की जानकारी के प्रति ललक साफ तौर पर दिखलाई पड़ी। संस्था के संस्थापक सदस्य व मौजूद अतिथिजनों ने निः शुल्क कोचिंग क्लास देने में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए शिक्षक शिक्षिकाओं का तहे दिल से आभार प्रकट किया गया। जो इस मिशन में मिलकर बच्चों को निः स्वार्थ भाव से बेहतर शिक्षा देने का कार्य कर रहे हैं। संस्था के संस्थापक सदस्य दीपक सिंह मौर्य का विशेष प्रकार से आभार प्रकट किया। दीपक जी के नेतृव में निः शुल्क कोचिंग क्लास का संचालन किया जा रहा है। मौजूद रहे संस्था के संस्थापक अनिल कुशवाहा व संस्थापक सदस्य शिवभवन कुशवाहा, निशान मौर्य,माधुरी मौर्य, ज्ञान सिंह कुशवाहा, ग्राम प्रधान मुन्ना कुमार, इंद्र लाल केसरवानी, रामू कुमार, अरुण यादव ,राजगृह सिंह, कमलेश पटेल, बब्लू यादव, अक्षय बर सिंह, अजीत यादव ,रितेश मौर्य, योगेंद्र गुप्ता ,बबलू कुमार, कल्लू पटेल, मिथिलेश कुमार, रंजीत यादव, कल्लू दिवाकर, मोनी यादव, खुशी कुशवाहा ,आरती कुशवाहा आदि बहुत से लोग उपस्थित रहे।

साथ में फाउंडेशन के तरफ से निशुल्क शिक्षा देने वाले शिक्षक एवं शिक्षिकाएं गुड्डू सिंह अरविंद यादव सुदीप त्यागी मोहित विश्वकर्मा सतीश दिवाकर पूजा सेन सुलेखा कुशवाहा साधना गुप्ता कांति कुशवाहा साधना कुशवाहा अंजलि विश्वकर्मा उपस्थित रहे।



जयंती कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक व बच्चे



# प्रयागराज



## मौसम

अधिकतम : 33.00
न्यूनतम : 20.00
सूर्योदय : 06.03
सूर्यास्त : 06.15

## हादसे में मृत साथी को छोड़कर भागने वाले को कड़ी शर्तों पर मिली जमानत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दुर्घटना में घायल साथी को छोडकर भाग जाने वाले शक्ति सिंह की सशर्त जमानत मंजूर कर ली है। कोर्ट ने शर्त लगाई है कि जमानत पर छूटने के बाद याची नई दिल्ली के थाना हौज खास में 26 अप्रैल 23 को रिपोर्ट करेगा। एसएचओ हौज खास याची को एक मई से 16 मई तक 15 दिन एम्स के प्रथम द्वार पर दो घंटे नौ से 11 बजे सुबह हेलमेट पहने, सुरक्षित ड्राइव करें, कार्ड लेकर लेकर तैनात रहेगा।रविवार को अवकाश रहेगा। शेष दिन याची बिना हेलमेट आने वाले 15 लोगों को हेलमेट देगा और 12 मई 15 को मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना की 25 प्रति वितरित करेगा। कोर्ट ने एसएचओ हौज खास से अनुपालन रिपोर्ट मांगी है। इसके लिए अर्जी 23 मई को पेश करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने अधीनस्थ अदालत को ट्रायल छह माह में पूरा करने का भी निर्देश दिया है।यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने शक्ति सिंह की अर्जी को स्वीकार करते हुए दिया है। कोर्ट ने अन्य शर्तें भी लगाई है जिनका पालन न करने पर जमानत निरस्त करने की छूट दी है। याची दो मोटर साइकिल पर सवार हो चार दोस्त दिल्ली से हरिद्वार जा रहे थे। रास्ते में दुर्घटना हुई। गंभीर रूप से घायल एक साथी को मरणासन्न स्थिति में छोड़कर तीनों दोस्त भाग गये। पुलिस व परिवार को सूचना नहीं दी।सह अभियुक्तों की जमानत पहले हो चुकी है। आरोप है कि दोस्त की लाश फेंक कर तीनों भाग गए, जबकि याची का कहना था कि वे इलाज नहीं करा सकते थे। इसलिए भाग गए। एफआईआर मुजफ्फरनगर के पुरकाजी थाने में दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर दी है। कोर्ट ने कहा दोस्त को छोडकर भाग गए। धारा 304 में सजा मिल सकती है। मार डालने का दुराशय नहीं है और जमानत मंजूर कर ली।

# इविवि में छात्रों ने मुख्यमंत्री का पुतला फूंका

## बलिया में छात्र नेता की हत्या पर छात्रों में दिखा रोष, किया विरोध प्रदर्शन

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रसंघ भवन पर आंदोलनकारी छात्रों ने योगी सरकार का पुतला फूंका और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बता दें कि बीते दिन बलिया के सतीश चंद्र महाविद्यालय के छात्र नेता हेमंत यादव के ऊपर लाठी डंडों से कुछ छात्रों ने हमला कर दिया था। जिसका इलाज के दौरान कल मौत हो गया था।उसी को लेकर इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र संघ भवन पर छात्रों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ का पुतला फूंका और कानून व्यवस्था ध्वस्त है, योगी सरकार मस्त है जैसे सरकार विरोधी नारे भी लगाए।

**योगी सरकार अपने नीति पर बिल्कुल नाकाम है**

वहीं छात्र नेता हरेंद्र यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सरकार सो रही है और गुंडागर्दी करने वाले माफिया खुले आम घूम रहे हैं। आगे कहा कि कल जिस तरह से बलिया के सतीश चंद्र महाविद्यालय के एक छात्र को लाठी-डंडे से पीटकर उसकी आंख फोड़ दी जाती है, उसके सर पर लाठी डंडे से मार मार कर उसकी हत्या कर दी जाती है। सरकार बताती है कि हम जीरो टॉलरेंस पर काम कर रहे हैं, लेकिन योगी सरकार अपने नीति पर बिल्कुल नाकाम है। आगे कहा कि गुंडे माफिया बेखौफ घूम रहे हैं और यह सरकार पता नहीं किस नशे में मदमस्त होकर के नींद में सो रही है।



सीएम का पुतला फूंकते छात्र

**विधानसभा का घेराव करने का काम करेंगे**

वहीं दूसरे आंदोलनकारी छात्र नेता राहुल पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में लोकतंत्र और संविधान खतरे में चल रहा है। योगी सरकार कहती हैं कि हम जीरो टॉलरेंस पर काम करते हैं, लेकिन बलिया में जिस तरह से घटना घटित हुई है एक छात्र को पीट-पीटकर हत्या कर दी गई है। वह यह दर्शाती है कि सरकार कानून व्यवस्था में पूरी तरह फेल है।

**बलिया की घटना अत्यन्त दुखदायी**

उन्होंने आगे कहा जिस तरह बलिया में घटना हुआ वह बहुत ही दुखद और निंदनीय है, उसी को लेकर आज हम लोग इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र संघ भवन पर योगी जी का पुतला फूंका है। यह संदेश दिया कि आने वाले दिनों पर यदि छात्र नेताओं पर ऐसे हमले होते रहेंगे, छात्र नेताओं की हत्या होती रहेगी, तो सारे प्रदेश के छात्र नेता और छात्र संघ के पदाधिकारी मिलकर विधानसभा का घेराव करने का काम करेंगे। योगी सरकार से सवाल जवाब का काम करेंगे।

## प्रयागराज के अपूर्व ने जर्मनी में नेशनल चैंपियनशिप में मारी बाजी

**खुशी**

**बैडमिंटन की प्रतियोगिता में जीते कई मेडल, गवर्नर ने किया सम्मानित**

**पिता है क्रिकेटर तो माता है शिक्षाविद्**



**प्रयागराज।** प्रयागराज के अपूर्व मिश्रा ने जर्मनी में हुई नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप में कई पदक जीतकर प्रयागराज का नाम रोशन किया है। जर्मनी के गवर्नर कलोल मोनू ने अपूर्व मिश्रा को मेडल प्रदान कर सम्मानित करते हुए बधाई दिया है। अपूर्व मिश्रा प्रयागराज के चौफटका स्थित अंबेडकर विहार कॉलोनी के वरिष्ठ समाजसेवी और क्रिकेटर राजीव कुमार मिश्रा के बेटे है। अपूर्व मेडिसिन विश्वविद्यालय प्लेवेन, जर्मनी में एमबीबीएस के चतुर्थ वर्ष के छात्र हैं । उनकी शिक्षा - दीक्षा इंटरमीडिएट तक इलाहाबाद पब्लिक स्कूल चौफटका से हुई है। अपूर्व मिश्रा का बचपन से क्रिकेट और बैडमिंटन के प्रति बहुत ज्यादा लगाव था। वह मेजर रंजीत सिंह स्पोर्टस कांप्लेक्स एमजी मार्ग में प्रशिक्षण प्राप्त किया था। उनके मुख्य कोच सलिल श्रीवास्तव थे। अपूर्व मिश्रा ने स्टेट चैंपियनशिप, जूनियर नेशनल एवं वाराणसी में सीबीएसई की क्लास्टर प्रतियोगिता में रनर थे। अपूर्व मिश्रा इस समय जर्मनी के मेडिसिन आफ प्लेवेन विश्वविद्यालय से एमबीबीएस चतुर्थ वर्ष के छात्र है। जर्मनी के प्लेवेन विवि में सात अप्रैल से नौ अप्रैल तक

बैडमिंटन नेशनल चैंपियनशिप प्रतियोगिता हुई थी जिसमें अपूर्व मिश्रा ने एकल मुकाबले में नेशनल चैंपियनशिप में बाजी मारी और उनको कई मेडल मिले । अपूर्व की मा वरिष्ठ शिक्षाविद श्रीमती अमिता मिश्रा है जो एम आर एस पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्या है। उनको भी शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए केंद्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी, केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल, किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी जी महराज, उप्र किन्नर वेलफेयर बोर्ड की वरिष्ठ सदस्य एवं किन्नर अखाड़ा की प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि महराज, प्रयागराज के पूर्व कमिश्नर डा आशीष कुमार गोयल, मेलाधिकारी कुंभ विजय किरन आनंद, प्रयागराज के पूर्व डीएम भानुचंद्र गोस्वामी, पूर्व निदेशक संजय सिन्हा, अपर शिक्षा निदेशक बेसिक अनिल भूषण चतुवेर्दी, राज्य शिक्षा संस्थान के प्राचार्य नवल किशोर, डायट प्राचार्य राजेंद्र प्रताप, प्रयागराज के बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी सहित अन्य शिक्षाधिकारियों एवं कई सामाजिक संगठनों ने सम्मानित किया है। अपूर्व मिश्रा को मेडल जीतने पर यूबी के सचिव दिव्यकांत शुक्ला, यूपी बोर्ड के प्रयागराज क्षेत्रीय कार्यालय की अपर सचिव श्रीमती विभा मिश्रा, डायट प्राचार्य विनय कुमार गिल, उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के संरक्षक डा हरिप्रकाश यादव, डा शैलेश कुमार पाण्डेय सहित अन्य प्रमुख लोगों ने अपूर्व मिश्रा की सफलता पर बधाई दिया है।

## मुट्ठीगंज पुलिस ने फरार चल रहे एक वांछित अभियुक्त को धर दबोचा

**प्रयागराज।** थाना मुट्ठीगंज पुलिस ने वांछित अभियुक्त को मुखबिर की सटीक सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच कर धरदबोचा।अभियुक्त देवराज तिवारी उर्फ रिशू तिवारी वर्ष 19 तिवारी निवासी शहबाजपुर मरहौंदा थाना मऊआइमा प्रयागराज का रहने वाला है। अभियुक्त के खिलाफ मु0अ0सं0 40/2023 धारा-457/380/411 भा0द0सं0 के तहत पंजीकृत था। मंगलवार को वांछित अभियुक्त की सूचना मिली की वह यमुना नदी के किनारे बारादरी घाट के पास है। सूचना मिलती ही पुलिस हरकत मे आ गई मौके पर पहुंची पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। वांछित अभियुक्त के कब्जे से चोरी के कुल नकद 3994 रुपये बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त खिलाफ पूर्व मे भी थाना सोरांव मे मामले दर्ज है। मुट्ठीगंज पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की माननीय न्यायालय के समक्ष वांछित अभियुक्त को पेश किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम उ0नि0 राजकमल यादव प्रभारी चौकी हटिया थाना मुट्ठीगंज उ0नि0 बिरेन्द्र प्रसाद शुक्ला का0 नीरज सिंह थाना का0 अरविन्द यादव का0 संजीव मोहन मिश्रा थाना मुट्ठीगंज टीम रही।

# राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में पुरातन छात्र सम्मेलन आज

**वयोवृद्ध संत पद्मश्री शिवानंद जी महाराज करेंगे उद्घाटन**

**प्रयागराज।** उ प्र राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में बृहस्पतिवार को पुरातन छात्र सम्मेलन का वृहद आयोजन किया जा रहा है। रजत जयंती वर्ष में आयोजित हो रहे इस सम्मेलन में विश्वविद्यालय के पुरातन छात्र अपनी खट्टी मीठी यादों को साझा करेंगे।

पुरातन छात्र परिषद के अध्यक्ष डॉ ज्ञान प्रकाश यादव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय के अटल प्रेक्षागृह में दोपहर 2:00 बजे सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि विश्व के वयोवृद्ध संत पद्मश्री महायोगी श्री शिवानंद जी महाराज, श्री शिवानंद आश्रम, कबीर नगर, वाराणसी करेंगे। योग के क्षेत्र में ख्याति प्राप्त कर चुके 127 वर्षीय श्री शिवानंद तत्कालीन राष्ट्रपति श्री रामनाथ गोविंद के कर कमलों से पद्मश्री सम्मान प्राप्त कर चुके हैं।

उन्होंने बताया कि पुरातन छात्र सम्मेलन की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह करेंगी। इस अवसर पर महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी के पूर्व कुलपति प्रोफेसर पृथ्वीश नाग, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी के पूर्व कुलपति प्रोफेसर जे वी वैशम्पायन, जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा, बिहार के पूर्व कुलपति प्रोफेसर हरिकेश सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन में कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह विशिष्ट पुरातन छात्रों का सम्मान करेंगी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के रजत जयंती वर्ष में आयोजित पुरातन छात्र सम्मेलन के आयोजन से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस अवसर पर पुरातन छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा ।

# व्यापारिक समस्याओं एवं आगजनी को लेकर सौंपा ज्ञापन

**प्रयागराज।** जिला महानगर उद्योग व्यापार मंडल संबद्ध उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के तत्वाधान में संरक्षक अध्यक्ष राजीवकृष्ण श्रीवास्तव एवं जिला अध्यक्ष अनूप वर्मा ने उत्तर प्रदेश एवं प्रयागराज की ज्वलंत समस्याओं पर संपूर्ण प्रदेश भर में जिलाधिकार के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं मुख्य चुनाव आयुक्त उत्तर प्रदेश को अलग-अलग ज्ञापन सौंपा यह प्रक्रिया भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल,प्रयागराज जिला महानगर उद्योग व्यापार मंडल के आवाहन पर प्रदेश के सभी जिलों मे जिला एवं महानगर इकाई, सभी क्षेत्रीय व्यापार मंडलों और सभी बानो के व्यापार मंडल के द्वारा प्रेषित ज्ञापन में मांग किया गया कि चुनाव के दौरान व्यापारियों के यहां से व्यापारियों के द्वारा वसूली कर लाए गए धनराशि एवं एवं व्यापारियों के द्वारा बैंकों में पैसे का आवागमन लगातार किया जाता है चुनाव के दौरान इस प्रक्रिया में व्यापारियों के लिए किसी प्रकार का बाधा एवं हरासमेंट नहीं किया जाना चाहिए ऐसा होने पर जहां एक और व्यापारियों का व्यापारिक नुकसान होगा वहीं दूसरी ओर सरकारी खजाने का भी भारी नुकसान होता है इसके अलावा ज्ञापन में मुख्य चुनाव आयुक्त से यह भी मांग की गई कि लगभग सभी जनपदों में मंडी समिति को अधिग्रहण कर चुनावी प्रक्रिया लंबे समय तक के लिए अधिग्रहण कर ईवीएम स्ट्रांग रूम और काउंटिंग ततैया संपन्न कराई जाती है जिससे मंडी समिति के अंतर्गत आने वाले व्यापारियों को काफी कठिनाइयों और आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ता है इस प्रक्रिया को शहर के केपी ग्राउंड परेड ग्राउंड जैसे स्थान पर स्थानांतरित कर कराया जाना चाहिए या उसके एवज में व्यापारियों को भी मुआवजा देना चाहिए इसी क्रम में माननीय मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में यह कहा गया है कि 30 मार्च को कानपुर के कोपर गंज मे भीषण अग्निकांड से 1000 से अधिक व्यापारिक प्रतिष्ठानों को नुकसान, इसी क्रम में प्रयागराज मे 1 अप्रैल को घंटा घर के स्थित नेहरू कंपलेक्स मे भी आदमी लगभग 13 दुकानें आगजनी से जलकर खाक हो गई एवं लगभग अन्य 15 दुकाने अग्निशमन विभाग की आवश्यक कार्यवाही के दौरान माल भीगने एवं बिल्डिंग के जर्जर होने से भी भी भारी नुकसान हुआ है अभी तक शासन स्तर पर और प्रशासन स्तर पर नुकसान की भरपाई या मुआवजा हेतु अवलोकन/ आंकलन,कर मदद किया जाना चाहिए उक्त प्रकरण में संपूर्ण जनपदों में भी ज्ञापन दिया गया है प्रयागराज से ज्ञापन देने वालों में सर्वश्री राजीव कृष्ण श्रीवास्तव, अनूप वर्मा, कुलदीप पांडे, अभिषेक केसरवानी, विनय जी सोनी, निखिल पांडेय, राजेश केसरवानी, गौरव करवरिया, अंकित गुप्ता, चरणजीत सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता, राजेंद्र अग्रवाल मुनीम जी हरेंद्र सिंह लालीसरदार, तरुण प्रताप सिंह, राज कुमार धवन,रुपेश चौधरी, बृजेशचौरसिया, विवेक खन्ना, मो०सलमान, नितिन चौरसिया, राहुल केसरवानी, अंकित चौरसिया, मोहम्मद जमाल सेठ, अरशद बालू, दिलीप केसरवानी, संदीप जयसवाल, जसप्रीत सिंह, राजा, विजय सुहाला आदि रहे।



ज्ञापन सौंपते व्यापार मंडल

## मनकामेश्वर महोत्सव मंच पर कवियों ने बांधी समां

**प्रयागराज।** यमुनानगर के शंकरगढ़ में अति पौराणिक मनकामेश्वर धाम को समर्पित सात दिवसीय महोत्सव मंच पर पहुंचे कवियों ने खूब समां बांधी।मंच पर चल रही प्रवाचिका प्रभु प्रिया की भागवत कथा और आरती के उपरांत आयोजित कवि सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि नरेन्द्र मणि ने की। सुरेश भाई ओम् शान्ति द्वारा प्रस्तुत वाणी वंदना के उपरांत मंच का संचालन कर रहे चर्चित हास्य कवि अशोक सिंह बेसरम ने कहा -अगर तुम हंस के बोलो तो, सिकन्दर टूट जाता है। शीशा तानकर मारो तो,पत्थर टूट जाता है। उन्होंने संचालन के दौरान अपने छन्दों मुक्तकों से खूब गुदगुदाया। कृष्ण कान्त कामिल ने प्रस्तुत गजल में कहा-किसी की दूर से हस्ती ना आंकना कामिल,पहाड़ दूर से छोटा दिखाई देता है। कवि सुशील शुक्ल हर्ष ने अपनी ओजपूर्ण आध्यात्मिक कविता में रामभक्त हनुमान जी के अद्भुतशौर्य का बखान किया तो वहीं रवीन्द्र साहिल ने गीत गजलों पर श्रोताओं की खूब तालियां बटोरी।ओज कवि बबलू सिंह बहियारी ने शहीद चन्द्रशेखर को समर्पित ओज कविता पर खूब वाहवाही लुटी। अध्यक्षीय काव्यपाठ के दौरान नरेंद्र मणि ने अपनी लोक संस्कृति को संजोने और विश्वगुरु भारत निर्माण हेतु प्रस्तुत अपनी पंक्तियों में युवाओं का आवाहन किया। अंत में महोत्सव के संयोजक सूर्य निधान पाण्डेय ने कवियों को अपने समाज की थाती और देश समाज का पथप्रदर्शक बताते हुए मंच पर सम्मानित किया। सुरेश भाई ने सभी कवियों, अतिथियों और श्रोताओं के प्रति स्वागत आभार प्रकट किया।इस मौके पर करुणा निधान पाण्डेय,चन्द्र निधान पाण्डेय,डॉ,ओपी सिंह,सुधा केशरी,राज भाई,केके तिवारी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## 249 अदेयता प्रमाण पत्र के सापेक्ष में 6.45 लाख की हुई वसूली

**प्रयागराज।** नगर निकाय चुनाव 2023, के दृष्टिगत बुधवार को नगर निगम प्रयागराज जोन संख्या 1 खुल्दाबाद से 41 प्रमाण पत्र गृहकर धनराशि रू0-1,10,186.00, जोन संख्या 2 मुटठीगंज से 55 प्रमाण पत्र गृहकर धनराशि रू0-1,14,642.00, जोन संख्या 3 कटरा से 45 प्रमाण पत्र गृहकर धनराशि रू0-89,719.00, जोन संख्या 4 अल्लापुर से 32 प्रमाण पत्र गृहकर धनराशि रू0-1,68,593.00, जोन संख्या 5 नैनी से 36 प्रमाण पत्र गृहकर धनराशि रू0-45,085.00, जोन संख्या 6 ट्रांसपोर्टनगर से 20 प्रमाण पत्र गृहकर धनराशि रू0-87,601.00 तथा जोन संख्या 7 फाफामऊ से 20 प्रमाण पत्र गृहकर धनराशि रू0-29,965.00 जमा करायी गयी। इस प्रकार कुल 249 अदेयता प्रमाण पत्र नगर निगम प्रयागराज द्वारा जारी किये गये जिसके सापेक्ष प्राप्त गृहकर की धनराशि रू0-6,45,791.00 नगर निगम कोष में जमा करायी गयी।

# 'जागो मतदाता' कार्यक्रम के अंतर्गत शकुंतला का जागरूकता अभियान प्रारंभ

**प्रयागराज।** सामाजिक संस्था शकुंतला चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा आगामी नगर निकाय चुनाव हेतु मतदाता जागरूकता अभियान का स्वरा शुभारंभ कर व्यापक पैमाने पर मतदाताओं को जागरूक करते हुए उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग हुआ मतदान की विशेषता के संबंध में बताया। जागो मतदाता कार्यक्रम के प्रथम चरण में मुख्य अतिथि भारत सरकार की सहयोगी संस्था एंटी क्राइम एंटी करप्शन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश निषाद ने बताया कि भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए जिससे समाज में कर्मठ सुयोग्य एवं ईमानदार जनप्रतिनिधि का चुनाव हो सके ऐसा हम तभी कर पाएंगे जब हम अपने मताधिकार का उपयोग खुलकर करेंगे । संस्था की अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाज सेविका श्रीमती शकुंतला शर्मा ने बताया कि मतदान के दिन विशिष्ट महिलाओं को घर से बाहर निकल कर अपने मत का उपयोग करना ही चाहिए जिससे कुशल एवं सहयोग प्रत्याशी का चुनाव हम अपने विवेक व मताधिकार से कर सके'कार्यक्रम में मुख्य रूप से आयुषी फाऊंडेशन के अध्यक्ष डा० श्याम देव, चार्टर्ड अकाउंटेंट कमल हिमानी, आर.पी. त्रिपाठी, नित्या नोमानी, अभिषेक शर्मा, अनुराग शर्मा, मनोज त्रिपाठी, विमल शर्मा, कमल शर्मा, विनय, विनोद, सोना शर्मा , बबीता, प्रशांत शुक्ला, चंद्रा, सोनी, महिलाओं सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे ।



अभियान में शामिल महिलाएं

## माफिया डॉन अतीक पहुंचा नैनी जेल, आज होगी कोर्ट में पेशी

**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड आरोपी माफिया अतीक अहमद गुजरात के साबरमती जेल से बुधवार शाम छःबजे प्रयागराज के केंद्रीय कारागर नैनी पहुँचा । अतीक को बैरक नं07 मे भारी सुरक्षा मे रखा गया है । वही बरेली जेल मे बंद अतीक के भाई अशरफ को भी उमेश पाल हत्याकांड मे आरोपी है उसे लेने प्रयागराज की पुलिस टीम बरेली जेल पहूँच गयी बरेली से अशरफ को भी प्रयागराज लाया जा रहा । गुरूवार यानि आज माफिया अतीक तथा उसके भाई अशरफ को सीजीएम कोर्ट मे पेश किया जाएगा । जहां पुलिस वारंट बी के तहत कोर्ट मे रिमांड अर्जी के तहत उसकी रिमांड मांगेगी रिमांड मिलने क बाद दोनो से उमेश पाल हत्याकांड की पूछताछ होगी।

# स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली रैली

**जागरूकता रैली**

**संविलियन विद्यालय नखास कोना में नामांकन व स्वच्छता हेतु रैली मैं बच्चों ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा**

**प्रयागराज।** बेसिक शिक्षा परिषद के उच्च प्राथमिक विद्यालय नखास कोहना 8 कंपोजिट नगरक्षेत्र प्रयागराज में बुधवार को स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत रैली निकली। ए०आर०पी० अनुरागिनी सिंह के नेतृत्व में इं.प्र. श्रीमती गार्गी अग्रवाल, सहायक शिक्षकों, विशाल शर्मा, गुलशन बानो, किरण श्रीवास्तव शिक्षामित्रों जया वरमानी सविता चौरसिया अरसिया बानो के संयोजन में छात्र- छात्राओं ने बड़े ही उत्साह के साथ रैली में प्रतिभाग किया। रैली के माध्यम से लोगों को स्कूल शिक्षा, नामांकन व स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। सभी ने पढ़ लो अभी नहीं तो पछताओगे। जो न पढ़े अभी तो सबसे पीछे रह जाओगे। ''हमने मन में ठाना है। मां हमको स्कूल जाना है।' ... 'हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार पथ पर संकल्पित प्रदेश सरकार।' ... ' जो करना है अपना विकास तो पढ़ने का करो अभ्यास।' स्वास्थ्य बेहतर रखने हेतु भी लोगों को जागरूक किया गया और स्लोगन के माध्यम से जागरूकता फैलाई। स्वच्छता को अपनाएं बीमारी को दूर भगाएं स्वच्छ रहने का करें उपयोग, बीमारी से दूर रहे लोग के नारे लगाए। रैली पूरे रोशनबाग व नखास कोना के विभिन्न गलियों से होते हुए पुनः वापस विद्यालय में आई रैली में बहुत सारे बच्चों ने तख्तियों पर लिखे स्लोगन , बैंड, पी ए सिस्टम व नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया बच्चों का ज्यादा से ज्यादा नामांकन तथा कोई भी बच्चा बुनियादी शिक्षा से वंचित न रह जाए इस उद्देश्य के साथ रैली का सफलतापूर्वक आयोजन सम्पन्न हुआ।



रैली निकालते बच्चे साथ में एआरपी अनुरागिनी सिंह व शिक्षिकाएं

## संक्षेप

### अदालत के आदेश पर दर्ज हुई मारपीट की एफआईआर

**कौशाम्बी।** सरायअकिल थाना क्षेत्र के अहलादपुर गांव में युवक के साथ चार माह पहले पड़ोसियों ने मारपीट की थी। घटना के चार महीने बाद पुलिस ने अदालत के आदेश पर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। अहलादपुर निवासी संतलाल का पड़ोसी बृजभान से पुराना विवाद चल रहा है। इसी अदावत में चार महीने पहले आरोपित ने साथी के साथ मिल युवक को सरेराह पीटते हुए एक हजार रुपये नकदी छीन लिया था। मारपीट व छिनैती करने के बाद आरोपित पीड़ित को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले थे। दूसरे दिन पीड़ित ने थाने पहुंच मामले की शिकायत पुलिस से की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़ित अदालत पहुंचा। अदालत के आदेश पर आरोपित बृजभान व अनुराग के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ।

# डीसीएम के छड़े में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**दु:खद**

**घटनास्थल अपने पीछे छोड़ रहा कई सवाल, हत्या या फिर आत्म हत्या**

**चायल, कौशाम्बी।** पूरामुफ्ती थाना अंतर्गत पुरानी बाजार के समीप खड़ी एक डीसीएम ट्रक के पीछे लगे ट्राली सपोटर के छड़े से लटकता एक युवक का शव मिला। हालांकि घटनास्थल तो अपने पीछे कई सवाल छोड़ रहा है, लेकिन युवक के साथ क्या हुआ इसका रहस्य बरकरार रहा। उधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

बता दें कि पूरामुफ्ती पुरानी बाजार निवासी सैफ पुत्र नफीस जो डेंटर का काम करता है। परिजनों की बातों पर यकीन करें तो कहा जा रहा है कि सैफ काम से कर वापस आया था और रात में किसी से बात करने की बात कहकर निकल गया, दूसरे दिन उसकी लाश डीसीएम ट्रक के पीछे लगे छड़े से बंधे फंदे पर लटकता मिली। लेकिन सवाल इस बात का उठ रहा है कि आखिर जिस तरह से युवक का शव फंदे पर लटक रहा है उसे देखने के बाद यह प्रतीत होता है कि कहीं न कहीं उसके साथ कोई अनहोनि हुई है। क्योंकि उसका पैर पूरी तरह जमीन पर टिका दिख रहा है, इतना ही नहीं पैर के गांठ का हिस्सा हल्का सा मुड़ा भी प्रतीत हो रहा है, ऐसे में यदि युवक फांसी लगाकर आत्म हत्या करता वह लटका जरूर होता है, इस तरह के तमाम सवाल घटनास्थल को देखने के बाद लोगों के जेहन में कौंध रहे हैं। हालांकि घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की पड़ताल में जुट गई थी। युवक ने आत्म हत्या किया या फिर उसकी हत्या कर शव को फंदे पर टांगा गया यह तो पुलिसिया जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।



घटनास्थल पर मौजूद भीड़

### युवक ने किशोरी से की छेड़खानी

**कौशाम्बी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी खेत की ओर से घर लौट रही थी। किशोरी के साथ गांव के ही युवक ने सरेराह छेड़खानी की। किशोरी के शोर मचाने पर आरोपित युवक शिकायत पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। घर पहुंच किशोरी ने आपबीती परिजनों को दी। उलाहना देने पर आरोपित के घरवाले मारपीट पर अमादा हो गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### संगीतमय श्री मद्भगवत कथा की बह रही बयार

**दारानगर, कौशाम्बी।** सौंरई बुजुर्ग गांव में संगीतमय श्री मद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर आयोजक मंडल द्वारा बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कथा पंडाल से निकली कलश यात्रा सम्पूर्ण गांव का भ्रमण कर कथा स्थल पहुंची। कलश यात्रा में महिलाएं अपने सर पर मंगल कलश लेकर चल रही थी तो वहीं युवा भगवा ध्वज लेकर चल रहे थे। वृंदावन धाम मथुरा से पधारे कथावाचक आचार्य शिवकुमार जी महाराज ने कथा के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि श्री मद्भागवत कथा देवताओं के लिए भी दुर्लभ है। कथा के अनुसरण से मनुष्य को सुख और शांति की प्राप्ति होती है। मुख्य यजमान मैकूलाल अग्रहरि ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में कथा श्रवण करने की अपील की। इस मौके पर लालचन्द्र अग्रहरि, सुखेन्द्र अग्रहरि, वरिष्ठ भाजपा नेता अरुण केशरवानी, नीरज साहू, उमेश पटेल, रामू सोनी, घनश्याम अग्रहरि, श्यामू अग्रहरि, बृजेन्द्र कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## भांग की दुकान ओर पूरे दिन बिक्री गांजा की

**स्थानीय प्रशासन की भूमिका पर उठ रहे सवाल, बुद्धिजीवी परेशान**

**कौशाम्बी।** कोतवाली कौशाम्बी अंतर्गत विजिया चैराहा में संचालित भांग की दुकान पर गांजा बिक्री रूकने का नाम नहीं ले रही है। इसके पीछे वजह भले ही कुछ हो लेकिन इलाकाई बुद्धिजीवियों के जेहन में स्थानीय प्रशासन की भूमिका सवालों के घेरे में जरूर कौंध रही है।

बताना जरूरी होगा कि विभाग जिले में भांग की दुकान खुलवा रखी हैं। नियमों पर जाएं तो भांग के अलावा गांजा की बिक्री नहीं की जा सकती है लेकिन यहां भांग की बिक्री तो सिर्फ नाम की होती है, दुकानदार विभागीय परमिट पर खुलेआम गांजा की बिक्री करते हैं। इसके अलावा पान की दुकानों से भी गांजा बिक रहा है। अफसर से लेकर कारोबारी तक माला माल हो रहे हैं। हालांकि लोगों के आरोपों पर जाएं तो जिस तरह से खुले आम यह मादक पदार्थ की बिक्री की जा रही है उससे इलाकाई लोगों यह कहने के लिए मजबूर हो रहे हैं कि गांजा बिक्री की रकम पुलिस और प्रशासनिक अफसरों तक पहुंच रही हो तो यह गलत नहीं होगा। शायद तभी तो कार्रवाई नहीं हो रही है। जबकि दुकान आवंटन के समय गांजा बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध रखने और शर्त का उल्लंघन होने पर दुकान निरस्त करने का शपथपत्र भी लिया जाता है। हालांकि इलाकाई लोगों ने इस ओर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मादक पदार्थ गांजा की बिक्री पर रोक लगाए जाने और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्यवाही कराए जाने की मांग किया है।

### दुराचारी को 20 साल की कैद

**कौशाम्बी।** पश्चिमशरीरा थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी से दुराचार करने वाले युवक को बुधवार को एडीजे सप्तम ने 20 साल कैद व 38 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। अर्थदंड चुकता नहीं करने पर दुराचारी को तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक पश्चिमशरीरा थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को पांच साल पहले मोहल्ले का युवक भगा ले गया था। इसके बाद उसके साथ दुराचार किया। पीड़ित किशोरी ने 23 नवंबर 2017 को मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। मामला अपर जिला जज सप्तम नीरज उपाध्याय की अदालत में चला। इस दौरान छह गवाह परीक्षित कराए गए। बुधवार को अभियोजन पक्ष के शासकीय अधिवक्ता शशांक खरे व बचाव पक्ष के अधिवक्ता को सुनने के बाद दुराचार के आरोपित युवक को 20 साल कैद व 38 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई। अर्थदंड चुकता नहीं करने पर आरोपित को तीन माह की अतिरिक्त सजा काटनी पड़ेगी।

# जिले की सभी सुखी नहरों में टेल तक पानी छोड़ा जाए : अजय सोनी

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने जिला प्रशासन एवं सिंचाई विभाग से जनपद कौशांबी की सभी सुखी नहरों में टेल तक पानी छोड़ने की मांग की है। बुधवार को ग्राम गंभीरा पूर्व में क्षेत्रीय किसानो के साथ अजय सोनी ने बैठक की। बैठक में नहरों में पानी न आने को लेकर किसानो ने शिकायत की। किसानो का कहना था कि करारी माइनर समेत जिले की तमाम नहरों में पानी न आने से जायद की फसलें सूख रहीं हैं। सबसे ज्यादा नुकसान सब्जियों, फलों एवं पिपरमेंट की खेती का हो रहा है। साथ ही नहरों में पानी न आने से गांवों के तालाब भी सूखे पड़े हैं जिसके चलते भारी दिक्कत हो रही है। किसानो का कहना था कि अगर नहरों में पानी आ जाए तो गांवों के तालाब भर जाएं जिससे गांवों में पशुओं के लिए पीने का पानी और तमाम अन्य जरूरते पूरी हो सकें। इस संबंध में अजय सोनी ने जिला प्रशासन एवं सिंचाई विभाग से सूखी नहरों में तत्काल पानी छोड़ने की मांग की है। अजय सोनी के मुताबिक आए दिन हो रही आगजनी की घटनाओं से हो रहे जान माल के नुकसान को भी काफी हद तक नहरों के चलने से होने वाले जलभराव के चलते रोका जा सकता है। अजय सोनी ने तत्काल जिले की सभी नहरों में टेल तक जलापूर्ति करने की जिला प्रशासन एवं सिंचाई विभाग से मांग की है। इस अवसर पर लवलेश तिवारी, राम मूरत तिवारी, विजय शंकर मिश्र, अशोक पांडेय, राजू प्रजापति, दिनेश पाल, चंद्र प्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।



बैठक करते समर्थ किसान पार्टी के लोग

# चौथी बार ब्लॉक के अध्यक्ष चुने गए ईश्वर शरण सिंह



ब्लाक अध्यक्ष का स्वागत करते समर्थक।

**सिराथू, कौशाम्बी।** स्थानीय ब्लॉक के शिक्षकों ने अध्यक्ष पद पर ईश्वर शरण को चौथी बार ब्लॉक का अध्यक्ष निर्वाचित किया है। ऐसे में समर्थकों ने उनके विजयी होने पर फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया है।

बता दें कि ईश्वर शरण 381 मत पाए जबकि प्रतिद्वंदी उम्मीदवार ईश्वरी प्रसाद शुक्ला को 361 मतदान मिले। मंत्री पद पर भीम प्रकाश को कुल 301 मत मिले वही प्रतिद्वंदी साथी सत्य प्रकाश को 275 मत मिले। इस तरह से मंत्री पद पर भीम प्रकाश ने बाजी मारी। सिराथू ब्लॉक से लगातार चैथी बार अध्यक्ष बनाए जाने पर ईश्वर शरण सिंह ने अध्यापकों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप लोगों का विश्वास मुझ पर है यह मेरे लिए गौरव की बात है और मै हमेशा आप सभी के सुख दुख में बराबर का हिस्सेदार रहूंगा।

### नगर निकाय चुनाव को कन्ट्रोल रूम,शिकायत प्रकोष्ठ स्थापित

**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी (न0नि) सुजीत कुमार के निदेर्शानुसार नगर निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल सम्पन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ई-डिस्ट्रिक मैनेजर कार्यालय में कन्ट्रोल रूम,शिकायत प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है। कन्ट्रोल रूम का दूरभाष नम्बर-05331-232132 है। अधिशासी अभियंता सिंचाई जगदीश लाल एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार गुप्ता को कन्ट्रोल रूम,शिकायत प्रकोष्ठ का प्रभारी बनाया गया है। प्रभारी अधिकारी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि नगर निकाय निर्वाचन से सम्बन्धित शिकायत,समस्या दूरभाष नम्बर-05331-232132 पर दर्ज करा सकतें है।

## पट्टीदारों ने सास-बहू को पीटा, जख्मी

**कौशाम्बी।** संदीपनघाट थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव में बुधवार की सुबह पुरानी खुन्नस में पट्टीदारों ने सास-बहू को पीट दिया। पुलिस ने घायलों का प्राथमिक उपचार कराने के बाद चार अरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। रसूलपुर गांव की जाफरी बानो पत्नी इदरीश ने बताया कि पड़ोसी पट्टीदार अशरफ से उसकी पुरानी खुन्नस चल रही है। बुधवार की सुबह तीखी झड़प के बाद आरोपित ने पत्नी व परिवार के अन्य लोगों के साथ मिल घर के बाहर बैठी सास को पीट दिया। वह बीच-बचाव करने पहुंची तो आरोपितों ने उसे भी पीट दिया। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने पर आरोपित कहीं भी शिकायत पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। सूचना पर गांव पहुंची पुलिस ने घायलों का प्राथमिक उपचार कराने के बाद पीड़िता की तहरीर पर आरोपित अशरफ, शरीफ, गुलाम बेगम समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### पड़ोसी युवक ने अधेड़ को पीटा

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के गौसपुर कटौहला निवासी उमाशंकर ने बताया कि गांव के ही दुब्बल से उसकी रंजिश चल रही है। वह खेत की ओर जा रहा था। इसी दौरान बिना किसी बात के आरोपित ने उसे लाठी से पीट दिया। मारपीट देख मोहल्ले के अन्य लोगों ने बीच-बचाव करते हुए जान बचाई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### घर में घुसकर विवाहिता से की मारपीट

**कौशाम्बी।** कड़ाधाम थाना क्षेत्र के शीतलाधाम गांव में दबंगों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ की। विरोध करने पर विवाहिता को पीट दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

शीतलाधाम की गुड्डी देवी पत्नी हरिओम ने बताया कि पड़ोसी शिवदर्शन से पुराना विवाद चल रहा है। इसी अदावत में कहासुनी के बाद आरोपित ने परिजनों के साथ मिल घर में घुसकर तोड़फोड़ करते हुए महिला को पीट दिया। सूचना पर गांव पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए घायल महिला का प्राथमिक उपचार कराया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपित शिवदर्शन, सचिन, सौरभ, मुंशीलाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**कौशाम्बी।** सरायअकिल थाना क्षेत्र के अंबारी गांव के समीप रात बाइक से गिरने पर जख्मी युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक के मौत की खबर परिजनों को चली तो कोहराम मच गया। परिजनों ने दोपहर बना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

फकीराबाद निवासी अमन (18) पुत्र साबिर मंगलवार की शाम लेबरों के लिए खाना लेकर अंबारी गांव जा रहा था। इसी दौरान अंबारी के समीप सड़क की गिट्टी पर बाइक फिसल गई और युवक बाइक समेत सड़क पर गिर गया। दुर्घटन में युवक को गंभीर चोटें आई। युवक को सड़क पर खून से लथपथ देख गांव के लोगों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिवार के लोग युवक को आनन-फानन नजदीकी अस्पताल ले गए। युवक की हालत नाजुक देख डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद प्रयागराज रेफर कर दिया। घर वाले युवक को लेकर निजी अस्पताल पहुंचे। जहां उपचार के दौरान देर रात युवक की मौत हो गई। युवक के मौत की खबर परिजनों को चली तो परिवार में कोहराम मच गया। आधी रात बाद युवक का शव घर पहुंचा तो चीत्कार मच गई। बुधवार को दोपहर बाद परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

### बरामदे में खड़ी बाइक चोरी

**कौशाम्बी।** सैनी थाना क्षेत्र के अजुहा निवासी अमन कुमार बाजार से घर लौटा और बाइक को बरामदे में खड़ी कर दी। इसके बाद वह घर के भीतर चला गया। इसी दौरान चोरों ने बाइक पार कर दी। बाइक गायब देख युवक के होश उड़ गए। खोजबीन करते हुए वह थाने पहुंचा और मामले की शिकायत की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बाइक चोर की तलाश शुरू कर दी है।

### युवक ने विवाहिता से किया दुष्कर्म

**कौशाम्बी।** सरायअकिल थाना क्षेत्र के एक गांव में मोहल्ले के युवक ने बहाने से विवाहिता को अपने घर पर बुलाया। इस दौरान युवक घर पर अकेला था। घर बुलाने के बाद युवक ने विवाहिता को नशीला पदार्थ सुंघा दिया। इसके बाद दुराचार किया। होश में आने के बाद विवाहिता ने मनमानी का विरोध किया तो उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने मामले की नामजद शिकायत थाने में की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है।

### टेवां में नियमित सफाई कराने की मांग

**कौशाम्बी।** मंझनपुर ब्लॉक के टेवां गांव के लोग कीचड़ भरे रास्ते से आवागमन करने का मजबूर हैं। लोगों का आरोप है कि गांव में तैनात सफाई कर्मी के नियमित गांव नहीं आने से गंदगी फैली है। आरोप है कि शिकायत के बाद भी सफाई व्यवस्था पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसे लेकर लोगों में गुस्सा है।

# मां की पुण्य तिथि पर पीठासीन अधिकारी ने किया गौपूजन

**गो पूजन**

**लखनऊ से चलकर सिराथू गौशाला पहुंचे अफसर**

**कौशाम्बी।** सिराथू स्थित सावित्री गौशाला में बुधवार की सुबह श्रम न्यायालय लखनऊ के पीठासीन अधिकारी बी के राय पहुँचे और बाकायदा पंडित बुलाकर गाय माता की पूजा अर्चना किया। श्री राय ने गौशाला में पालित सभी गोवंश को पूड़ी चना और गुड़ खिला कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस दौरान उन्होंने बताया कि उनकी माता जी की द्वितीय पुण्यतिथि है। इस अवसर पर उन्होंने ने गौशाला में गौ सेवा और ब्राह्मणों को भोजन कराया। श्री बी के राय ने अपने वार्ता में यह विचार व्यक्त किया कि सनातन धर्म और संस्कृति में गाय को माँ की दर्जा प्राप्त है, गौ वंश देव दानव के समुंदर मंथन के समय कामधेनु गाय के रूप में प्रकट हुई और देवताओं को उपभोग के लिए भगवान द्वारा समर्पित की गई। तबसे गोवंश देवता स्वरूप मानव सेवा में लगी है। आज जिस प्रकार से धरती माता को बचाने की मुहिम चल रही है वैसे ही गोवंश को भी बचाने की आवश्यकता है। श्री राय ने जनता के लिए संदेश दिया कि अपने पूर्वजों की पुण्य तिथि हो, जन्मदिन हो या विवाह वार्षिकोत्सव हो, गायों के बीच में मनाए, इससे गोवंश की रक्षा के साथ साथ बच्चों को संस्कार मिलेगा और वह समाज के प्रति ज्यादा संवेदनशील होंगे। जो लोग गाय की सेवा करना चाहते है ऐसे अवसर पर मात्र अपने केक की कीमत के बराबर ही सही गौशाला को दान भी दे। इस दौरान कडाधाम निवासी प्रसिद्ध समाज सेवी, पर्यावरण प्रेमी,गंगा स्वकच्छता अभियान से जुड़े विनय पाण्डे ने गौ पूजा अर्चना का विधान सम्पन्न कराया।



गो माता की पूजन अर्चन करते अधिकारी

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बालिका जख्मी

कौशाम्बी। सरायअकिल थाना क्षेत्र के ककरहाई निवासी गेला की आठ वर्षीय बेटी डिंपल घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान सिहोरवा की ओर से आए तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बेटी को टक्कर मार दिया। दुर्घटना में मासूम गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर परिजनों के साथ पहुंची पुलिस ने घायल बेटी को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद आरोपित चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## संक्षेप

### वृद्ध महिला को धोखे से बैनामा कराने लेकर पहुंचे तहसील हंगामा

**पट्टी।** वृद्ध महिला के दो बेटे तीसरे बेटे के हिस्से की भी जमीन का बैनामा कराने के लिए वृद्धा को लेकर तहसील पहुंचे। इसकी जानकारी तीसरे बेटे को हुई तो वह भी परिजनों के साथ तहसील पहुंच गया। तहसील में ही परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया।
आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव निवासी जगवंती पत्नी वंशराज सिंह को लेकर उनके दो बेटे जमुना प्रसाद सिंह व सूरज सिंह उनके नाम की जमीन का बैनामा कराने के लिए पट्टी तहसील आ गए। जानकारी के अनुसार जगवंती के तीन बेटे हैं। बड़े बेटे गंगा प्रसाद सिंह की मृत्यु हो चुकी है। जगवन्ती को लेकर जमुना प्रसाद व सूरत प्रसाद जब पट्टी तहसील पहुंचे और बैनामा कराना चाहा, इसी दौरान मामले की जानकारी गंगा प्रसाद के बेटे पवन सिंह को हो गई। वह परिजनों के साथ तहसील पहुंचा और हंगामा शुरू कर दिया। पवन सिंह के साथ अन्य लोगों द्वारा हंगामा किए जाने के कारण बैनामा तो नहीं हो सका। इधर जगवंती ने भी बताया वह जमीन का बैनामा नहीं करना चाहती है। उसे धोखे में रखकर तहसील लाया गया है। घंटों हंगामा होने के बाद वृद्ध महिला को लेकर परिजन घर के लिए रवाना हो गए ।

# डीएम की बैठक में सीडीपीओ मंगरौरा का वेतन रोकने के निर्देश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने विकास भवन में जिला पोषण समिति की बैठक कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कुपोषित और अतिकुपोषित बच्चों की जानकारी ली। सभी सीडीपीओ को अपने-अपने क्षेत्रों में अति कुपोषित बच्चों की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि अतिकुपोषित बच्चों को पौष्टिक आहार, दवायें इत्यादि चीजें उपलब्ध करायी जाये। बच्चों के माता-पिता को बच्चों के खान-पान पर विशेष ध्यान देने तथा उनकी देखभाल करने के लिये सुझाव दें। जिलाधिकारी द्वारा सभी कन्वर्जेन्स विभागों द्वारा किये गये कार्यो की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि कुपोषित बच्चों को पोषाहार देकर कुपोषण मुक्त बनायें। गर्भवती महिलाओं के खान-पान पर विशेष ध्यान देने की बात कही। यदि बच्चा



बैठक की अध्यक्षता करते जिलाधिकारी

स्वस्थ्य नही है तो बच्चें की माॅ को आयरन की गोली के साथ विटामिन भी दिये जाये। उससे जुडे.सभी खान-पान व टीकाकरण किये जाने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केन्द्रों पर समस्त व्यवस्थाओं की समीक्षा की। बैठक में सीडीपीओ मंगरौरा के अनुपस्थित पाये जाने पर मुख्य विकास अधिकारी ने सीडीपीओ मंगरौरा के वेतन रोकने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जी0एम0 शुक्ला, परियोजना निदेशक डीआरडीए आर0सी0 शर्मा, प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित सीडीपीओ व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### एसपी के आदेश पर घटना के बीस दिन बाद दर्ज हुई गैंग रेप की रिपोर्ट

**प्रतापगढ़।** विवाहिता से गैंगरेप के बाद वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई। इस मामले में घटना के बीस दिन बाद तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया। मामले को दबाने के लिए थाने पर भी पंचायत हुई। पीड़िता पर दबाव काम न आने पर पुलिस हरकत में आ गई और आरोपियों की तलाश शुरू की है। घटना पट्टी क्षेत्र के मदाफरपुर बाजार के पास स्थित एक गांव का है। पुलिस के मुताबिक विवाहिता 24 मार्च की शाम शौच गई थी। आरोप है कि तीन युवकों ने बंदूक दिखाकर उसके साथ रेप किया और वीडियो बनाया। थाने में तहरीर देने के बावजूद आरोपियों पर एफआईआर नहीं दर्ज की गई। थाने से इंसाफ न मिलने पर पीड़िता ने एसपी सतपाल अंतिल से गुहार लगाई। इसके बाद बुधवार को मदाफरपुर के रहने वाले अतुल यादव, सुमित यादव और सुनील यादव के खिलाफ गैंगरेप, धमकी देने की एफआईआर दर्ज की गई है। बताया गया कि मामले को दबाने के लिए खूब पंचायत हुई। थाने पर मामले को निपटाने के लिए पंचायत हुई। घटना में एसओ कंधई धीरेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है। विधिक कार्रवाई की जा रही है। महिला का मेडिकल कराया जाएगा। आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# सांसद, विधायक व जिलाध्यक्ष में नहीं है तालमेल अपने चहेतों को टिकट दिलाने में हो रहा घमासान

**प्रतापगढ़।** नगर निकाय चुनाव में भाजपा पार्टी से टिकट पाने के लिए उम्मदवारों ने अपने आकाओं के इर्द गिर्द दिन रात घेरा डाल रखा है। टिकट पाने के लिए उम्मीदवारों की सबसे अधिक भीड़ भाजपा में ही देखी जा रही है। जिले में एक नगर पालिका समेत 18 नगर पंचायत हैं। अध्यक्षी का चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार अपने-अपने आकाओं को खुश करने के लिए बहुत पहले से ही घेरा बना रखा है। जिले में इस समय भाजपा टिकट के बंटवारे में तीन प्रमुख लोगों की भूमिका बताया जा रहा है। सांसद संगमलाल गुप्ता, सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य और भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र तीनों अपने-अपने चहेतों को टिकट दिलाना चाहते हैं। सांसद संगमलाल अपने चहेतों को टिकट देकर पार्टी व जिले में अपना हनक बनाना चाहते हैं। जबकि पिछले चुनाव में अपने गृह वार्ड कटरा नगर पंचायत चुनाव में सांसद अपने चाचा को चेयरमैनी नहीं जिता पाए थे। पीएम के नाम पर सांसद बने संगमलाल को पार्टी पदाधिकारी पसंद नहीं करते हैं। उनका उन्हीं के ही पार्टी में जबरदस्त विरोध है। संगमलाल पार्टी संगठन से इतर अपना संगठन बनाकर काम कर रहे हैं। उनके इस काम में सांसद के भाई विधायकी टिकट के दावेदार अहम भूमिका में रहते हैं। वहीं दूसरी तरफ भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र अपने को पार्टी का सबकुछ मानते हैं। जिला संगठन से जिन लोगों को उन्होंने बाहर का रास्ता दिखाया था उन्हें पानी पीकर कोसते हैं। अधिकतर उम्मीदवार उन्हीं के इर्द गिर्द डेरा डाल रखे हैं। सदर से पार्टी के विधायक राजेन्द्र प्रसाद मौर्य के पास भी उम्मीदवार पहुंच रहे हैं। उन्होंने भी टिकट दिलाने का अपने चहेतों को भरोसा दिलाया है। जो उम्मीदवार टिकट की दौड़ से बाहर हो चुके हैं। पैसे के दम पर टिकट बॉटने का अभी से ही आरोप लगाना शुरू कर दिए हैं। यह बातें सोसलमीडिया में भी बुद्धवार को तैरते देखी गईं। बहरहाल नेताओं के आपसी तालमेल न बैठ पाने के चलते आचार संहिता लगने के दूसरे दिन बाद भी पार्टी के टिकट का बंटवारा अभी तक नहीं हो सका है। जबकि संभावित उम्मीदवारों ने लाखों रूपए अभी तक खर्च कर चुके हैं।

# सिलेण्डर में लगी आग से घर की छत व दीवार धराशाई


घर का बिखरा सामान

**पट्टी।** कोतवाली के आशापुर गॉव में बुद्धवार की सुबह खाना बनाते समय सिलेण्डर फटने से जोरदार धमाका हुआ। धमाके से घर के छप्पर व दीवारें उड़ गई और आग लग गई। घटना में जानमाल का नुकसान होने से बच गया। बताया जाता है कि गॉव के राकेश कुमार के घर खाना बनाने के लिए लीकेज सिलेण्डर में माचिस जलाते समय आग फैल गई। महिलाएं चीखते हुए घर के बाहर भागीं। कुछ देर बाद सिलेण्डर में धमाका हो गया। धमाके से घर के टीन छप्पर व ईंस से बनाई गई दीवार उड़ गई। आसपास के ग्रामीण पंपिग सेट चालू कर किसी तरह आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक घर में रखे कीमती सामान जालकर राख हो गए।

### बैठक कर प्रस्तुत किया ब्यौरा

**प्रतापगढ़।** लालगंज क्षेत्र के सगरा सुंदरपुर स्थित नर्वदेश्वर धाम मंदिर परिसर में बुधवार को नवदुर्गा पूजा समिति एवं श्रीराम लीला कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में हाल ही में हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम की सफलता पर श्रद्धालुओं के सहयोग का आभार जताया गया। बैठक में कोषाध्यक्ष संजय मोदनवाल व आय व्यय निरीक्षक राजू जायसवाल ने हनुमान जन्मोत्सव में खर्च का ब्यौरा प्रस्तुत किया। बैठक की अध्यक्षता सर्वेश कुमार जायसवाल व संचालन प्रदीप सिंह ने किया। इस मौके पर राजकिशोर शुक्ल, रवि जायसवाल, रत्नाकर त्रिपाठी, रामसूरत त्रिपाठी, संजय शुक्ल, कृपाशंकर जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट का आरोपी भेजा गया जेल

**प्रतापगढ़।** नाबालिग के साथ छेड़छाड़ व दुष्कर्म की घटना के आरोपी को पट्टी पुलिस ने बुद्धवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। संतोष पाल पुत्र बजरंगी निवासी आनापुर भीखीपुर थाना चांदा सुलतानपुर पर पट्टी पट्टी कोतवाली में दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामाल दर्ज है। घटना के बाद से आरोपी के धर पुलिस दबिश में फरार हो जाया करता था। मुखबिर की सूचना पर पट्टी कोतवाल नन्दपाल सिंह ने आरोपी को कोतवाली क्षेत्र के ढकवा तिराह से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# न्यायिक कामकाज का बहिष्कार कर वकीलों ने किया विरोध प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**प्रतापगढ़।** लालगंज के अधिवक्ताओं ने बुधवार को न्यायिक कार्य से विरत रहकर विरोध प्रदर्शन किया। कानपुर बार एसोशिएसन द्वारा वहां के जिला जज के तबादले की मांग के समर्थन में तहसील एवं दीवानी के अधिवक्ताओं ने कामकाज नहीं किया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई मे वकीलों ने नारेबाजी की। आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल की अगुवाई में वकीलों का एक प्रतिनिधिमण्डल कानपुर में गुरूवार को प्रदेशीय सम्मेलन में शामिल होने के लिए रवाना हुआ। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल महेश व महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल के नेतृत्व में एसडीएम के माध्यम से वकीलों ने डीएम को संबोधित ज्ञापन भी सौपा। ज्ञापन मे कानपुर के वकीलों की मांगो का समर्थन करते हुए प्रदेश मे अधिवक्ता सुरक्षा


ज्ञापन सौंपते वकील

अधिनियम लागू कराए जाने की मांग की। विरोध प्रदर्शन का संयोजन संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चतुवेर्दी व उपाध्यक्ष लाल विनोद प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र, विपिन शुक्ल, अनूप पाण्डेय, प्रमोद सिंह, सुजीत त्रिपाठी, राजेश द्विवेदी, आशीष तिवारी, विनय शुक्ल, सिंटू मिश्र, शिवाकांत उपाध्याय, दिनेश मिश्र, शिवेन्द्र तिवारी, अरूण पिपरा आदि अधिवक्ता रहे।

# मोदी सरकार विफल व कमजोर सरकार : प्रमोद तिवारी सांसद

**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने केन्द्र की मोदी सरकार पर लोकतंत्र की सभी परम्पराओं को कमजोर करने का आरोप लगाया है। उन्होनें कहा कि सवाल पूंछने पर यह सरकार संवैधानिक एजेन्सियों का दुरूपयोग कर डराने धमकाने का हथकण्डा अपनाती है। बुधवार को प्रमोद तिवारी ने मीडिया से रूबरू होते हुए यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी के द्वारा मोदी सरकार पर हर शक्ति के दुरूपयोग के आरोपो का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर ग्रहण लगाने वाली विफल और कमजोर सरकार है। अडानी के लूट के मसले पर विपक्षी एकता को देखकर भाजपा डरी हुई है। चीन द्वारा लगातार भारत के खिलाफ भौगोलिक कूटनीति का गंदा खेल खेला जा रहा है। इसके बावजूद सरकार की कमजोर विदेश नीति



अन्र्तराष्ट्रीय समूह मे चीन को अलग थलग करने का अभी तक कोई भी ठोस कदम नही कर सकी है। लालगंज कैम्प कार्यालय पर राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने पार्टी कार्यकताओं से मुलाकात कर संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी ली। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, प्रमुख अमित सिंह पंकज, केडी मिश्र, ज्ञानप्रकाश शुक्ला, छोटे लाल सरोज, आशीष उपाध्याय, हृदय नारायण मिश्र, बृजेश द्विवेदी, पप्पू तिवारी, मुरलीधर तिवारी आदि मौजूद रहे।

# लोक अदालत में मामलों के निपटारे के लिए न्यायिक अधिकारियों ने की बैठक

**प्रतापगढ़।** 13 मई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में जिला न्यायालय सभागार में न्यायिक अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। लोक अदालत के नोडल अधिकारी आलोक द्विवेदी की अगुवाई में हुई बैठक में कई न्यायिक अधिकारी शामिल रहे। बैठक का संयोजन नीरज कुमार बरनवाल अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया। नोडल अधिकारी ने सभी सभी न्यायिक अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने न्यायालय से अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण सुलह समझौते के माध्यम से कराएं। ताकि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन 13 मई को अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण सुलह


बैठक में उपस्थित अधिकारीगण

समझौते के आधार पर किया जा सके। इस मौके पर मनोज कुमार द्वितीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रदीप कुमार शुक्ला सिविल जज व अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे ।

# शिविर में टीबी रोग के लक्षण व उपाय की दी गई जानकारी


शिविर में उपस्थित मरीज

**लालगंज।** क्षेत्र के रायपुर तियांई गांव में बुधवार को टीबी बीमारी पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य टीम द्वारा रोग से बचाव व टीबी रोग के प्रारंभिक लक्षणों की जानकारियां दी गयी। शिविर में एसटीएस संदीप कुमार त्रिपाठी व बृजेश बहादुर सिंह द्वारा निक्षय पोषण योजना के तहत टीबी से पीडित मरीजों को पांच सौ रुपए की सहायता राशि योजना से भी अवगत कराया। लोगों को टीबी रोग के लक्षण मिलने पर ईलाज के बारे में विस्तार से बताया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों के अलावा आशा संगिनी, आंगनबाड़ी व परिषदीय स्कूल के शिक्षकों की भी उपस्थिति रही।

# डा0 हनीमैन की मनाई जयंती, होमियापैथी चिकित्सा को बताया कारगर

**प्रतापगढ़।** नगर के क्षेत्रीय ग्राम्य संस्थान में होमियोपैथी चिकित्सा के जनक डा0 क्रिश्चियन सैमुअल हैनीमैन की 268वीं जयंती मनाई गई। जयंती कार्यक्रम में अरोग्य भारती के राष्ट्रीय व यूपी होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड के अध्यक्ष डा0 बीएन सिंह, डा0 रघुनाथ शुक्ल डा0 बीपी सिंह, डा0 बीके सिंह जैसे होम्योपैथी के बड़े चिकित्सक उपथित हुए। चिकित्सकों ने डा0 हनीमैन द्वारा होमियोपैथी चिकित्सा के बारे में उनके योगदान का बखान किया। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बताया कि डा0 हनीमैन ने सिरकोना बार की मदद से होम्योपैथी पद्धति की खोज की। इसके अलावा होम्योपैथिक चिकित्सा के क्षेत्र में डा0 हेरिंग का विशेष योगदान रहा। विशेषज्ञों ने बताया कि रोग का सिम्टम मिलने पर होमियोपैथी मेडिसिन रामबाण का काम करती है। असाध्य बीमारियां दूर


कार्यक्रम में उपस्थित लोग

हुई हैं। इस मौके पर डा0 जगदीश श्रवास्तव, डा0 राजेश्वर, डा0 प्रीतम उपाध्या, डा0 बीडी त्रिपठी, डा0 सुनील श्रीवास्तव, डा0 अविनाश श्रीवास्तव, डा0 सुधांशु उपाध्याय, अमित शुक्ल, ड0 सिमरन उपाध्याय, डा0 सौमित्र गुप्ता सहित होमियोपैथी चिकित्सा से जुड़े अन्य डाक्टर मौजूद रहे।

### आग लगने से गेहूं की फसल जलकर राख

**प्रतापगढ़।** मंगरौरा ब्लाक के पूरे मुसई और सरसीखाम गॉव में लगी आग से कई बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। बुद्धवार को कंधई थाने के पूरे मुसई गॉव में गेहूं की खेत में लगी आग से पच्चीस बीघे फसल जलकर राख हो गई। जबकि मंगलवार को कंधई के सरसीखाम गांव में लगी आग से किसानों के लगभग बीस बीघे की फसल जल गई। सूचना पर कोहड़ौर व कंधई थाने की फोर्स के साथ दमकल मौके पर पहुंची किसी तरह आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक दोनों जगहों को मिलाकर 45 बीघे की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। फसल जलने से किसान हताश देखे गये। चेहरों पर मायूशी थी।

# दीप यज्ञ के साथ गायत्री महायज्ञ प्रज्ञा पुराण कथा का समापन


दीप जलाती महिलाएं

**प्रतापगढ़।** शहर के चिलबिला स्थित हनुमान मंदिर में पॉच दिनों स चल रही गायत्री महायज्ञ प्रज्ञा पुराण कथा का दीप यज्ञा के साथ बुद्धवार को समापन हो गया। शांति कुंज से आए कथा वाचक कैलाश नाथ तिवारी ने कहा कि यज्ञ और पुराण कथा का जिन्होंने अनुसरण किया उनके कई जन्मों के पाप नष्ट हो जायेगे। कथा के व्यवस्थापक अमन चंद्र उपाध्याय ने सभी के प्रति आभार जताया। शांति कुंज से आए महात्माओं का समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने अंग वस्त्र से सम्मानित किया। इस मौके पर मोहनलाल, प्रमोद कुमार, धर्मवीर सिंह, प्रमोद कुमार, विपिन सिंह, हीरालाल, ओम प्रकाश, कपिलदेव, मनोज कुमार, पुष्पा वर्मा, सलोनी, ललिता, राजनंदिनी आदि मौजूद रहे।

## जनसंपादकीय

# यूक्रेन युद्ध और वैश्विक कूटनीति

**प्रभात कुमार रॉय**



यूरोपीय यूनियन के अनेक राष्ट्रों ने प्रारम्भ में भारत से बड़ी कूटनीतिक उम्मीद लगाई थी कि भारत वस्तुतः यूक्रेन युद्ध का समुचित निदान निकालने के लिए कोई सार्थक कूटनीतिक पहल अंजाम देगा. इस उम्मीद का सबसे अहम प्रस्थान बिंदु रहा कि भारत के रुस के साथ अत्यंत मित्रतापूर्ण संबंध रहे हैं और दूसरी तरफ नॉटो राष्ट्रों के साथ भी भारत के मधुर कूटीतिक संबंध कायम रहे हैं. अतः भारत को एकमात्र ऐसा देश समझा गया, जोकि विश्व पटल पर किसी सैन्य गुटबंदी में कभी शामिल नहीं रहा. दुर्भाग्य से यूक्रेन युद्ध पर भारत द्वारा केवल शांति और सौहार्द का पैगाम तो दिया जाता रहा, किंतु भारत द्वारा यूक्रेन युद्ध को खत्म करने की खातिर कोई कारगर कूटनीतिक पहल कदापि अंजाम नहीं दी गई. भारत को विश्वगुरु बन जाने काख्वाब दिखाने वाली पाखंडी नरेंद्र मोदी हुकूमत, वस्तुतः यूक्रेन युद्ध को खत्म कराने की कोई कूटनीतिक शानदार पहल करने की हिम्मत तक नहीं जुटा सकी. विनाशकारी यूक्रेन युद्ध को प्रारम्भ हुए एक वर्ष से अधिक वक्त व्यतीत हो चुका है. राष्ट्रपति पुतिन ने इस उम्मीद के साथ यूक्रेन पर सैन्य धावा अंजाम दिया था कि रुसी सेना कुछ ही वक्त में यूक्रेन की राजधानी कीव पर आधिपत्य स्थापित करके, यूक्रेन के राष्ट्रपति वॉल्दोमीर जेलेंस्की को घुटने टेकने पर विवश कर देंगी. किंतु ऐतिहासिक नीयति को कुछ और ही मंजूर था. यूक्रेनियों के अनुपम वीरता एवं शानदार हौसले और अमेरिका के नेतृत्व में नॉटो राष्ट्रों द्वारा यूक्रेन को आधुनिकतम हथियारों की निरंतर आपूर्ति ने वस्तुतः पुतिन की यूक्रेन को जल्द फतह कर लेने की सैन्य महत्वाकांक्षा को अभी तक पूरा नहीं होने दिया. रुसी सेना द्वारा यूक्रेन के अनेक इलाकों को पूरी तरह से तबाहो बरबाद करके रख दिया है. यूक्रेन युद्ध ने वहीं यूरोप को भी आर्थिक बरबादी के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है.

यूक्रेन युद्ध का समुचित निदान निकालने के लिए यूरोपीयन यूनियन के अनेक देशों ने भारत की तरफ से निराश होकर अब चीन की तरफ देखना शुरु कर दिया है. हालांकि चीन वस्तुतः रुस का निकट सैन्य सहयोगी देश रहा है, जोकि यूक्रेन युद्ध के संपूर्ण दौर में रुस की सेना को अत्याधुनिक अस्त्र शस्त्रों की अबाध आपूर्ति करता रहा है. यहां तक नॉटो सैन्य संगठन के अग्रणी राष्ट्र अमेरिका के साथ चीन का सैन्य तनाव ताइवान के कारण चरम बिंदु पर कायम है. चीन की इस समस्त विवादित पृष्ठभूमि के बावजूद फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लियेन चीन की तीन दिन की कूटनीतिक यात्रा पर बीजिंग पधार रहे. इस कूटनीतिक यात्रा का स्पष्ट मकसद है कि विश्व पटल पर चीन को यूक्रेन युद्ध में एक शांति दूत का किरदार निभाने के लिए पूरी तरह से राजी करना. यूक्रेन युद्ध के कारण यूरोपीय यूनियन और चीन के संबंधों में लगातार आ रही कूटनीतिक निकटता के मध्य फ्रांस के राष्ट्रपति और यूरोपीय आयोग की अध्यक्षा की चीन यात्रा को अत्यंत महत्वपूर्ण समझा जा रहा है. माह फरवरी में अमरीका के वायुक्षेत्र में उड़ रहे चीन के निगरानी बैलून को मार गिराए जाने के कारणवश अमरीका और चीन के संबंधों में और भी अधिक तल्खी आ गई है. बीजिंग रवाना होने से पहले राष्ट्रपति मैक्रों ने फोन पर अमरीकी राष्ट्रपति से बातचीत की थी और यूक्रेन युद्ध को जल्द से जल्द खत्म करने के कूटनीतिक प्रयासों में चीन को भी शामिल करने पर बाकायदा परस्पर सहमति बन गई है. फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों से पहले जर्मनी के चांसलर ओलॉफ शोल्ज और स्पेन प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने भी हाल में चीन की कूटनीतिक यात्रा अंजाम दी थी. विश्वपटल पर चीन की कूटनीतिक स्थिति का यूक्रेन युद्ध में अत्याधिक महत्व बढ़ गया है. अपनी कूटनीतिक निष्क्रियता के कारण भारत यूक्रेन युद्ध को खत्म करने में अपने कूटनीतिक महत्व को तकरीबन खो चुका है. वॉशिंगटन पोस्ट की एक ताजा रिपोर्ट में मुताबिक फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों वस्तुतः चीन की वर्तमान कूटनीतिक स्थिति तो परिवर्तित नहीं कर सकते हैं, लेकिन उम्मीद की जा सकती है कि उनके प्रयास से चीन को रुस की तरफ और अधिक झुकने से रोका जा सकेगा. स्पष्ट है कि चीन उन चुनिंदा देशों में, जिसमें भारत भी शामिल रहा है, एक देश है जो यूक्रेन युद्ध में किसी भी दिशा में गेम चेंजर जैसा निर्णायक प्रभाव उत्पन्न कर सकता है.

अंतराष्ट्रीय पटल पर यूक्रेन एक बड़ा सैन्य अखाड़ा बन गया है, जिसमें वैश्विक सैन्य समीकरण तय करने के प्रयास हो रहे हैं. यूक्रेन युद्ध को रोकने की बहुत बड़ी तड़प और बेचैनी समस्त यूरोप में स्पष्ट दिखाई दे रही है और नाटो सैन्य संगठन के कुछ देश इसके लिए कुछ अलग हट कर प्रयास कर रहे हैं. चीन की यूक्रेन युद्ध का निदान करने के लिए कूटनीतिक सक्रियता कुछ यूरोपीय देशों के लिए उम्मीद की किरण लेकर लाई है. फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों की चीन यात्रा पर यूक्रेन संकट के लिहाज से पूरी दुनिया खास तौर से यूरोप की निगाहें लगी हुई हैं. क्या राष्ट्रपति मैक्रों इस दिशा में कुछ भी हासिल कर सकेंगे? राष्ट्रपति मैक्रों की कोशिश रही है कि वह राष्ट्रपति जिनपिंग को कूटनीतिक तौर पर राजी करें कि वह यूक्रेन युद्ध का समुचित निदान निकालने के लिए और अधिक सक्रिय हो जाएं तथा राष्ट्रपति पुतिन को यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए राजी करने की कोशिश करें. इससे पहले जर्मनी के चांसलर ओलॉफ शोल्ज और स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज भी जिनपिंग से बाकायदा यही गुजारिश कर चुके हैं कि वे यूक्रेन जाकर व्लादिमीर जेलेंस्की से मिलें. खुद जेलेंस्की भी जिनपिंग से यूक्रेन पधारने की गुजारिश कर चुके हैं. राष्ट्रपति मैक्रों पहले स्वयं भी पुतिन को युद्ध रोकने के लिए राजी करने की पहले ही नाकाम कोशिश कर चुके हैं, लेकिन फिर भी वह उम्मीद कर रहे हैं कि जिनपिंग संभवतया पुतिन को यूक्रेन युद्ध को खत्मा करने के लिए मना सकते हैं. फ्रांस को राष्ट्रपति का मानना है कि वे चीन को रुस की ओर अधिक नहीं झुकने के लिए तो कम से कम मना ही लेंगे. यूक्रेन युद्ध के कारण सारे यूरोप में उर्जा संकट और महँगाई चरम बिंदु को स्पर्श कर रही है. यूरोपीय यूनीयन के देशों में सरकारों के विरुद्ध जबरदस्त नागरिक प्रदर्शन जारी रहे हैं. राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन पर निर्णायक विजय हासिल करने पर आमादा रहे हैं. पुतिन द्वारा परमाणु हथियारों के इस्तोमाल की धमकियां दुनिया को तृतीय विश्वयुद्ध में झोंक सकती है.

**(लेखक नेशनल सिक्योरिटी कॉऊंसिल के सदस्य रहे हैं)**

# फासीवाद के खिलाफ संघर्ष का शॉर्टकट नहीं

**समय- संदर्भ**



**जयप्रकाश नारायण**

बात हो रही थी कि इस वर्ष 2022 की तरह से उन्मादी समूहों द्वारा जनता पर नए सामाजिक, धार्मिक व सांस्कृतिक प्रतिबंध थोपने की कोशिश नहीं हुई, न ही उन्मादी भीड़ के बल पर इन्हें लागू कराया गया। कहीं भी अन्य धर्मों के लोगों को चेतावनी नहीं दी गई कि वह नवरात्र के पवित्र समय में खानपान और धार्मिक व्यवहार बदल लें। अभी तक हिंदुओं के पूजा स्थल के आसपास फल, सब्जियां आदि बेचने वाले मुस्लिम दुकानदारों को खदेड़ने जैसी घटनाएं नहीं दिखाई दीं।

कुछ आश्चर्य सा लग रहा था कि सत्ता समर्थक विध्वंसक दस्ते इतने शालीन और सभ्य कैसे हो गये हैं। क्या इसके पीछे कोई सोची-समझी रणनीति है? कुछ का कहना था कि शायद चुनाव को देखते हुए वे दिखाने के लिए एक कदम पीछे हटे होंगे क्योंकि कुछ दिनों से मोहन भागवत से लेकर नरेंद्र मोदी तक की भाषा में अल्पसंख्यकों के प्रति एक बदलाव सा दिख रहा है। कुछ खास फिरके के मुस्लिम उलेमा या मौलाना सरकार? और संघ के प्रतिनिधियों से मिलते भी रहे हैं । स्वयं भागवत साहब मस्जिद तक की यात्रा कर आए हैं। संभवतः मुस्लिम धर्मगुरु संघ के साथ संबंध और संवाद विकसित करने की कोशिश कर रहे हैं ।

हो सकता है कि इन प्रयासों का यह स्वाभाविक परिणाम हो कि इस वर्ष नवरात्रि-रामनवमी और हनुमान जयंती शांतिपूर्वक गुजर जाये लेकिन यह खुशफहमी दूसरे दिन ही कपूर की तरह हवा में उड़ गई ।

इन्हीं 9 दिनों में सरकार की तरफ से एक सूचना लीक की गई कि एनसीआरटी की किताबों से मुगलकालीन इतिहास, समन्वयवादी संस्कृति और अन्य ऐसे विचारों को हटाया जा रहा है जो आज के दौर में प्रासंगिक नहीं रहे। इस खबर से दिमाग पर एक हल्का सा बल तो पड़ा था कि इतिहास, स्मृति, मिली जुली संस्कृति और सभ्यता? के विकृतिकरण और विलोपन के दौर में क्या यह एक बड़ा हमला होने जा रहा है।

दूसरे ही दिन बिहार, बंगाल व महाराष्ट्र को निशाने पर ले लिया गया। चूंकि भाजपा के तख्ता पलट अभियान को पीछे धकेलते हुए बिहार में महागठबंधन की सरकार बन गई थी जो भाजपा के भारत विजय अभियान में बड़ी बाधा है। इसलिए बिहार में संघ परिवार ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन करके यह दिखा दिया कि उनकी क्षमता को कम करके आंकना किसी भी राजनीतिक-सामाजिक ताकत के लिए आत्मघाती होगा। लक्ष्य कितना सुव्यवस्थित और सुचिंतित था कि इससे समझा जा सकता है कि बिहार के दो सबसे महत्वपूर्ण इस्लामिक सभ्यता के केंद्रों सासाराम और बिहारशरीफ दरी की चपेट में आ गए। सासाराम को शेरशाह सूरी की राजधानी के रूप में जाना जाता है। उसके छोटे से काल की उपलब्धियां महान समझी जाती हैं। इसलिए कहीं भी मुस्लिम शासकों के प्रति भारतीय जनमानस में सकारात्मक नजरिया है तो उसे मिटा देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया और बिहार में सासाराम को चुना गया।

सासाराम में रामनवमी का जुलूस मुस्लिम बहुल इलाके से गुजरा। नफरती-विखंडित सांस्कृतिक चेतना के कारण वे मस्जिदों-दरगाहों के सामने और मुस्लिमों के मुहल्लों में पहुंचते ही आक्रामक हो जाते हैं। जुलूस में डीजे की धुन तेज हो जाती है। इन नौजवानों पर पागलपन और उन्माद छा जाता है। एक आभासी और आरोपित नफरती चेतना मनुष्य को किस तरह से हिंसक जीव में बदल देती है, यह धार्मिक जुलूस में चल रहे तलछट के नौजवानों को देखकर समझा जा सकता है। आमतौर पर सभी संप्रदायों और धर्मों में यह प्रवृत्ति दिखाई देती है।

आश्चर्य है कि गठबंधन सरकार की पुलिस सासाराम में भाजपा की विंग की तरह से काम करती हुई दिखी |महिलाओं व बच्चों के डरावने अनुभवों की जो रिपोर्टें सोशल मीडिया से छनकर आईं हैं, वह भविष्य के अशुभ संकेत हैं। मुस्लिम महिलाओं बच्चों के साथ पुलिस की बर्बरता के निशान हर जगह दिखाई दे रहे हैं। यह कानून के माथे पर लगा कलंक ही नहीं लोकतंत्र की छाती पर लगे गहरे घाव हैं।

नालंदा के बिहार शरीफ में मदरसे और पुस्तकालय पर हुआ हमला शुद्धि व सांस्कृतिक सफाई अभियान का प्रत्यक्ष उदाहरण है। आश्चर्य है कि महागठबंधन सरकार इतने बड़े विध्वंस को रोक पाने में असफल रही। रामनवमी के दूसरे दिन मदरसा और पुस्तकालय को जला दिया गया। जिला प्रशासन किंकर्तव्यविमूढ़ और मूकदर्शक बना देखता रहा। इस स्थिति को देखते हुए नौकरशाही के प्रशासनिक दक्षता और क्षमता पर गंभीर सवाल उठते हैं जबकि उस समय तक सासाराम सहित बिहार के कई जिलों से मुस्लिमों पर हमले और पुलिस की संलिप्तता की खबरें आ चुकी थी। फिर भी पुस्तकालय और मदरसे को बचा न पाना बिहार सरकार सहित इस देश के लिए गंभीर चिंता का सबब होना चाहिए।

मदरसा अजीजिया और पुस्तकालय 1896 में बिहार के सबसे बड़े दानी और धनी महिला बीबी सोगरा द्वारा अपने पति अब्दुल अजीज की याद में कायम किया गया था। उस समय उन्होंने सोगरा स्टेट ट्रस्ट बनाकर अपनी सारी जायदाद ट्रस्ट को वक्फ कर दी थी। इस संपत्ति की सालाना आमदनी एक लाख बीस हजार थी। ट्रस्ट द्वारा मदरसा अजीजिया और कई संस्थान संचालित होते हैं जिसमें एक हाई स्कूल और एक कॉलेज भी है । मदरसे में 500 लड़के-लड़कियों के पढ़ने की क्षमता है ।

1920 में बिहार में मदरसा बोर्ड बना और उसके अधीन मदरसा को भी ला दिया गया। लेकिन मदरसे का संचालन सोगरा वक्फ स्टेटस बिहार शरीफ नालंदा ही करता रहा। बिहार के अनेक महान व्यक्तित्व और विभूतियां मदरसा अजीजिया से पढ़कर निकले हैं जिन्होंने भारत में अपना नाम रोशन किया था। बिहार शरीफ का यह मदरसा और पुस्तकालय सामान्य पुस्तकालय नहीं था। इसमें हमारी गौरव शाली विरासत के हजारों दस्तावेज संरक्षित थे। पटना की खुदाबख्श लाइब्रेरी के बाद यह बिहार का सबसे बृहद समृद्ध पुस्तकालय है जहां हाथ से लिखी पांडुलिपियां, पुस्तकें, दस्तावेज और आजादी से लेकर आज तक की अनेक गौरवशाली स्मृतियां संरक्षित थीं। दुर्लभ कलाकृतियों वाली फर्नीचर, आलमारिया और अनेक ऐसी ऐतिहासिक संपत्ति जला दी? गयी जो अपने अंदर अनेक अनुभव समेटे हुए थी। एक पूरी तारीख को ही मिटा दिया गया है।

यह पुस्तकालय और मदरसा इस धारणा को खंडित करता है कि मुस्लिम इदारे इमदाद या चंदे के पैसे से चलते हैं। इस मदरसे और पुस्तकालय का पूरा संचालन वक्फ की संपत्ति से होने वाली आमदनी होता रहा है जो अपने में एक मिसाल है। हमारी गौरवशाली परंपरा का धरोहर इस पुस्तकालय को जलाने के पीछे सांस्कृतिक शुद्धिकरण की बृहद परियोजना है जो भारत में अभी तक मस्जिदों, दरगाहों, मजारों के हिंदू सांस्कृतिक ऐतिहासिक स्थलों से जोड़कर चलाए जा रहे विमर्श से आगे जाता है। जो अभी तक बाबरी, ज्ञानवापी, मथुरा शाही ईदगाह, ताजमहल, लाल किले और कुतुब मीनार सहित हजारों मस्जिदों पुरातात्विक महत्व के स्मारकों को विवादित बना कर हिंदू स्मारक होने के क्लेम और हटाने-गिराने के अर्थ में दिखाई दे रहा था, जिसका विस्तार करते हुए इसे मदरसों, पुस्तकालयों और ऐतिहासिक महत्व के ज्ञान केंद्रों को मिटा देने के विस्तृत दायरे तक फैला दिया गया है ।

अमृत काल की विशिष्टता को अवश्य समझना चाहिए। ज्ञानवापी से शुरू हुआ अदालती संघर्ष अब बिहार शरीफ के महत्वपूर्ण पुस्तकालय और मदरसे को जलाने तक पहुंच गया है। यही नहीं, ठीक इसी समय एनसीआरटी से मुगलकालीन इतिहास, तर्कवादी विचारधारा, समन्वयवादी चिंतन और राष्ट्रीय आंदोलन के अनेक प्रसंगों, महत्वपूर्ण घटनाओं, दस्तावेजों को पाठ्यक्रमों से निकालकर यह संकेत ढिठाई के साथ दिया जा रहा है कि अब भारत के लोगों को यह स्वीकार कर लेना चाहिए कि देश में हिंदू राज है। इस राज का भारत की विविधतामूलक संस्कृति, लोकतांत्रिक संस्थाओं, परंपराओं कानूनों और संवैधानिक गणतंत्र से कोई दूर तक का रिश्ता नहीं है।

हम देख चुके हैं कि दुनिया में फासीवाद इन्हीं रास्तों से आगे बढ़ा। पहले वह अल्पसंख्यकों , वैज्ञानिक तर्कवादियों और लोकतांत्रिक संस्थाओं को ढहाता, गिराता, मिटाता ज्ञान केंद्रों पर हमला करता हुआ आगे बढ़ता है। खलनायक बना दिए गए अल्पसंख्यकों, कमजोर वर्गों, तर्कवादियों, मार्क्सवादियों को धमकाते, मिटाते, संस्थानों को जलाते , मारते-काटते आगे बढ़ते हुए अंततोगत्वा बहुसंख्यक समाज के दरवाजे पर दस्तक देता है।

रामनवमी के जुलूस या शोभा यात्रा के नाम पर हिंदुत्व का रथ सासाराम बिहार शरीफ में पुस्तकालय को जलाकर हावड़ा-बंगाल में तांडव मचाते हुए महाराष्ट्र में मदरसों-दरगाह पर भगवा झंडे लहराने तक जा पहुंचा। राजधानी दिल्ली की गलियों से हुंकार भरता हुआ, हरियाणा, मध्य प्रदेश, झारखंड, उत्तर प्रदेश के विभिन्न इलाकों को रौंदते हुए अपने विजय का डंका पीट रहा है।

गृहमंत्री ने तत्काल इन क्षेत्रों की यात्रा का ऐलान कर दिया। दंगाइयों को उल्टा लटका देने की घोषणा के साथ उन्होंने एक सभा में बिहारवासियों से मोदी को बिहार की 40 में से 40 सीटें दे देने का आवाहन किया। इस सफाई अभियान और तेजी का अर्थ समझा जा सकता है। इसे देखकर कौन नहीं कह सकता है कि रामनवमी के दिन शोभायात्रा के नाम पर जो कुछ घटित हुआ, वह एक सोची-समझी डिजाइन का हिस्सा है। हनुमान जयंती और भाजपा के स्थापना दिवस पर नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब समय आ गया है कि हमें हनुमान जी की तरह से कठोर कदम उठाने होंगे।

भाजपा और संघ परिवार की चिर आकांक्षा रही है कि भारतीय समाज का हिंदू करण और हिंदुओं का सैन्यीकरण' किया जाये, संभवतः यह फलित होते हुए दिख रही है। निश्चय ही मीडिया, कारपोरेट पूंजी, काले धन और सत्ता का दुरुपयोग करके भाजपा सरकारों ने भारतीय जनमानस में विध्वंस की चेतना को नीचे तक पहुंचाने में कामयाबी हासिल कर ली है। इसलिए लोकतांत्रिक जनगण के लिए यह बड़ा सवाल और कठिन समय है। इसका प्रतिवाद वह कैसे करें? भारत में लोकतंत्र व संविधान की सुरक्षा कैसे की जाए? उसे कैसे और मजबूत करें? बिहार के महागठबंधन प्रयोग ने जो चुनौती भाजपा के समक्ष पेश की थी, संघ-भाजपा और कारपोरेट पूंजी के गठजोड़ के लिए जो चुनौती से उत्पन्न खतरे से पार निकलने के लिए जो नई योजना तैयार की है, वह बहुत ही गंभीर है । इसलिए सिर्फ सरकार बनाकर भाजपा की पकड़ को कमजोर कर देने की खुशफहमी पालने की जरूरत नहीं है। ना ही हमें अतीत के भोथरे हो चुके हथियारों को नए रंग रोगन लगाकर फिर से चमकाने की जरूरत है। अतीतकालीन क्षणिक सफलताओं के मुगालते में खोए हुए कुछ चिंतकों की तरह जातीय समीकरण बिठा कर हिंदुत्व कारपोरेट गठजोड़ को शिकस्त देने का दिवास्वप्न देखना वस्तुतः जटिल चुनौतियों से भागना है। जो लोग अभी भी इसी विचार प्रक्रिया के शिकार हैं, उनके बारे में सिर्फ इतना ही कहा जा सकता है कि कारपोरेट वित्तीय पूंजी के सबसे क्रूर राजनीतिक मॉडल फासीवाद की कार्यशैली और शक्ति के बारे में उन्हें तनिक भी ज्ञान नहीं है।

हमें लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ जनता के बुनियादी सवालों को लेकर सड़कों पर केंद्रित और संघनित हो रहे जनाक्रोश को नई दिशा में मोड़ने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। इसके लिए अगर गठबंधन जैसी सरकारें कुर्बान करनी हो तो तनिक भी हिचकने की जरूरत नहीं है। हां, यह समय व्यापक राजनीतिक शक्तियों के गठबंधन को आगे बढ़ाने का है। उसे एक मुकम्मल पैकेज के साथ जनता के बीच में व्यापक जन चेतना विकसित करते हुए विराट जन आंदोलन खड़ा करने का प्रयास करना होगा जो संसद से लेकर सड़क तक अल्पसंख्यकों, महिलाओं, कमजोर वर्गों, बेरोजगार छात्र-युवाओं, किसानों, मजदूरों के साथ समस्त उत्पीड़ित जनता के सवाल को आने वाले महासंग्राम का मुद्दा बनाए। इस प्रकार 2024 में इस निजाम को सत्ता से बेदखल करने की जिम्मेदारी कंधे पर लेना होगा। भारत में घट रही विभिन्न क्षेत्रों में विध्वंसक घटनाएं हमसे यह मांग कर रही हैं कि हम बहुत बड़ी सामाजिक जन गोलबंदी करते हुए फासीवाद विरोधी व्यापक मोर्चे का निर्माण करें जो विभिन्न स्तरों पर सरकार बनाने से लेकर जन संघर्षों की अगुवाई करें।

फासीवाद के खिलाफ संघर्ष का कोई शॉर्टकट संक्षिप्त रास्ता नहीं है । हमें एक जटिल और साहसिक अभियानों के द्वारा ही इसे शिकस्त देनी होगी। यही एकमात्र विकल्प लोकतांत्रिक नागरिकों के समक्ष है।

**(लेखक वामपंथी चिंतक और एक्टिविस्ट हैं, संपर्क- 94158 35719)**

# सामाजिक न्याय के मुद्दे पर बने: भाजपा विरोधी गठबंधन

**प्रसंगवश**



**एच.एल. दुसाध**

भारत में कुछ दिनों से 2024 के आम चुनाव को देखते राजनीतिक एकजुटता का मौसम चल रहा है. अप्रतिरोध्य भाजपा से पार पाने के लिए कैसे विपक्षी दलों में एकजुटता हो, इसकी कवायद चल रही है. इस क्रम में विपक्षी दलों की ओर से कई आयोजन हो हो चुके हैं. ऐसा ही एक आयोजन गत 3 अप्रैल को दिल्ली के महाराष्ट्र सदन में हुआ जिसमे 13 राज्यों के 19 राजनीतिक दलों के 23 नेताओं सहित दर्जन भर के करीब जाने-माने बुद्धिजीवियों ने शिरकत किया.इस सम्मलेन में जहाँ एमके स्टालिन, फारुख अब्दुल्ला, अशोक गहलोत, वीरप्पा मोइली, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव , सीताराम येचुरी, हेमंत सोरेन,बीडी बोरकर, वामन मेश्राम,संजय सिंह, डी राजा, प्रो मनोज झा, छगन भुजबल इत्यादि ने सामाजिक न्याय पर जोरदार तरीके से अपनी बात रखी, वहीँ बुद्धिजीवियों में दिलीप मंडल, डॉ. अनिल जयहिंद ,प्रो. रतन लाल, प्रो लक्ष्मण यादव, प्रो सूरज मंडल इत्यादि ने भी संबोधित किया. यह आयोजन सचमुच में अभूतपूर्व व ऐतिहासिक रहा, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि सामाजिक न्याय पर चर्चा करने के लिए कांग्रेस, आरजेडी,एसपी, जेएमएम, डीएमके, सीपीएम, बीआरएस, एनसीपी, विकेसी, जेयूएमएल, टीएमसी इत्यादि पार्टियाँ पहली बार एक साथ, एक मंच पर आईं. 2024 को ध्यान में रखकर इतने दलों का सामाजिक न्याय के मुद्दे पर एक मंच पर आना खुद में एक चमत्कार रहा, जिसे घटित करने का श्रेय तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, जस्टिस वी ईश्वरैय्या और वीरेंदर सिंह यादव तथा सांसद पी विल्सन को जाता है. दरअसल स्टालिन ने गत 1 मार्च को अपने जन्मदिन के मौके पर विपक्षी दलों की रैली में विपक्षी दलों के बीच एकता की भावना की वकालत की थी.उसी के तहत 3 अप्रैल को दिल्ली के महाराष्ट्र सदन में डीएमके द्वारा प्रायोजित ऑल इंडिया फेडरेशन फॉर सोशल जस्टिस के प्रथम राष्ट्रीय सम्मलेन का आयोजन हुआ,जिसमें सामाजिक न्याय के मुद्दे पर एकजुटता की सम्भावना तलाशी गयी.

इस क्रम में 2024 में सामाजिक न्याय की उपयोगिता पर रौशनी डालते हुए हिन्दी पट्टी में सामाजिक न्याय के सबसे चमकदार चेहरे तेजस्वी यादव ने कहा,'सामाजिक न्याय के सरोकारों की धुरी की राजनीति ही धार्मिक उन्माद और साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण की भाजपाई राजनीति का मुंहतोड़ जवाब दे सकती है.' तेजस्वी यादव की बात को ही एक तरह से आगे बढ़ाते हुए 'संविधान बचाओ संघर्ष समिति' के संयोजक डॉ. अनिल जयहिंद ने कहा है,' विपक्षी गठबंधन केवल सामाजिक न्याय के मुद्दे पर हो सकता है. इस मुद्दे को पकड़कर ही हम चरम सामाजिक न्याय-विरोधी भाजपा को मात दे सकते हैं. कुछ पार्टियाँ सामाजिक न्याय के मुद्दे को दरकिनार अडानी और लोकतंत्र बचाने के नाम पर चुनाव लड़ना चाहती हैं. वो भी रखो लेकिन पहला और मुख्य मुद्दा सामाजिक न्याय रहे. माननीय स्टालिन के नेतृत्व में यह गठबंधन बने. यही 2024 के चुनाव का मुख्य एजेंडा रहे. सामाजिक न्याय का आखिरी निर्णायक युद्ध लड़ने का समय आ चुका है.' सामाजिक न्याय सम्मलेन में शामिल अधिकांश नेताओं और बुद्धिजिवियों के बयानों में तेजस्वी और डॉ. जयहिंद यादव के बयानों की अनुगूँज सुनाई पड़ी. सम्मलेन के शेष में डीएमके के एमके स्टालिन ने आह्वान किया,' आइए सामाजिक न्याय का भारत, समान न्याय का भारत और भाईचारे का भारत बनाने के लिए मिलकर लड़ें.'बहरहाल 2024 के लोकसभा को ध्यान में रखते हुए हाल के दिनों में विपक्षी दलों द्वारा एकजुटता के लिए जो तरह- तरह के प्रयास हो रहे हैं,उनमें सामाजिक न्याय के मुद्दे पर विपक्ष की एकजुटता क्या उस एकजुटता से ज्यादा कारगर होगी जो मोदी सरकार के भ्रष्टाचार और तानाशाही भरे रवैये के खिलाफ आकार लेती दिख रही है?

एकजुटता के मौसम में अगर विपक्षियों की गतिविधियों पर ध्यान दिया जाय साफ दिखेगा कि गत 24 जनवरी को अमेरिकी फर्म 'हिंडनबर्ग रिसर्च' की अडानी ग्रुप पर रिपोर्ट प्रकाशित होने के बाद से देखते ही देखते भ्रष्टाचार सबसे बड़ा मुद्दा बन गया है. अडानी को लेकर विपक्ष,खासतौर राहुल गाँधी और अरविन्द केजरीवाल जिस तरह आक्रामक हैं; जिस तरह सत्ता विरोधी मीडिया मुखर है, उससे ढेरों लोगों को लगने लगा है कि देश में वैसे हालात बन गए हैं, जिस हालात में बोफर्स क मुद्दा उठाकर वीपी सिंह आज के मोदी जैसे शक्तिशाली राजीव गाँधी को सत्ता से बेदखल कर दिए थे. इस कारण ही कुछ पार्टियाँ भ्रष्टाचार नाम पर लामबंद होती दिख रही हैं.पर, क्या वे अडानी मामले को बोफर्स की भांति सद्व्यवहार कर पायेगी!

यह सवाल इसलिए उठ रहा है क्योंकि मोदी सरकार सत्ता में आने के कुछ वर्ष बाद से ही तरह- तरह के भ्रष्टाचार के आरोप में घिरती रही है. नीरव मोदी, मेहुल चौकसी, विजय माल्या,ललित मोदी काण्ड को लेकर बार-बार विपक्ष भाजपा को घेरता रहा है.आरोप यह भी लगे कि एनडीए के सत्ता में आने के कुछ अन्तराल बाद ही अमित शाह के बेटे जयशाह के व्यापार में कल्पनातीत इजाफा हो गया. यही नहीं मोदी राज में आर के राघवन, जस्टिस सदाशिवम, जस्टिस सुनील गौर, केवी चौधरी, राकेश अस्थाना, वाईसी मोदी, वकील यूयू ललित इत्यादि को लेकर भी मोदी सरकार पर उंगलियां उठीं, पर, मोदी सरकार आंधी तूफान की तरह आगे बढती ही रही. सबसे बड़ा सवाल तो फ्रांस के रफायल डील को लेकर उठा था . लगा रफायल रक्षा सौदा मोदी के लिए बोफर्स साबित होगा. तब आज ही तरह राहुल गांधी अडानी को लेकर सदन से सड़क तक मोदी को ललकारते दिख रहे हैं, लगता है आज वह रफायल दौर का ही सिन रिक्रिएट किये जा रहे हैं. आज जिस तरह राहुल गाँधी अडानी को लेकर मोदी को ललकार रहे हैं, वैसा ही रफायल घोटाले के प्रकाश में आने के बाद किये थे. किन्तु आक्रमण को बचाव का सर्वोत्तम उपाय मानने वाले मोदी विपक्ष पर ही उल्टा हमला करते हुए सभी आरोपों को झेल लिए और जो विपक्ष का रफायल डील के जरिये बड़ा उलट-फेर करने सपना देख रहा था, उसके मंसूबों पर पानी फेर दिए थे . आज मोदी रफायल की भांति ही अडानी मुद्दे को फ्यूज करने के लिए अपने चिरपरिचित अंदाज में मुस्तैद हो गए हैं.

बहरहाल भ्रष्टाचार के आरोपों से जूझने की मोदी की सिद्धहस्तता और अडानी मामले से पार पाने की मोदी की तैयारियों को देखते हुए कहा जा सकता है कि विपक्ष अडानी के भ्रष्टाचार को आधार बनाकर 2024 में गारंटी के साथ फते'ाबी हासिल नहीं कर सकताः मोदी उसके मंसूबों पर पानी फेर सकते हैं.ऐसे में 2024 में मोदी को शिकस्त देने के लिए विपक्ष को किसी ऐसे अन्य मुद्दे की तलाश करनी होगी जिसकी मीडिया, संघ के आनुषांगिक संगठनों और संवैधानिक संस्थाओं के समर्थन से पुष्ट मोदी काट ना ढूंढ सकें और ऐसा मुद्दा है सिर्फ सामाजिक न्याय का मुद्दा! वास्तव में आज की तारीख में अप्रतिरोध्य बन चुकी दुनिया की सबसे ताकतवर व विशालतम पार्टी भाजपा को यदि मात दिया जा सकता है तो सिर्फ और सिर्फ सामाजिक न्याय के मुद्दे के जोर से ही दिया जा सकता और यह बात बिहार विधानसभा चुनाव 2015 लालू प्रसाद यादव ने साबित कर दिया है.

मोदी ने विगत आठ वर्षों से मंदिर आन्दोलन के सहारे मिली सत्ता का अधिकतम इस्तेमाल आरक्षण के खात्मे तथा बहुसंख्य लोगों की खुशिया छीनने में किया है. इसके तहत ही मोदी राज में श्रम कानूनों को निरंतर कमजोर करने के साथ ही नियमित मजदूरों की जगह ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा देकर, शक्तिहीन बहुजनों को शोषण-वंचना के दलदल में फंसानें का काम जोर-शोर से हुआ है . बहुसंख्य वंचित वर्ग को आरक्षण से महरूम करने के लिए ही एयर इंडिया, रेलवे स्टेशनों और हास्पिटलों इत्यादि को निजीक्षेत्र में देने की जोरदार शुरूआत हुई और आज अग्निवीर जैसी योजनाओं की झड़ी लग गयी है .कुल मिलाकर जो सरकारी नौकरियां वंचित वर्गों के धनार्जन का प्रधान आधार थीं, मोदीराज में उसके स्रोत आरक्षण को कागजों की शोभा बनाने का काम लगभग पूरा कर लिया गया है. मोदी के इन कार्यों से सामजिक अन्याय का अभूतपूर्व अध्याय रचित हो गया है. ऐसे में जोर गले से कहा जा सकता है कि मोदी के खिलाफ 2015 के मुकाबले आज सामाजिक न्याय का हथियार कई गुना प्रभावी हो सकता है. ऐसे में यदि विपक्ष मोदी को सामाजिक न्याय के पिच पर खेलने के लिए मजबूर कर दे, वह शर्तिया तौर पर बोल्ड हो जायेंगे !

**(लेखक बहुजन डाइवर्सिटी मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं. संपर्कः 9654816191)**

## डी एम मिश्र की गजलें



1
काट दो तो और कल्ले फूटते हैं/ और भी ताजे, हरे वे दीखते हैं
खूं उतर आता है जब आंखों में यारो /तब उन्हीं झरनों से शोले फूटते हैं
चींटियों के संगठित दल देखकर के /हाथियों के भी पसीने छूटते हैं
मान लूं कैसे कि वो इंसान चुप है /उसके माथे पर पड़े बल बोलते हैं
ऐसे अय्यारों को भी देखा है मैंने /खास बनकर के जो पत्ता काटते हैं
जिनको अपने आप पर होता भरोसा /आसमानों को वो छूकर लौटते हैं
वो कभी प्यासे नहीं मरते यकीनन /जो बियाबानों में दरिया ढूढते हैं

2
शहर ये जले तो जले लोग चुप हैं/ धुआं भी उठे तो उठे लोग चुप हैं
जरा सी नहीं फिक्र शायद किसी को/ खजाना लुटे तो लुटे लोग चुप हैं
कहां होगा फिर पंछियों का बसेरा/शजर ये कटे तो कटे लोग चुप हैं
सभी को पड़ी है यहां सिर्फ.अपनी/पड़ोसी मरे तो मरे लोग चुप हैं
यहां लोग भगवान के हैं भरोसे/जो सूखा पड़े तो पड़े लोग चुप हैं
अलीगढ़ के ताले लगाकर के बैठे/भले पाप फूले फले लोग चुप हैं
न घर में दिये हैं, न बाहर मशालें/अंधेरा बढ़े तो बढ़े लोग चुप हैं

**व्यंग्य**



# असली नकली चेहरे

**सुधाकर आशावादी**

एक समय था , जब कहा जाता था कि क्या मिलिए ऐसे लोगों से जिनकी फितरत छुपी रहे, नकली चेहरा सामने आए असली सूरत छुपी रहे। उसके बाद किसी ने यह राज उजागर किया कि लाख छुपाओ छुप न सकेगा राज हो कितना गहरा ,दिल की बात बता देता है असली नकली चेहरा। वह दौर अब पुराना लगता है कि जब चेहरे अपनी भाव भंगिमाओं से सच व्यक्त कर दिया करते थे। अब चेहरे पढना सरल नहीं रह गया है। मजबूरी में ऐसे ही लोगों से मिलना जरुरी हो गया है जिनकी फितरत छुपी रहती है। असली चेहरे सामने आते ही नहीं। क्षेत्र चाहे कोई भी हो, चेहरे किसी के होते हैं और मुखौटे किसी अन्य के। एक नेता की प्रेस कॉन्फ्रेंस देख रहा था, नेता ने अपने दाएँ बाएँ जिन्हें बिठा रखा था, वे नेता से कानाबाती कर रहे थे, नेता के कान में कुछ फुसफुसा रहे थे और नेता उस कानाबाती के बाद अपने वक्तव्य दे रहे थे। यह कोई नई बात नहीं है। एक दिन में नेता को अनेक जगह भाषण देना होता है, वह अपने चिन्तन से तो कुछ सटीक कह नहीं सकता, सो भाषण लिखने के लिए दिहाड़ी के आदमी वह रखता ही है, जो नेता के हाथ में पर्चा देकर कुछ बिंदु समझा देते हैं। यदि नेता के हाथ में सिर्फ पर्चा ही दिया जाय और कुछ समझाया न जाय, तो नेता सदन में नये बजट की जगह पुराना बजट पढने के लिए विवश हो सकता है। ऐसे में क्या यह नहीं लगता कि नेता का चेहरा नकली है, असली चेहरा वही है, जो पर्दे के पीछे है,जो नेता को निर्देशित कर रहा है। यह तो बात रही नेता और उसके पीछे छुपे असली चेहरे की। साहित्य भी असली नकली चेहरों से सन्नद्ध है। पता नहीं चलता कि जिसे विश्व विख्यात साहित्यकार घोषित किया गया है, वह असली है या नकली ? कहीं ऐसा तो नहीं कि जिन पुस्तकों का उसे लेखक दशार्या गया है, वे पुस्तकें उन महोदय द्वारा लिखी भी गई हैं या पुस्तक लिखने वाली कलम किसी और की है? यूँ ही बातों बातों में मैंने एक संपत्ति व्यवसायी से पूछ लिया कि आप इतने बड़े लेखक हैं, एक बार में ही दर्जनों पुस्तकों का विमोचन कराते हैं, पुस्तक लिखने के लिए इतना समय कहाँ से लाते हैं ? आपको तो याद भी नहीं रहता होगा कि किस पुस्तक में कौन सी विषयवस्तु है ? मेरी नजरें उन पर ही गड़ी थी, पहले तो वह कुछ सकपकाय, फिर बोले - 'मित्र आपसे क्या छुपाना मुझे तो सम्पत्ति के व्यवसाय से ही फुर्सत नहीं मिलती, हर समय निन्यानवें के एर में रहता हूँ। मेरे एक मित्र प्रकाशक हैं, मैंने उनसे ही अपनी यश वृद्धि हेतु अनुबंध किया है, वे मेरे नाम से पुस्तक प्रकाशित करते रहते हैं और अपने मुनाफे का कुछ हिस्सा मैं भी उन्हें देता रहता हूँ।' मैंने कहा - 'आपको इससे क्या लाभ मिलता है ?' वह बोले - 'लाभ की आप कल्पना नहीं कर सकते , मैं जानता हूँ कि मुझे कितना लाभ मिलता है , सबसे बड़ी बात तो यह है कि मेरी पहचान बुद्धिजीवी के रूप में होती है, पिछले बरस मुझे साहित्य शिरोमणि का पुरस्कार भी मिल चुका है , पुरस्कार में एक लाख रुपए नकद और प्रशस्ति पत्र मिला है, बताओं कितने असली साहित्यकारों को ऐसा पुरस्कार मिला ?' उन्होंने उल्टा मुझ पर ही प्रश्न उछाल दिया। मैं बोला - 'सो तो है, मगर इतना बड़ा पुरस्कार आपको मिला कैसे ?' वह बोले - 'इसमें कोई बड़ी बात नहीं है, मेरे प्रकाशक ने ही यह जुगाड़ किया, मुझसे कहा गया कि प्रशस्ति पत्र आपका और पुरस्कार राशि, पुरस्कार दिलाने वाले की, मुझे भला इसमें क्या आपत्ति हो सकती थी , मैंने हामी भर दी और मिल गया मुझे पुरस्कार।' मैंने कहा -' गुरु मान गए, यहाँ तो पचास बरस से साहित्य साधना कर रहे हैं किन्तु अपनी साहित्य साधना पर अभी तक किसी भी साहित्यिक अकादमी के देव प्रसन्न नहीं हुए। ' वह बोले - ' तुम भी मेरी तरह से पुरस्कार राशि का मोह छोड़कर मात्र प्रशस्ति पत्र पर संतोष करो, तो तुम्हारे लिए भी बड़े पुरस्कार का जुगाड़ हो सकता है।' मैं मुंह ताकता रह गया। मुझे एक गीत की पंक्तियाँ स्मरण हो आई - ' रामचंद्र कह गए सिया से ऐसा कलयुग आएगा, हंस चुगेगा दाना तिनका, कौवा मोती खाएगा।

**( लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क 9758341282)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# हर एक को मतदान का है हक : डीएम

संबोधन

## जिलाधिकारी ने बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जनसंदेश न्यूज

**लालगंज।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बुधवार को आयोजित मतदाता जागरूकता गोष्ठी एवं रैली में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को मतदान करने का अधिकार है। इस मतदान से लोकतंत्र की प्रक्रिया मजबूती से आगे की ओर बढ़ती है और लोकतंत्र जीवंत होकर समाज का कल्याण करता है।

गोष्ठी को संबोधित करने के बाद जिलाधिकारी ने बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बाइक सवार लोगों ने मतदान देने हेतु लोगों को जागरूक करते हुए लालगंज बाजार का चक्रमण करते हुए थाने के सामने से होकर पतुलकी फोर लाइन तक चक्रमण करते हुए रैली का समापन किया। रैली के साथ थाना प्रभारी ज्ञानू प्रिया अपने दल बल के साथ मौजूद रही। मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी बीएस ने कहा कि पिछले चुनाव से अधिक मत प्रतिशत देने की जरूरत है जिसकी जिम्मेदारी प्रत्येक जागरूक नागरिक की है, क्योंकि पिछली बार 57 प्रतिशत मत पड़े थे। इस उपचुनाव में मत प्रतिशत सत प्रतिशत प्रयास करने की जरूरत है, क्योंकि प्रत्येक वोटर का अपना मत अपना स्थान निश्चित करता है। उपजिलाधिकारी भरत लाल सरोज ने कहा कि निर्भीक होकर मतदान करें किसी भी दबाव में नहीं आए जरूरत पड़ने पर प्रशासन को सूचना दें। कार्यक्रम का संचालन मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ आईडीएन चतुवेर्दी ने किया।

इस अवसर पर तहसीलदार शशांक शेखर राय, खंड विकास अधिकारी संजय कुमार श्रीवास्तव, खंड शिक्षा अधिकारी संजय यादव, डीसी मनरेगा मोहम्मद नफीस, नायब तहसीलदार मधु जैन, अधिकारी कर्मचारी शिक्षक लेखपाल रैली में शामिल हुए।



वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करतीं डीएम व सीडीओ


कोटेदारों व प्रधानों को जागरूक करतीं डीएम

### शांतिपूर्ण मतदान कराने की आंख व कान हैं प्रधान : डीएम

**हलिया।** ब्लॉक सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने विकास खंड के ग्राम प्रधानों एवं कोटेदारों के संग बैठक कर कहा कि प्रधान एवं कोटेदार गांव में लोगों को वोट देने के लिए प्रेरित करें। मतदाताओं का अधिकार एवं कर्तव्य है कि वह निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव में वोट करें। गांव में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न होना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि गांव में लोग प्रधान तथा कोटेदार के पास जाते हैं और दोनों व्यक्ति के सकारात्मक भूमिका के बिना कोई कार्य संभव नहीं है। शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए प्रधान आंख व कान हैं। 13 मई तक लोग आचार संहिता का पालन करें। एडीएम शिव प्रसाद शुक्ला ने कहा कि हलिया विकास खंड के 79 ग्राम पंचायतों में 186 बूथों पर एक लाख बावन हजार दो सौ उनतीस मतदाता हैं। विगत वर्ष जनपद के छानबे विधानसभा में शांतिपूर्ण मतदान हुआ था। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त शिव प्रताप शुक्ल, एसडीएम भरत लाल एडिशनल एसपी ओपी सिंह ईत्यादि लोग मौजूद रहे।

### पेट्रोल लेने के बाद अचानक कार में लगी आग

**लालगंज।** फोरलेन सड़क मिश्रपुर गांव के सामने बुधवार को स्थित पेट्रोल टंकी पर फोर व्हीलर वाहन पेट्रोल लेने के बाद गाड़ी स्टार्ट की तो उसमें धुआं निकलने लगा और वाहन में आग लग गई। धुआं आग की लपट देखते ही वाहन में सवार ड्राइवर समेत आनन-फानन में गाड़ी छोड़कर बाहर निकल आए। टंकी के कर्मचारियों के सहयोग से गाड़ी को धकेलते हुए मेन रोड पर पहुंचा दिया। गाड़ी धू-धू कर जलने लगी। वाहन ड्राइवर द्वारा तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग को बुझाया गया। वाराणसी के इमलिया तारा रघुराज स्टेडियम निवासी गणेश चौबे पुत्र रामेश्वर चौबे परिवार सहित बिलासपुर जा रहे थे। फोरलेन मिश्रपुर के पास पहुंचे तो वहां स्थित पेट्रोल टंकी पर तेल गाड़ी में लेने लगे। तेल भरवाने के बाद गाड़ी स्टार्ट किए तो उसमें धुआ और आग की लपटें निकलने लगी। जिससे घबरा गए और गेट खोलकर सवार समेत बाहर निकल आए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उसमें दो महिला और दो पुरुष सवार थे। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की गाड़ी आग बुझाया लेकिन वाहन 70 प्रतिशत से अधिक जलकर खाक हो चुका था। वाहन जलने की खबर पाए जाने पर थानाध्यक्ष ज्ञानू प्रिया भी मौके पर पहुंच गई थी।

# 444 बूथों पर कुल 2309 कार्मिकों को दिया गया प्रशिक्षण

## दो पालियों में सम्पन्न हुई ट्रेनिंग

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विधानसभा छानबे उप निर्वाचन एवं नगर निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिला पंचायत सभागार में मास्टर ट्रेनर ईवीएम एवं सामान्य प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रधानाचार्य आईटीआई, उप प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कालेज मीरजापुर, जिला प्रशिक्षण अधिकारी भोड़सर, सहायक चकबन्दी अधिकारी एवं प्रशिक्षक राजकीय पालिटेक्निक बथुआ, द्वारा विस्तृत रूप से 02 पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु उपस्थित मास्टर ट्रेनर ईवीएम के प्रतिभागियों की संख्या 30 एवं सामान्य प्रशिक्षण पोस्टल बैलेट के प्रतिभागियों की संख्या 30 थी, जिसमें समस्त प्रतिभागी उपस्थित पाये गये। सर्वप्रथम प्रशिक्षण के प्रथम पाली में विधान सभा उप निर्वाचन छानबे में कुल 444 बूथ पर कुल 2309 कार्मिकों को प्रशिक्षण देने हेतु मास्टर ट्रेनर ईवीएम को बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट कनेक्शन अर्थात केबिल को जोड़कर संचालन किये जाने के लिये प्रशिक्षित किया गया। द्वितीय पाली में नगर निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 में कुल 332 बूथ पर 1732 कार्मिकों को प्रशिक्षण देने हेतु मास्टर ट्रेनर (सामान्य प्रशिक्षण) को बैलेट बाक्स को खोलना, सील करना, विभिन्न प्रपत्रों को भरना एवं सांविधिक एवं असांविधिक लिफाफे के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। जनपद मीरजापुर में 03 नगर पालिका. अहरौरा, चुनार व मीरजापुर एवं 01 नगर पंचायत कछवां है, जिसके लिए मतदान मतपत्र (बैलेट पेपर) के माध्यम से कराया जायेगा।

### पिता की डांट से क्षुब्ध युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बरूआ गांव निवासी युवक ने घर से पांच सौ मीटर दूर नाले के किनारे अर्जुन के पेड़ में प्लास्टिक की रस्सी के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। जानकारी के अनुसार बरूआ गांव निवासी सीताराम कोल का बीस वर्षीय पुत्र राजबहादुर सोमवार को औरा गांव में बाइक से अपने नाना रामनारायण के यहां गया था। उसके बाद नाना को लेकर उनकी ससुराल मनिगढ़ा गांव चला गया। मंगलवार को घर लौटने पर पिता ने दो दिन घर से बाहर रहने को लेकर डाट फटकार लगाई तो युवक पिता की डांट से क्षुब्ध होकर घर से पांच सौ मीटर दूर मगरदहा नाले के पास अर्जुन के पेड़ में प्लास्टिक की रस्सी के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। मंगलवार शाम को बकरियों को पानी पिलाने गये चरवाहे पेड़ से शव लटका देख गांव में सूचना दी। सूचना पर रोते बिलखते हुए परिजन पेड़ के पास पहुंच गए और घटना की जानकारी पुलिस को दी। परिजनों ने बताया कि मृतक की आगामी एक मई को शादी होने वाली थी। थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह ने बताया कि पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, घटना की जांच की जा रही है।

# डीएम ने अधिकारियों संग किया स्ट्रांग रूम एवं मतगणनास्थल का निरीक्षण

## कलेक्ट्रेट में स्थापित नामांकन कक्ष व सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**मीरजापुर।** विधानसभा छानबे उप निर्वाचन 2023 एवं नगर निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी दिव्या मित्तल ने मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल सहित अन्य अधिकारियों के साथ राजकीय पालीटेक्निक में विधान उप निर्वाचन के मतगणना एवं स्ट्रांग रूम का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने पार्टियों के रवानगी स्थल, मतगणना कक्ष एवं स्ट्रांग रूम एवं वहां पर कार्मिकों एवं मतगणना एजेंट को आने जाने की व्यवस्थाओं से सम्बन्धित रूट चार्ट तथा सुरक्षा व्यवस्था के लिये बैरीकेटिंग कंट्रोल आदि भ्रमण कर निरीक्षण करते हुये अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। तत्पश्चात नगर निकाय सामान्य निर्वाचन के मतदान के उपरान्त राजकीय इंटर कालेज महुवरिया एवं केन्द्रीय विद्यालय में होने वाले मतगणना कक्ष स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया तत्पश्चात दोनों निर्वाचनों के लिये निर्वाचन कार्मिकों के प्रशिक्षण स्थल का भी निरीक्षण करते हुये विस्तृत जानकारी प्राप्त की गयी। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव प्रताप शुक्ल ने बताया कि जी0आई0सी0 परिसर महुवरिया में स्थापित केन्द्रीय विद्यालय में नगर पालिका परिषद मीरजापुर के लिये मतगणना स्थल एवं स्ट्रांग रूम बनाया गया है तथा राजकीय इंटर कालेज के सभागार में नगर पंचायत कछवां के लिये मतगणना स्थल बनाया गया हैं। जिसके लिये सभी व्यवस्थाए व सुरक्षा व्यवस्था हेतु बैरीकेटिंग, रूट चार्ट आदि बनाया जा रहा हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विधानसभा छानबे के लिये मुख्य राजस्व अधिकारी न्यायलय में बनाये गये नामांकन कक्ष व सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात कलेक्ट्रेट में परिसर में स्थित उप जिलाधिकारी के न्यायालय में नगर पालिका मीरजापुर के अध्यक्ष पद के नामाकंन हेतु एवं अपर उप जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय, कार्यालय में नगर पंचायत कछवां के अध्यक्ष एवं सदस्य पद के नामाकंन के लिये बनाये जा रहे स्थल का पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव प्रताप शुक्ल एवं अपर पुलिस अधीक्षक ने कलेक्ट्रेट में आने वाले प्रत्याशियों के लिये व्यवस्था, पार्किंग, बैरीकेटिंग, सुरक्षा व्यवस्था आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर चन्द्रभानु सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर परमानन्द कुशवाहा, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

# अराजकतत्वों ने तोड़ी बुद्ध की प्रतिमा, ग्रामीणों में आक्रोश

**कलवारी।** स्थानीय थाना क्षेत्र मड़िहान के अंतर्गत ग्राम सभा बैदौली स्थित बुद्ध की प्रतिमा अराजक तत्वों ने तोड़ दिया। सुबह मूर्ति टूटने की घटना आग तरह क्षेत्र में फैल गई। देखते ही देखते मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण प्रज्ञा बुद्ध विहार में भीड़ जुट गई। बुद्ध की प्रतिमा सन 2014 में स्थापित की गई थी। बेदौली प्रधान पति अजय कुमार ने थाना मड़िहान व तहसील मड़िहान को टेलीफोन से बुद्ध मूर्ति टूटने की सूचना दिया।

मौके पर इंस्पेक्टर मड़िहान शैलेश कुमार राय दल बल के साथ पहुंचे, मौके का मुआयना किया। ग्रामीण प्रतिमा टूटने से आक्रोशित थे। मूर्ति टूटने की घटना से प्रशासन के हाथ-पांव फूलने लगे। उधर घटना की जानकारी होने पर मौके पर सीओ मड़िहान अनिल कुमार पांडेय, एसडीएम मड़िहान अश्वनी कुमार सिंह, तहसीलदार फूलचंद यादव मौके पर पहुंचे, प्रतिमा टूटने के बारे में ग्रामीणों से जानकारी ली और ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि बुद्ध की प्रतिमा तोड़ने वाले अराजक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


टूटी बुद्ध की प्रतिमा

> अराजक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। मूर्ति तोड़ने वाले अराजक तत्वों पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। जिससे अराजक तत्व पुन: इस प्रकार की घटना को अंजाम देने से पहले प्रशासन की कार्रवाई से डरे।
>
> **अनिल कुमार पांडेय, सीओ मड़िहान**

> बुद्ध प्रतिमा को तोड़ने वाले अराजक तत्वों पर कार्रवाई की जाएगी। जल्द से जल्द अराजक तत्व पुलिस की हिरासत में होंगे।
>
> **अश्वनी कुमार सिंह, एसडीएम मड़िहान**

### संगठन ने मूर्ति टूटने की घटना को बताया दुर्भाग्यपूर्ण

प्रज्ञा बुद्ध विहार बेदौली में बुद्ध की प्रतिमा टूटने पर संगठन के अध्यक्ष बेचन सिंह, सदस्य संबोधन कुशवाहा, रणजीत मौर्य, अनिल ने मूर्ति तोड़ने वाले अराजक तत्व पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। समिति ने जल्द से जल्द बुद्ध की नई बुद्ध प्रतिमा स्थापित करने की रणनीति बनाई।

### लापरवाही पर बीडीओ ने सफाई कर्मी व चौकीदार को लगाई फटकार

**हलिया।** ब्लाक मुख्यालय पर साफ सफाई नही किए जाने तथा कार्य में लापरवाही बरतने पर बीडीओ कुलदीप कुमार ने मंगलवार को सफाई कर्मी जयशंकर शर्मा व स्वीपर कम चौकीदार श्रीप्रकाश बिंद का अप्रैल माह का वेतन अवरूद्ध करते हुए दोनों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। मटिहरा ग्राम पंचायत के मगरदा मजरे में तैनात सफाई कर्मी जयशंकर शर्मा द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने पर ब्लाक मुख्यालय पर तैनात किया गया था, लेकिन ब्लाक मुख्यालय पर भी साफ सफाई करने को लेकर उच्चाधिकारियों से अनुशासनहीनता करने व लगातार कार्यों में लापरवाही बरतने पर बीडीओ ने मंगलवार को नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण देने के लिए कहा है। इसी तरह ब्लाक मुख्यालय पर तैनात स्वीपर कम चौकीदार श्रीप्रकाश बिंद द्वारा कार्यालय की साफ सफाई नही किए जाने तथा कार्य में लापरवाही बरतने पर अप्रैल माह का वेतन रोकने की कार्रवाई करते हुए बीडीओ ने तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण देने के लिए कहा है।

# मिट्टी खनन को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट, दो घायल

## चुनार थाना के चुरामनपुर गांव का मामला

**सीखड़।** चुनार थाना क्षेत्र के अदलपुरा चौकी अंतर्गत चुरामनपुर गांव में बुधवार को दो पक्षों में हुई मारपीट में मूसे(65) व शमशेर 40 घायल हो गए। तीन अन्य को हल्की चोटे आई। मिट्टी के अवैध खनन को लेकर छिड़ी वर्चस्व की जंग से क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी रही। अदलपुरा चौकी क्षेत्र के वाराणसी जनपद से सटे गांव रुदौली, चुरामनपुर, नंदूपुर से सैकड़ों ट्राली मिट्टी का खनन कर वाराणसी को भेजा जाता है। अनवरत खनन की कमाई से सभी मालामाल रहते हैं। सोमवार की रात में चुरामनपुर गांव से मिट्टी खनन कर ट्रैक्टर ट्राली से वाराणसी भेजा जा रहा था। सप्लाई को लेकर चुरामनपुर निवासी दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। कारवाई करते हुए चुनार पुलिस द्वारा तीन के विरुद्ध एकपक्षीय रूप से कार्यवाही करते हुए धारा 151 में चालान किया गया था। बुधवार को आधा दर्जन लोगों ने दूसरे पक्ष के घर पर चढ़ कर मारपीट की। जिसमें मौके पर मौजूद मूसे 65 व शमशेर 40 घायल हो गए। मौके पर पहुँची पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को हिरासत में ले लिया। मारपीट करने वाले लोग मिट्टी खनन के कारोबारी हैं। जिसको लेकर आए दिन विवाद होता रहता है। प्रभारी निरीक्षक त्रिवेणी लाल सेन ने बताया कि दो पक्षों में मारपीट हुई है। दोषियों के विरुद्द कार्यवाही की जा रही है। मिट्टी खनन के लिए परमिशन था या नहीं इसके बाबत उन्होंने कहा कि जांच की जा रही है। दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

# अबूझ हाल में 40 बीघे गेंहू की फसल जल कर खाक

## दर्जनों किसानों का छिन गया निवाला

**मड़िहान।** थाना सन्तनगर क्षेत्र अंतर्गत रैकल सिवान में बुधवार दोपहर अबूझ हाल में आग लगने से दो दर्जन किसानों के चालीस बीघा गेंहू की फसल जल कर खाक हो गई। रैकल गांव में गेंहू की कटाई पीछे चल रही है जिससे फसल खेत में खड़ी है। रैकल सिवान में बुधवार दोपहर एक बजे यकायक तेज लपटें व धुंआ दिखा तो आस पास के ग्रामीण व दूरदराज के सैकड़ों ग्रामीण आग बुझाने पहुंच गए। एसडीएम मड़िहान अश्वनी कुमार सिंह के प्रयास से विद्युत सप्लाई कराई गई किन्तु बोर में पानी नही होने से प्रयास निरर्थक रहा। सूचना पर घण्टों बाद पहुंची फायर ब्रिगेड ने अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। तब तक गांव के ही राधिका देवी, नागेश योगेश, ममता पत्नी हरीश तिवारी, हौशिला प्रसाद, विंध्यवासिनी प्रसाद, कामता प्रसाद, विकास चंद, सुभाष चंद, वंदना, दीपांशी, पुष्पा, पुष्पेंद्र, रितेश, शैलेन्द्र, अंकित, विमल कुमार चौबे, राजेश, संदीप, कुलदीप, प्रदीप कुमार, संजय कुमार, आनंद कुमार, आशीष, ऊषा देवी, विजय कुमार, निर्मला आदि का 40 बीघा गेंहू की खड़ी फसल जल कर खाक हो गई। सूचना पर घण्टों बाद पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया। सैकडों ग्रामीण भी हरे डंठल लेकर प्रचंड आग की लपट में आग को रोकते रहे प्रयास असफल ही रहा थाना संतनगर से एसआई आरडी यादव मय दल बल के लगे रहे। राजस्व निरीक्षक कृष्णशंकर मिश्र ने बताया कि मौके पर सत्यापन कर लेखपाल की रिपोर्ट पर मंडी समिति से क्षतिपूर्ति दिलाई जाएगी। चूंकि रास्ते के बगल का खेत होने से पिछले वर्ष भी आग लगी थी। जिसमे बीसों बीघा फसल जल कर खाक हुई थी। किसान उस अगलगी से उबर नही पाए थे कि दुबारा आग लगने से किसानों के सारे अरमान देखते देखते धराशायी हो गए। एसआई आरडी यादव ने बताया कि कोई राहगीर बीड़ी सिगरेट पीकर फेंक दिया हो सत्यता की जांच की जाएगी।

### डीएम की वार्ता के बाद आयोजित की गई बैठक

**अदलहाट।** प्रगतिशील ईट निमार्ता कल्याण समिति की आवश्यक बैठक बुधवार को टेड्आ स्थित सिचाई डाक बंगला परिसर में आयोजित किया गया जिसमें ईट भट्टा व्यवसाय में आ रही समस्याओं पर विस्तृत चर्चा किया गया। संस्था के जिलाध्यक्ष अली जमीर खांन ने बैठक को सम्बोधित करते हुए बताया कि बिगत दस अप्रैल को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में भट्टा व्यवसाय के समस्या के निस्तारत पर डीएम ने निर्देशित किया था कि विनिमय शुल्क 15 अप्रैल तक जमा करने, जिन ईट भट्ठों का प्रदूषण से सम्बंधित एनओसी नही है। अली जमीर खांन ने ईट भट्टा व्यवसाईयों से अपील किया कि भट्ठा व्यवसाय के समस्याओं के समाधान के लिए डीएम के वार्तानुसार सभी भट्ठा व्यवसाई शीघ्र कार्यवाही करने को लग जाय। जिससे ईट भट्ठा व्यवसाय निर्विवाद संचालित किया जा सके। इस दौरान जमालुद्दीन खांन भोनू, शमशेर सिह, संतराम सिंह, हाजी मेराज, सीताराम यादव, लालता प्रसाद, वसीम अहमद, हनुमान प्रसाद, गुगई सिंह, राजन, पिन्टू, राधेश्याम आदि तमाम ईट भट्ठा व्यवसाई उपस्थित रहे।

# कैसे बुझेगी प्यास, नहीं बना ओवरहेड टैंक

ग्रामीणों में आक्रोश

## ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा गर्मी में भुगतेंगे

जनसंदेश न्यूज

**कलवारी।** विकासखंड पटेहरा के ग्राम सभा कलवारी खुर्द (मझारी)में अमृत पेयजल योजना के तहत 600 लाख लीटर के ओवरहेड टैंक का निर्माण कराया जा रहा है लेकिन ओवरहेड टैंक निर्माण कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। शासन गाइडलाइन के अनुसार सितंबर 2022 में ही ओवरहेड़ टैंक निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने की समयावधि निर्धारित थी। संबंधित कार्यदाई संस्था द्वारा कार्यों में लेटलतीफी के चलते निर्माणकार्य आज तक अधर में है।

पहाड़ी क्षेत्र में पेयजल संकट जनवरी माह से ही गहराने लगा है लेकिन अमृत पेयजल योजना धरातल पर अभी अधूरा है। क्षेत्र में पेयजल डीप बोरिंग के द्वारा ही मिलता है, बरसात कम होने से जल स्तर नीचे चले जाने से पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गयी है। 80% क्षेत्र के डीप बोरिंग पानी देना बंद कर दिये है। ग्रामीण पानी की जुगत में सुबह से ही इधर-उधर पेयजल के जुगत में लग जाते हैं।

क्षेत्र में टैंकर से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है लेकिन टैंकर से प्यास कैसे बुझेगी अभी तो गर्मी को चरम पर पहुंचना बाकी है। क्षेत्र में पेयजल संकट एक प्रमुख समस्या है। अमृत पेयजल योजना के धरातल पर आने से ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नसीब होगा एक उम्मीद जगी थी लेकिन शुद्ध पेयजल के लिए अभी कितना लंबा इंतजार करना होगा यह तो समय ही बताएगा। अमृत पेयजल योजना से लाभान्वित होने वाले गांव धुरकर, रैकरी, रैकरा, गुरुदेव नगर, गोरथरा, खुटारी, अमदहा, कलवारी, कलवारी खुर्द, सेमरा, बेदौली, देवदहा सहित कई गांव लाभान्वित होंगे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कार्यदाई संस्था के ठेकेदार अजय सिंह के द्वारा ओवरहेड टैंक के निर्माण में लेटलतीफी बरती जा रही है जिससे निर्माण प्रक्रिया अभी आधार में है। निर्माण कार्य में लापरवाही न बरती गई होगी तो ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नसीब हो पाता। इस सम्बंध में जानकारी लेने के ठेकेदार से दूरभाष से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया तो उनके द्वारा फोन नही उठाया गया।


मंथर गति से हो रहा निर्माण

संक्षेप

### दो गांवों में जल गई किसानों की 10 बीघे गेहूं की फसल



**जमालपुर।** क्षेत्र के अलग अलग दो गांव के सिवान में आग लग जाने से लगभग दस बिघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। जिससे किसानों ने प्रशासन से मुआवजा की मांग किया है। बिजली की निकली चिंगारी से बुधवार को रीवा गांव के सिवान में लगभग सात विघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। पीड़ित किसान बैजनाथ, मुन्ना, श्रीराम निवासी रीवा, हरिश्चंद्र सिंह निवासी शाहपुर माफी, विमला देवी पत्नी जगदीश पटेल पड़ाव का रीवा गांव के सिवान के पूर्व माध्यमिक विद्यालय के पास खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। वहीं चल रहे तेज हवाओं ने इस आग में घी का काम किया और फसल धू धू कर जलने लगी। जहां बड़ी मुश्किल से ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया लेकिन तब तक लगभग सात विघा गेहूं की खड़ी फसल जल कर राख हो गई। वही दूसरी आगलगी की घटना जगदीशपुर गांव के सिवान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग जाने से जगदीशपुर निवासी दुर्गा सिंह तथा जफरपुरा गांव निवासी उमाकांत दीक्षित का अगली से लगभग दो बिघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। वहीं ग्रामीणों के लाख प्रयास के बाद भी मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी नहीं पहुंची। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया।

### संदिग्ध हालात में आग लगने से पिकप जलकर राख



**जमालपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के डबक पुलिस चौकी के डोहरी गांव के पास मंगलवार की देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग जाने से पिकप गाड़ी जलकर खाक हो गई। डोहरी गांव निवासी भरोस बियार चंदौली जनपद के नरायनपुर निवासी संतोष यादव का पिकप गाड़ी चलाता है। हर रोज की भांति मंगलवार की रात पिकप वाहन अपने घर के पास सड़क किनारे खड़ी कर भोजन करने के बाद अपने परिजनों के साथ सोने चला गया कि देर रात पिकप मालवाहन से आग की लपटें उठती देख नींद खुलने पर शोरगुल मचाने लगा। जिससे लोगों की भीड़ जुट गई। जहां आग का गोला बने जलते पिकप वाहन पर पानी डालकर आग को ग्रामीण बुझा पाते तब तक पिकप जलकर खाक हो गई। पीड़ित ड्राइवर ने मोबाइल से डायल 112 पुलिस के साथ वाहन मालिक को सूचना दिया।

### नोडल अधिकारी ने किया गो आश्रय स्थल का निरीक्षण



**लालगंज।** तहसील क्षेत्र के उसरी खमरिया गोवंश आश्रय का जिला बेसिक शिक्षाधिकारी नोडल अधिकारी ने बुधवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गोवंश के उपयोग में आने वाली वस्तुओं का विस्तृत रूप से जानकारी लिया और उपस्थित कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गोवंश के रखरखाव में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। कहा कि गोवंशों के आहार व पानी समय-समय पर देते रहें जिससे पशु स्वस्थ व संरक्षित रहे। निरीक्षण के दौरान गौ आश्रय पर 231 गोवंश संरक्षित मिले उनके खाने के लिए 205 कुंटल भूसा, 24 बोरी पशु आहार, 60 केजी गुड, नमक, व 50 केजी चूना गोवंश के उपयोग में मिला। पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि गोवंश में एलएसडी तथा एफ एमडी टीकाकरण किया गया है तथा पेट की क्रीम नाशक दवा भी पिलाई गई है। इस अवसर पर कमाल अहमद गौ सेवक एवं रोजगार उपस्थित रहे।

### रिहाइशी कॉलोनी में दिनदहाड़े चोरी

**मीरजापुर।** विंध्याचल थाना क्षेत्र अंतर्गत चोरी की घटनाओं में लगातार वृद्धि होने के साथ स्थानीय लोगों में भय व्याप्त है। जिसका जीता जागता उदाहरण बुधवार दोपहर एक बजे विंध्याचल शिवपुर बड़े बगीचा क्षेत्र के रिहायसी बंधवा पुरम कॉलोनी में दिनदहाड़े किराए के मकान में रहने वाली शिक्षिका वाराणसी निवासिनी प्रज्ञा श्रीवास्तव के घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। पीड़िता प्रज्ञा श्रीवास्तव की मानें तो सुबह 8:30 बजे विद्यालय जाने के बाद जब दोपहर घर को वापस आई तो घर के गेट का ताला तोड़ घर में रखा टीवी, सामान समेत आभूषण गायब मिला। पीड़िता ने घटना को देख आसपास के लोगों में शोर मचाया। स्थानीय पुलिस की माने तो मामले की जांच कर प्रारंभिक कार्यवाही की जा रही है।

### अगलगी से 13 बिस्वा गेहूं की फसल जल कर राख

**अहरौरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के खाजगीपुर गाँव के पूरब सिवान में आग लगी से खेत मे लगे गेहूं की फसल आग के गाल में समा गयी। प्राप्त जानकारी अनुसार खाजगीपुर निवासी अशोक कुमार सिंह पुत्र स्व0 जगत हरण सिंह का गाँव के पूरब सिवान में 13 विस्वा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। जैसे ही गेंहू की फसल में आग लगी लोग पुकारने चिल्लाने लगे घरों से लोग बाल्टी डब्बे समर सेबुल पाइब लेकर खेत की तरफ दौड़ते तब तक देखते ही देखते आग की आगोस में 13 विस्वा गेहूं की फसल राख में तब्दील हो गयी। सूचना मिलते ही मौके पर फायर विग्रेड व पुलिस पहुँची तब तक आग की गाल में गेहूं की फसल समा चुकी थी। किसान अशोक कुमार सिंह ने बताया कि मेरे खेत के बगल में हार्वेस्टर से दूसरे किसान का गेहूं की फसल काटा गया था। उसी के बगल में मेरा 13 विस्वा गेंहू मजदूरों द्वारा काटा जा रहा था जो आग की भेंट चढ़ गयी।

### मोटरसाइकिल के धक्के से तीन घायल, एक गंभीर

**राजगढ़।** राजगढ़ चुनार मार्ग पर स्थित जौगढ़ बाजार में बस का इंतजार कर रहे तीन सवारियों को तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार ने धक्का मार दिया जिससे एक महिला सहित दो अन्य घायल हो गए। सभी घायलों को राजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। चुनार थाना क्षेत्र के सक्तेशगढ़ चौकी अंतर्गत जमुती गांव की निवासिनी सुनीता जौगढ़ बाजार में बस पकड़ने के लिए खड़ी थी। जहां पीछे से आ रहे मोटरसाइकिल सवार दीपचंद व भगतसिंह ने महिला को जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो ग?ई। वहीं मोटरसाइकिल सवार दोनों व्यक्ति सड़क पर गिर ग?ए और चोटिल हो गए। आनन-फानन में तीनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से राजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य पहुंचाया गया। डाक्टरों ने सभी घायलों का इलाज किया जिसमें महिला की हालत गंभीर बनी हुई है।

### मोबाइल चोरी के आरोप में भेजा जेल

**मीरजापुर।** चोरी के अभियोग से सम्बन्धित एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी की मोबाइल बरामद किया। थाना राजगढ़, मीरजापुर पर मंगलवार को वादी धीरज कुमार पुत्र सत्तमी पाल निवासी नुनौटी थाना राजगढ़ मीरजापुर द्वारा नामजद आरोपी के विरूद्ध एक दुकान पर मोबाइल को चोरी कर लेने के सम्बंध में लिखित तहरीर दी गई तथा चोरी करने वाले आरोपी को पकड़कर पुलिस को सुपुर्द किया गया था। जिसके आधार पर थाना राजगढ़ पर धारा 379,411 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। राजगढ़ पुलिस द्वारा आरोपी सूरज सिंह पुत्र अशोक सिंह निवासी ग्राम धनसिरिया थाना राजगढ मीरजापुर को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी का मोबाइल बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही हुए जेल भेजा गया।

### आग लगने से जल गया मड़हा

**जिगना।** विंध्याचल थाना अंतर्गत बिरोही में चूल्हे से निकली चिनगारी से मड़हा जलकर खाक हो गया। प्रतिदिन की भांति गुड्डी देवी पत्नी रामधनी चूल्हे पर समोसा का मसाला बना रही थी। अचानक आग मड़हे में लग गई और धू धू कर जलाने लगा। किसी तरह ग्रामीणों की मदद से आग बुझाया गया। तब तक गृहस्थी का सब सामान जलकर खत्म हो गया था। गेहूं, चावल, चारपाई, गैस चूल्हा, रजाई, सहित 1000 हजार रुपया जल गया।

### वरिष्ठ तीर्थपुरोहित बच्चालाल पाठक का निधन

मीरजापुर। विंध्यवासिनी मंदिर के वरिष्ठ तीर्थपुरोहित तथा विंध्यवासिनी आराधना केंद्र से संस्थापक बच्चालाल पाठक गोलोकवासी हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग 90 वर्ष की आयु में बुधवार की सुबह उन्होंने अपने निज निवास पर अंतिम सांस ली। दिवंगत होने की जानकारी पर परिजनों सहित स्थानियों में शोक की लहर फैल गई। उनके अंतिम दर्शन तथा शोक संवेदना के दृष्टिगत सैकड़ों लोग उनके आवास पर पहुंचे। रामगया घाट पर उनकी अंत्येष्टि की गई। अंतेष्टि के समय भी घाट पर काफी भीड़ मौजूद रही। बच्चालाल पाठक विंध्याचल के विशिष्ठ व्यक्तियों में से एक प्रमुख व्यक्ति रहे। पिछले कई दशकों से देश के नामी गिरामी व्यक्तियों को मां विंध्यवासिनी के चरणों से जोड़ने वाले इस दिवंगत व्यक्ति देश के पूर्वराष्ट्रपति व पूर्व प्रधानमंत्री को भी दर्शन पूजन करा चुके थे। हर व्यक्तियों से अपनापन तथा मुस्कुराहट के साथ मिलने वाले शख्स ने अपने जीवन में तमाम विषम परिस्थितियों का सामना करने के बावजूद भी एकदम से निर्विवाद रहे।

# स्पोर्ट्स

## कर्टनी वॉल्श को टीम का खराब प्रदर्शन पड़ा भारी
### क्रिकेट वेस्टइंडीज ने हेड कोच के पद से हटाया

**सेंट जोन्स (एंटीगा)।** अपने जमाने के दिग्गज तेज गेंदबाज कर्टनी वॉल्श को वेस्टइंडीज की राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच पद से हटा दिया गया है। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने टीम के दक्षिण अफ्रीका में हाल में खेले गए टी20 विश्वकप के नॉकआउट चरण में पहुंचने में नाकाम रहने के बाद यह फैसला किया। बोर्ड ने कहा कि वह वॉल्श और अन्य सहयोगी स्टाफ की जगह जल्द ही नई नियुक्ति करेगा। विश्वकप में टीम के लचर प्रदर्शन के बाद सहयोगी स्टाफ के किसी भी सदस्य के अनुबंध का नवीनीकरण नहीं किया गया है। वेस्टइंडीज विश्व कप में पहले दो मैचों में इंग्लैंड और भारत से हार गया था तथा आयरलैंड और पाकिस्तान के खिलाफ जीत के बावजूद अपने ग्रुप में तीसरे स्थान पर रहा था। वॉल्श ने अक्टूबर 2020 में वेस्टइंडीज की महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच का पद संभाला था।



# आईसीसी टी20 रैंकिंग का ऐलान, बाबर-रिजवान ने सूर्यकुमार यादव को दिया बड़ा झटका

## हार्दिक बने भारत के नंबर-1 ऑलराउंडर

## टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव के अलावा टॉप 10 में कोई भी बल्लेबाज शामिल नहीं



**मुंबई।** इंटरनेशनल क्रिकेट कॉउन्सिल (आईसीसी) ने 12 अप्रैल को ताजा रैंकिग का एलान किया है। जिसमें कुछ बदलाव देखने को नहीं मिला है। भारतीय टीम के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव पहले नंबर पर बने हुए हैं। लेकिन अब उनकी पहले नंबर के पोजीशन पर खतरा मंडरा रहा है। क्योंकि पाकिस्तान टीम के टी20 सलामी बल्लेबाज बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान पहले नंबर की कुर्सी पर पहुंचने में बहुत करीब हैं।

आईसीसी द्वारा जारी ताजा रैंकिंग में भारतीय टीम के ऑलराउंडर खिलाड़ी हार्दिक पांड्या भारत की तरफ से नंबर वन ऑलराउंडर बन गए हैं। हालांकि, अगर बात करें टी20आई में नंबर वन ऑलराउंडर शाकिब अल हसन हैं। वहीं, बात करें टी20आई बल्लेबाजों की तो सूर्यकुमार यादव अभी 906 रेटिंग के साथ पहले स्थान पर बने हुए हैं। लेकिन पाकिस्तान टीम 14 अप्रैल से न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 टी20क मैचों की सीरीज खेलनी है। अगर मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम न्यूजीलैंड के खिलाफ अच्छी बल्लेबाजी करते हैं तो यह दोनों खिलाड़ी सूर्या से आगे निकल सकते हैं। वहीं, टीम इंडिया को अभी जून तक कोई टी20 सीरीज नहीं खेलनी है।

***सूर्या के अलावा कोई नहीं है टॉप 10 में***

अगर ताजा रैंकिंग की बात करें तो टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव के अलावा टॉप 10 में कोई भी बल्लेबाज शामिल नहीं है। वहीं, टीम इंडिया के रन मशीन विराट कोहली क्ळउ के ताजा टी20 रैंकिंग में 16वें पायदान पर हैं। जबकि अगर बात करें गेंदबाजों की तो टॉप 10 में कोई भी भारतीय गेंदबाज शामिल नहीं है। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह टी20 रैंकिंग में 14वें स्थान पर हैं। सूर्यकुमार यादव भले ही मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2023) में खराब दौर से गुजर रहे हों, लेकिन वह बुधवार, 12 अप्रैल को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी ( ) की पुरुष टी20 इंटरनेशनल बल्लेबाजी रैंकिंग में टॉप पर उनकी बादशाहत कायम है। सूर्यकुमार 906 अंक लेकर लिस्ट में पहले स्थान पर काबिज हैं।

सूर्यकुमार यादव पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान (811 अंक), कप्तान बाबर आजम (755 अंक), दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्कराम (748 अंक) और न्यूजीलैंड के डेवोन कॉन्वे (745 अंक) से आगे चल रहे हैं। वहीं, टीम इंडिया के स्टार बैटर विराट कोहली अपने 15वें स्थान पर बरकरार हैं। सूर्यकुमार यादव के लिए आईपीएल का यह सीजन अभी तक अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए पहले तीन मैचों में 15, 01 और शून्य रन बनाए हैं। बाबर आईसीसी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंचे हैं। उन्हें शनिवार से न्यूजीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान की पांच मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज में सूर्यकुमार के करीब आने का मौका मिलेगा। न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच हाल में समाप्त हुई टी20 इंटरनेशनल सीरीज में खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन का फायदा मिला, जिसमें युवा स्पिनर महीश तीक्षणा अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल करने में सफल रहे जिससे वह गेंदबाजों की रैंकिंग में संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर पहुंच गये। अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान गेंदबाजों की सूची में हमवतन फजलहक फारूकी, ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड और श्रीलंका के वानिंदु हसारंगा से आगे शीर्ष पर चल रहे हैं।

## क्रिकेटर रोहित, हार्दिक, सौरभ समेत अभिनेता आमिर के खिलाफ कोर्ट में परिवाद



**पटना।** बिहार के मुजफ्फरपुर की सीजेएम कोर्ट में आईपीएल के नाम पर ऑनलाइन गेमिंग ड्रीम 11, एमपीएल सहित कई गेमिंग ऐप को प्रमोट करने और टीम बनाकर देश के युवा पीढ़ी व बच्चों को जुए की लत में धकेलने के आरोप लगाते हुए एक परिवाद दायर किया है। यह परिवाद फिल्म अभिनेता आमिर खान, क्रिकेटर रोहित शर्मा हार्दिक पांड्या और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष सौरभ गांगुली के खिलाफ दायर किया गया है। सामाजिक कार्यकर्ता तमन्ना हाशमी ने इन चारों के खिलाफ परिवाद दायर किया है। इस मामले में कोर्ट ने सुनवाई की तिथि को 22 अप्रैल को मुकर्रर की गई है। इस मामले में जानकारी देते हुए परिवादी तमन्ना हाशमी ने बताया कि इन दिनों आईपीएल के नाम पर एमपीएल, ड्रीम 11 और दूसरे ऑनलाइन गेमिंग के जरिए देश के युवाओं को जुए की तरफ धकेला जा रहा है, जिसको लेकर आज मुजफ्फरपुर के कोर्ट में एक परिवाद दायर किया गया है। इस परिवाद में बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष सौरभ गांगुली, क्रिकेटर हार्दिक पांड्या, रोहित शर्मा और फिल्म अभिनेता आमिर खान के के खिलाफ परिवाद दायर किया गया है, जिसमें सभी के ऊपर युवाओं को गुमराह कर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया गया है. मुजफ्फरपुर के सीजेएम कोर्ट में यह मामला दर्ज कराया गया है। कोर्ट इस मामले की सुनवाई 22 अप्रैल 2023 को करेगा।

# धोनी आईपीएल में किसी एक टीम के लिए 200 मैच में कप्तानी करने वाले पहले खिलाड़ी

## चेपक में हुए सम्मानित



**मुंबई।** आईपीएल 2023 में आज चार बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और 2008 की चैंपियन राजस्थान रॉयल्स के बीच मैच खेला जा रहा है। यह मुकाबला चेन्नई के एम चिदंबरम स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में महेंद्र सिंह धोनी का खेलना तया है और वह एक खास रिकॉर्ड अपने नाम करने जा रहे हैं। वह आईपीएल में किसी एक टीम के लिए 200 मैचों में कप्तानी करने वाले पहले क्रिकेटर बन जाएंगे। धोनी ने फिलहाल सीएसके के लिए 199 मैचों में कप्तानी की है। इसके अलावा वह राइजिंग पुणे सुपरजाएंट्स के भी कप्तान रह चुके हैं।

***धोनी का बतौर कप्तान रिकॉर्ड***

धोनी की कप्तानी में ही सीएसके ने 2010, 2011, 2018 और 2021 में खिताब जीता था। इसके अलावा वह अपनी टीम को 15 में से 11 बार अंतिम चार में ले जा चुके हैं। टीम चार बार ट्रॉफी जीतने के अलावा पांच बार रनर-अप भी रह चुकी है। धोनी ने ओवरऑल आईपीएल में आज के मैच से पहले 213 मैचों (सीएसके/आरपीएस) में कप्तानी की है। इसमें से उन्होंने 125 मैचों में जीत हासिल की है। इसके अलावा 87 मैच हार चुके हैं। एक मैच बेनतीजा रहा है। उनका विन पर्सेंट 58.96 है। वह आईपीएल के सबसे कामयाब कप्तानों में से एक हैं।

***लिस्ट में रोहित और कोहली भी शामिल***

ऐसा माना जा रहा है कि 41 साल के धोनी का यह आखिरी आईपीएल हो सकता है। धोनी के अलावा दूसरे नंबर पर रोहित शर्मा हैं। उन्होंने 146 मैचों में मुंबई इंडियंस की कप्तानी की है। इसमें से 80 मैच मुंबई ने जीते हैं और 62 में हार का सामना करना पड़ा है। चार मैच टाई रहे हैं। वहीं, विराट कोहली ने 140 मैचों में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की कप्तानी की है। इसमें से 64 मैच आरसीबी ने जीते हैं, जबकि 69 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। तीन मैच टाई रहे हैं और चार मुकाबले बेनतीजा रहे हैं।

## आईपीएल में रन बनाने के लिए जूझ रहे सूर्यकुमार, पीयूष चावला बोले- टीम के लिए चिंता का विषय नहीं




**नई दिल्ली।** सूर्यकुमार यादव ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला से ही रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं लेकिन मुंबई इंडियंस के अनुभवी लेग स्पिनर पीयूष चावला ने कहा कि इस स्टार बल्लेबाज की फॉर्म आईपीएल की उनकी टीम के लिए चिंता का विषय नहीं है। सूर्यकुमार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीनों वनडे मैचों में खाता नहीं खोल पाए थे और इंडियन प्रीमियर लीग में भी वह रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। वह अभी तक आईपीएल में पहले तीन मैचों में केवल 16 रन बना पाए हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मंगलवार को यहां मुंबई की छह विकेट से जीत के दौरान वह पहली गेंद पर पवेलियन लौट गए थे। चावला ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सूर्यकुमार की फॉर्म कभी चिंता की बात नहीं रही। इस प्रारूप में फॉर्म में आने में सिर्फ 10 गेंद लगती हैं, जहां आपने 10 गेंद में चार चौके मारे तो आप लय में आ जाते हो। जैसा (कप्तान) रोहित (शर्मा) ने जिक्र किया यह पिच बल्लेबाजी के लिए उतनी आसान नहीं थी। चावला ने कहा कि हमें भी लगा था कि इस विकेट पर 170 रन 190 रन के स्कोर के जितना अच्छा है। लेकिन जिस तरह रोहित और इशान (किशन) ने बल्लेबाजी की, उन्होंने हमें शानदार शुरूआत दिलाई। इस पिच पर नई गेंद का फायदा उठाना जरूरी थी।

उन्होंने छह ओवर में 70 रन जोड़कर अच्छी शुरूआत दिलाई जिसने लय दी। छह ओवर में 70 रन के बावजूद मैच आखिरी गेंद तक खिंचा तो आप अंदाजा लगा सकते हैं कि पिच बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी। चावला ने इस मैच में अपनी कलाई की जादूगरी दिखाई और 22 रन देकर तीन महत्वपूर्ण विकेट लिए। उन्होंने कहा कि लेग स्पिनर खेल के सबसे छोटे प्रारूप में विकेट लेने के विकल्प मुहैया कराता है। टी20 प्रारूप में लेग स्पिनरों के लगातार प्रभावित करने के बारे में चावला ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में टी20 क्रिकेट की बात करें तो एक समय 160-170 का स्कोर अच्छा माना जाता था लेकिन आजकल ऐसा नहीं है। अगर पिच से मदद मिल रही है तो 170 अच्छा स्कोर हैं, नहीं तो आपको 190 रन के आसपास के स्कोर की जरूरत होगी। कुल मिलाकर हर गेंदबाज रन लुटा रहा है लेकिन लेग स्पिनर आपको विकेट चटकाने का विकल्प देते हैं और उनसे आप कभी भी गेंदबाजी करा सकते हैं।

उन्होंने कहा, कप्तान पावर प्ले में लेग स्पिनर को अधिकतर मौका नहीं देते लेकिन मैंने ऐसा भी किया है। इस प्रारूप में अगर आपको रन रोकने हैं तो विकेट लेने होंगे जो विकल्प आपको लेग स्पिनर देता है, नहीं तो इस प्रारूप में हमने देखा है कि 14-15 रन प्रति ओवर की गति से भी लक्ष्य हासिल होते हैं। इसलिए शायद टीम विकेट चटकाने वाले गेंदबाजों को मौका देने को तरजीह देती हैं।

# लगातार चार मैच हारने के बाद अक्षर पटेल का बयान, बोले- हमारे पास दो रास्ते हैं...



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने इंडियन प्रीमियर लीग मैच में मंगलवार को यहां मुंबई इंडियन्स के खिलाफ छह विकेट की शिकस्त के साथ लगातार चौथी हार के बाद कहा कि उनकी टीम ऐसी शुरूआत के बाद हार मान सकती है लेकिन अगर ऐसा किया तो स्थिति और बदतर ही होगी। दिल्ली के 173 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई इंडियन्स ने सलामी बल्लेबाज रोहित (45 गेंद में 65 रन, छह चौके, चार छक्के) के अर्धशतक के अलावा इशान किशन (31) के साथ उनकी पहले विकेट की 71 और तिलक वर्मा (29 गेंद में 41 रन, एक चौका, चार छक्के) के साथ दूसरे विकेट की 68 रन की साझेदारी से अंतिम गेंद पर चार विकेट पर 173 रन बनाकर जीत दर्ज की।

दिल्ली की टीम अक्षर की 25 गेंद में पांच छक्कों और चार चौकों से 54 रन की पारी और कप्तान डेविड वार्नर (47 गेंद में 51 रन, छह चौके) के साथ उनकी छठे विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी के बावजूद 19.4 ओवर में 172 रन पर सिमट गई थी। मुंबई की तरफ से अनुभवी लेग स्पिनर पीयूष चावला ने 22 जबकि जैसन बेहरेनडोर्फ ने 23 रन पर तीन-तीन विकेट हासिल किए। अक्षर ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ह्यह्यचार हार के बाद हमारे पास दो रास्ते हैं। या तो हम मार मान सकते हैं कि हमने चार मैच गंवा दिए हैं और रन रेट भी खराब है लेकिन अगर हम ऐसा करते हैं तो चीजें और खराब ही होंगी। या फिर हम देखते हैं कि हम अपना रवैया कैसा रखते हैं और अगले मैच की तैयारी कैसे करते हैं। उन्होंने कहा हार-जीत से फर्क पड़ता है लेकिन जब हम इस तरह की स्थिति में निराश होते हैं कि चार मैच हार गए हैं, रन रेट नहीं हैं, क्वालीफिकेशन का क्या होगा तो स्थिति और खराब होती जाएगी। जो प्रदर्शन चाहिए आप वह प्रदर्शन नहीं कर पाओगे इसलिए मुझे लगता है कि अपना रवैया और सकारात्मकता काफी जरूरी है। वार्नर ने चार पारियों में तीसरा अर्धशतक जड़ा लेकिन वह अपने चिरपरिचित आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी नहीं कर पा रहे हैं जो टीम के लिए चिंता का विषय है। अक्षर ने कहा, वार्नर रन बना रहा है लेकिन काफी कोशिश करने के बावजूद तेजी से रन नहीं जुटा पा रहा है। मुझे नहीं पता कि उनके दिमाग में क्या चल रहा है लेकिन टीम प्रबंधन और कोच ने भी उनसे बात की है। बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजे जाने की संभावना पर अक्षर ने कहा कि निचले क्रम में भी ऐसे बल्लेबाज की जरूरत है जो तेजी से रन बना सके और टीम के लिए अच्छे फिनिशर की भूमिका निभाए। उन्होंने कहा, इस क्रम (सातवें नंबर) पर आकर भी मुझे 10 से 12 ओवर खेलने का मौका मिल रहा है जो मुझे लगता है कि टी20 में मेरे लिए पर्याप्त है। टीम प्रबंधन से बल्लेबाजी क्रम को लेकर चर्चा की है लेकिन अगर मैं ऊपर खेला और जल्दी आउट हो गया तो शायद पारी के अंत में तेजी से रन जुटाना मुश्किल हो जाए। अक्षर ने कहा कि टीम के पास पर्याप्त अनुभव वाले घरेलू खिलाड़ी हैं लेकिन टीम एकजुट होकर प्रदर्शन नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा, हमारे घरेलू खिलाड़ियों को अनुभव है। यश धुल अंडर-19 खेला है और ललित यादव दो-तीन साल से लगातार दिल्ली के लिए खेल रहा है। बस सब लोग एकजुट होकर प्रदर्शन नहीं कर पा रहे। हमारा संयोजन भी लगातार बदल रहा है जिससे थोड़ी परेशानी हो रही है। मैच के बारे में अक्षर ने कहा, कोच, कप्तान और थिंक टैंक इस बारे में बात करेगा कि हम क्या बेहतर कर सकते हैं। निजी तौर पर मेरी भी थोड़ी गलती थी। दस गेंद बची थी तो अगर मैं टिका रहता तो और रन बन सकते थे लेकिन मैं अच्छी लय में था तो सोचा कि अगर मैंने पहली गेंद पर बड़ा शॉट मार दिया तो गेंदबाज दबाव में आ जाएगा। उन्होंने कहा, इस पिच पर नए बल्लेबाज के लिए आते ही शॉट खेलना आसान नहीं था। लेकिन हम चौके-छक्के मारने की कोशिश करने की जगह एक-दो रन लेकर बाकी बची 11 गेंद में 11-12 रन भी बना सकते थे। अगर हम 180 के आस-पास पहुंच जाते तो स्थिति कुछ और हो सकती थी।

## 'कुछ खिलाड़ी की चार मैच में हो जाती है हवा टाइट, एनसीए के परमानेंट सदस्य बन गए हैं', इस गेंदबाज पर भड़के रवि शास्त्री



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने देश के कुछ प्रमुख गेंदबाजों की चोट के प्रबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के स्थायी निवासी बन गए हैं । शास्त्री ने किसी का नाम नहीं लिया लेकिन उनका इशारा चेन्नई सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज दीपक चाहर की ओर था जो पिछले आठ महीने में कम से कम तीन बार चोटिल हो चुके हैं जबकि नितिन पटेल की अगुवाई वाली एनसीए की खेल विज्ञान और मेडिकल टीम ने उन्हें फिट करार दिया था। शास्त्री ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो के डिजिटल वीडियो में व्यंग्यात्मक लहजे में कहा ,ह्यह्य ऐसे भी कह सकते हैं कि पिछले तीन या चार साल में एनसीए को स्थायी ठिकाना बनाने वाले कई हैं। उन्हें जल्दी ही निवास की अनुमति मिल जायेगी यानी वे कभी भी वहां जा सकते हैं जो अच्छी बात नहीं है। चाहर को बायीं हैमस्ट्रिंग में चोट लगी है जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा कमर के फ्रेक्चर के कारण सर्जरी करा चुके हैं । अक्टूबर 2021 तक भारतीय टीम के कोच रहे शास्त्री ने हैरानी जताई कि इनमें से कुछ खिलाड़ी तो सारे प्रारूप भी नहीं खेलते हैं लेकिन लगातार चार टी20 मैचों में चार चार ओवर भी नहीं डाल सकते । उन्होंने कहा , ये लगातार चार मैच नहीं खेल सकते । फिर एनसीए क्यों जाते हैं । तीन मैच बाद फिर एनसीए लौट आते हैं । शास्त्री का मानना है कि रोहित शर्मा का फॉर्म में लौटना पांच बार की चैम्पियन मुंबई इंडियंस के लिये अच्छा संकेत है । मुंबई ने दिल्ली कैपिटल्स को छह विकेट से हराकर तीन मैचों में पहली जीत दर्ज की। दिल्ली ने 172 रन बनाये जिसके जवाब में मुंबई ने आखिरी गेंद पर जीत दर्ज की । रोहित ने 65 रन बनाये जो 24 पारियों के बाद उनका पहला अर्धशतक है । शास्त्री ने कहा,ह्यह्यरोहित शर्मा ने दिल्ली के खिलाफ दबाव का बखूबी सामना किया । उन्होंने मोर्चे से अगुवाई की । उनका फॉर्म में लौटना उनके और टीम के लिये अच्छा है। उन्होंने कहा,ह्यह्यइस जीत से आगे के मैचों के लिये मुंबई का आत्मविश्वास बढ़ेगा। इस बीच महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर चाहते हैं कि चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आयें। चेन्नई को बुधवार को राजस्थान रॉयल्स से खेलना है जो बतौर कप्तान धोनी का 200वां मैच है। गावस्कर ने कहा, मुझे उम्मीद है कि धोनी बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आयेंगे ताकि उन्हें दो तीन ओवर अधिक खेलने को मिले। वह बड़ी पारियां खेलने में माहिर हैं।

## लगातार शिकायतों के बाद विश्व कप से पहले स्टेडियमों को बेहतर बनाएगा बीसीसीआई, करोड़ों रुपये होंगे खर्च

***फरवरी मार्च में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट श्रृंखला के दौरान दर्शकों ने अरूण जेटली स्टेडियम में गंदे टॉयलेट को लेकर जमकर गुस्सा निकाला था***



**नई दिल्ली।** भारत में अक्टूबर नवंबर में होने वाले वनडे विश्व कप से पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (इउउक) देश में कम से कम पांच बड़े स्टेडियमों का नवीनीकरण करने जा रहा हे । पिछले दस साल में भारतीय क्रिकेट में जमकर पैसा आया है जिससे बीसीसीआई दुनिया का सबसे अमीर बोर्ड बन गया लेकिन अधिकांश स्टेडियमों में दर्शकों के लिए मूलभूत सुविधाएं भी नहीं हैं। फरवरी मार्च में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट श्रृंखला के दौरान दर्शकों ने अरूण जेटली स्टेडियम में गंदे टॉयलेट को लेकर जमकर गुस्सा निकाला था। सूत्रों के अनुसार दिल्ली के अलावा हैदराबाद, कोलकाता , मोहाली और मुंबई में भी स्टेडियम को बेहतर बनाया जायेगा। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में काम शुरू हो चुका है। पांचों मैदानों में नवीनीकरण के इस काम पर करोड़ों रुपये खर्च होंगे। दिल्ली स्टेडियम में इस प्रोजेक्ट पर सौ करोड़ रुपए, हैदराबाद पर 117 . 17 करोड़, ईडन गार्डंस पर 127 . 47 करोड, मोहाली पर 79 . 46 करोड़ और वानखेड़े स्टेडियम पर 78 . 82 करोड़ रुपए खर्च आयेगा । विश्व कप के लिये 12 स्थानों का चयन किया गया है जिनमें अहमदाबाद, बेंगलुरू, चेन्नई, दिल्ली, धर्मशाला, गुवाहाटी, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, इंदौर, राजकोट और मुंबई शामिल हैं । विश्व कप के दौरान 46 दिन में 48 मैच खेले जायेंगे । भारत में आखिरी बार 2011 वनडे विश्व कप हुआ था जब महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में टीम ने खिताब जीता था।

# मुख्यमंत्री योगी ने लालजी टंडन की प्रतिमा का किया अनावरण, बोले- उनकी यात्रा शून्य से शिखर की है

## उन्होंने कहा कि टंडनजी एक कार्यकर्ता के रूप में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की विकास की लाइन को आगे बढ़ाते रहे

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जीवन में महानता का मानक केवल नीचे से ऊपर जाना नहीं होता है। कोई व्यक्ति जब शून्य से शिखर की यात्रा को अपने पुरुषार्थ और परिश्रम से प्राप्त करता है तो वह महानता के मानक तय करता है। लालजी टंडन की जीवन यात्रा शून्य से शिखर की है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनसंघ के कार्यकर्ता, एक पार्षद, एक विधायक, एक सांसद और राज्यपाल के रूप में टंडन जी ने जीवनपर्यंत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की विकास की लाइन को आगे बढ़ाने का काम किया।

सीएम योगी ने बुधवार को पूर्व राज्यपाल लाल जी टंडन की जयंती के अवसर पर काली चरण महाविद्यालय में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। साथ ही महाविद्यालय में शताब्दी विस्तार भवन का नामकरण किया। अब भवन का नाम लालजी टंडन भवन हो गया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि अहंकार टंडन जी को कभी छू नहीं पाया। एक कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने अपनी जो राजनीतिक यात्रा प्रारम्भ की थी वही सज्जनता और सादगी जीवन पर्यंत उनमें दिखाई पड़ती रही।



सीएम योगी ने कहा कि कालीचरण महाविद्यालय के साथ उनका लंबा जुड़ाव रहा है। लालजी टंडन ने यहां के भवनों को जिस रूप में बनाया है वह दर्शनीय है। उन्होंने कहा कि यह कैंपस आजादी के आंदोलन का साक्षी रहा है। इस संस्थान से मूर्धन्य साहित्यकार और वैज्ञानिक निकले हैं। हिंदी गद्य के प्रख्यात साहित्यकार श्याम सुंदर दास यहां के पहले प्राचार्य थे। अनेक साहित्यकार, समाजसेवी, वैज्ञानिक और राजनीतिज्ञों को जन्म देने का कार्य इस संस्थान ने किया है। सीएम योगी ने कहा कि समाज में परिवर्तन का माध्यम शिक्षा ही बन सकती है। इस क्षेत्र में हम जितना सहयोग करेंगे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उतना परिवर्तन दिखाई देगा। आज उत्तर प्रदेश में जो भी परिवर्तन आया है शिक्षा उसके मूल में है। सीएम योगी ने टंडन जी की स्मृतियों को नमन करते हुए प्रबंधन से अपील करते हुए कहा कि इस महाविद्यालय का इतिहास 118 वर्ष पुराना है। सरकार की नई नीति से आप जुड़िए और यहां के सभी जर्जर भवनों को सुधारने में सरकार आपका सहयोग करेगी। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, सासंद कौशल किशोर, विधायक आशुतोष टंडन, पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### संजय दत्त शूटिंग सेट पर हुए घायल,राउडी राठौर के सीक्वल में नहीं होंगे अक्षय

**नई दिल्ली।** मनोरंजन जगत में काफी हलचल देखने को मिल रही है। बॉलीवुड के खलनायक संजय दत्त अपनी कन्नड़ फिल्म की शूटिंग करते हुए बुरी तरह से घायल हो गए।

एक सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान उनके हाथ और चेहरे पर काफी चोट लगी। इसके अलावा 'भूल भुलैया 2' के बाद अब खिलाड़ी अक्षय कुमार एक और फिल्म से रिप्लेस हो गए हैं। उनकी फिल्म 'राउडी राठौर' से उन्हें किसी और ने नहीं, बल्कि उनके ऑन-स्क्रीन ब्रदर सिद्धार्थ मल्होत्रा ने रिप्लेस किया है।

इसके अलावा एंटरटेनमेंट जगत में और क्या कुछ खास रहा, चलिए फटाफट एक नजर डालते हैं। बॉलीवुड के खलनायक संजय दत्त इन दिनों बेंगलुरु के आस-पास के इलाकों में अपनी आने वाली कन्नड़ फिल्म 'केडीः द डेविल' की शूटिंग कर रहे हैं।

फिल्म में एक बम विस्फोट सीक्वेंस की शूटिंग चल रही थी। इस बम ब्लास्ट की शूटिंग को करने के दौरान संजय घायल हो गए हैं।

## रेड ड्रेस में सुहाना खान, हील्स में चलना मुश्किल, फैन्स बोले- ओवरकॉन्फिडेंस तो देखो



**मुंबई।** शाहरुख खान और गौरी खान की बेटी सुहाना खान न्यूयॉर्क के ब्यूटी ब्रांड मेबेलिन की नई ब्रांड एंबेसडर बन गई हैं। सोमवार को मुंबई में एक इवेंट का आयोजन किया गया, जिसमें सुहाना ने शिरकत की है। इस दौरान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो में सुहाना रेड सूट में नजर आईं। उन्होंने मुस्कुराते हुए इवेंट में एंट्री ली। वीडियो में सुहाना काफी खूबसूरत दिख रही हैं। फिल्मों में डेब्यू करने से पहले ही वह इस ब्रांड का नया चेहरा बन गईं। सुहाना ने इवेंट में मीडिया के लोगों से बातचीत की। उन्होंने कहा, 'मैं यहां आने और आप लोगों को फिर से देखने के लिए बहुत एक्साइटेड हूं। शूटिंग करते वक्त काफी मजा आया। इसलिए मैं यहां आकर हमने जो शूट किया वो आप लोगों को दिखाने का और इंतजार नहीं कर सकती। मेबेलिन का ब्रांड एंबेसडर बनना एक सम्मान की बात है'।

## खास खबर

### पटना एयरपोर्ट पर बम की सूचना से हड़कंप, अफवाह फैलाने वाला समस्तीपुर से गिरफ्तार

बिहार में पटना एयरपोर्ट पर बम की सूचना मिलने से वहां हड़कंप मच गया था। सूचना के बाद बम निरोधक दस्ता जांच में जुट गया था। लेकिन वहां कुछ मिला नहीं था। अब पटना एसएसपी ने पुष्टि की है कि समस्तीपुर से एक नशेड़ी ने कॉल किया था और कोई मॉक ड्रिल भी नहीं थी। नशे में की गई कॉल के बाद जांच की गई। इसी सिलसिले में समस्तीपुर पुलिस ने अफवाह फैलाने वाले नशेड़ी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पटना एयरपोर्ट पर बम की अफवाह पर अफरातफरी रोकने के लिए सुरक्षा कर्मचारी मॉक ड्रिल और सामान्य जांच की बात कह रहे थे। सभी फ्लाइट्स अपने निर्धारित समय से आवागमन कर रही हैं।

### रालोद प्रत्याशी 'हैंडपंप' चुनाव चिह्न पर ही लड़ेंगे चुनाव, पार्टी प्रवक्ता ने जारी किया बयान


**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि उत्तर प्रदेश में होने जा रहे नगर निकाय चुनाव में राष्ट्रीय लोकदल के उम्मीदवार हैंडपंप चुनाव चिन्ह पर ही चुनाव लड़ेंगे। राज्य निर्वाचन आयोग में राष्ट्रीय लोकदल मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के रूप में पंजीकृत है और राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा कोई भी रिव्यू नहीं किया गया है। दरअसल, एक दिन पहले ही रालोद का राज्य स्तर पार्टी का दर्जा भारत निर्वाचन आयोग ने समाप्त कर दिया था। ऐसे में चुनाव चिह्न को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे थे।

### शहरों के लिए 40 वेस्ट टू एनर्जी प्लांटों को मिली मंजूरी

शहरों को कचरा मुक्त बनाने के लिए गोबरधन योजना पर तेजी से काम शुरू हो गया है। इस साल के बजट भाषण में पांच सौ बायोगैस प्लांट स्थापित करने का एलान किया था, जिसमें 75 शहरी क्षेत्रों में स्थापित किए जाने हैं। शहरों को गीले कचरे से मुक्त बनाने के लिए इस योजना को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## फिर शुरू किया 'कोविशील्ड' का उत्पादन

### पूनावाला बोले- बूस्टर डोज लें वयस्क



**नई दिल्ली।** कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ने के मद्देनजर सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने 'कोविशील्ड' का उत्पादन फिर से शुरू कर दिया है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आदर पूनावाला ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पूनावाला ने कहा कि कंपनी के पास कोवावैक्स वैक्सीन की 60 लाख 'बूस्टर' डोज पहले से मौजूद है और वयस्कों को बूस्टर डोज लेनी चाहिए। कोविड-19 वैक्सीन की कमी से जुड़ी खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि वैक्सीन का विनिमार्ता तैयार हैं, लेकिन इसकी मांग नहीं है। पूनावाला ने वैक्सीन का उत्पादन फिर से शुरू करने से जुड़े सवाल पर कहा कि हमने सिर्फ एहतियात के तौर पर यह जोखिम मोल लिया है, ताकि लोग यदि चाहें तो उनके पास कोविशील्ड के रूप में एक विकल्प हो। कंपनी ने दिसंबर 2021 में कोविशील्ड वैक्सीन बनानी बंद कर दी थी।

***"कोवावैक्स की 60 लाख डोज तैयार"***

उन्होंने 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों के लिए बूस्टर डोज के रूप में मंजूरी प्रदान किए गए कोवावैक्स को लेकर कहा कि हमारे पास 60 लाख डोज तैयार हैं, लेकिन मांग नगण्य है। कोवावैक्स बूस्टर डोज अब 'कोविन' ऐप पर उपलब्ध है। उल्लेखनीय है कि देश में एक दिन में कोरोना के 7,830 नए मामले सामने आए। जिसके बाद संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,47,76,002 हो गई। पिछले साल एक सितंबर को सामने आए 7,946 मामलों के बाद बुधवार को 223 दिन बाद सर्वाधिक दैनिक मामले सामने आए।

### लालू की बेटी रागिनी यादव से ईडी ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाले में की पूछताछ

**नई दिल्ली/पटना।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के परिवार की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। नौकरी के बदले जमीन घोटाले के मामले में लालू के बेटे तेजस्वी यादव और बेटी मीसा भारती से ईडी पहले ही पूछताछ कर चुकी है। परंतु अब ईडी ने लालू यादव की एक और बेटी को पूछताछ के लिए बुलाया है। जानकारी के अनुसार, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को राजद प्रमुख लालू प्रसाद की बेटी रागिनी यादव का रेलवे घोटाले में कथित जमीन के बदले नौकरी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बयान दर्ज किया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि रागिनी यादव बुधवार को पूछताछ के लिए एजेंसी के सामने पेश हुईं।

धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत उनका बयान दर्ज किया गया है। बता दें कि एजेंसी ने इस साल मार्च में रागिनी यादव, उनकी बहनों चंदा यादव और हेमा यादव और पूर्व राजद विधायक अबू दोजाना के पटना, फुलवारीशरीफ, दिल्ली-एनसीआर, रांची और मुंबई स्थित परिसरों पर छापा मारा था।

# ममता बनर्जी सबसे गरीब

## नई दिल्ली 29 वर्तमान मुख्यमंत्री करोड़पति, एकनाथ शिंदे 10वीं पास, जानिए 30 सीएम की शिक्षा, संपत्ति और क्रिमिनल केस

**नई दिल्ली।** एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, वर्तमान में 30 मुख्यमंत्रियों में से 29 मुख्यमंत्री करोड़पति हैं। इस लिस्ट में सबसे टॉप पर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी का नाम है। दूसरे नंबर पर अरुणाचल प्रदेश के सीएम पेमा खांडू हैं, जबकि रिपोर्ट के मुताबिक, सबसे कम संपत्ति पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पास है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 30 वर्तमान मुख्यमंत्रियों द्वारा दाखिल किए गए शपथ पत्र के विश्लेषण के बाद एडीआर और इलेक्शन वॉच इस निष्कर्ष पर पहुंचा।




***हर एक मुख्यमंत्री के पास औसत 33.96 करोड़ की संपत्ति***

28 राज्य और दो केंद्र शासित प्रदेश हैं। दो केंद्र शासित प्रदेशों दिल्ली और पुडुचेरी में भी सीएम हैं। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर अभी कोई मुख्यमंत्री नहीं है। एडीआर ने 30 मुख्यमत्रियों के शपथ पत्र का विश्लेषण करने के बाद पाया कि 29 यानी 97 प्रतिशत मुख्यमंत्री करोड़पति हैं। इन मुख्यमंत्रियों में हर एक के पास औसतन 33.96 करोड़ की संपत्ति है।

***कौन मुख्यमंत्री कितना है धनवान?***

एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी सबसे अधिक दौलतमंद हैं। जगन मोहन के पास 510 करोड़ रुपए की संपत्ति है। दूसरे नंबर पर अरुणाचल प्रदेश के सीएम पेमा खांडू हैं, जिनके पास 163 करोड़ की संपत्ति है। इसके बाद ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक के बाद 63 करोड़ हैं। बिहार के सीएम नीतीश कुमार और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के पास बराबर की संपत्ति है। दोनों के बाद 3 करोड़ की संपत्ति है। इसके केरल के सीएम पिनाराई विजयन और हरियाणा के मनोहर लाल के पास एक-एक करोड़ की संपत्ति है। सबसे कम संपत्ति पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के पास है। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, ममता बनर्जी के पास 15 लाख की संपत्ति है।

***30 सीएम में से 13 के खिलाफ गंभीर धाराओं में दर्ज हैं आपराधिक केस***

30 सीएम में से 13 यानी 43 प्रतिशत के खिलाफ गंभीर धाराओं में आपराधिक केस दर्ज हैं। इसमें हत्या, हत्या का प्रयास और अपहरण जैसे मामले भी शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि गंभीर आपराधिक मामले पांच साल से अधिक जेल के साथ गैर-जमानती अपराध हैं।

## कोलकाता मेट्रो ने रच दिया इतिहास

### गंगा नदी के नीचे चली पहली मेट्रो ट्रेन



**क ोलक ाता।(** कोलकाता मेट्रो ने गंगा (हुगली) नदी के नीचे से पहली मेट्रो रैक बुधवार को हावड़ा मैदान तक ले जाकर इतिहास रच दिया। लंबे इंतजार के बाद देश की पहली मेट्रो ट्रेन गंगा नदी के नीचे से दौड़ी। भारत में यह पहली अंडरवाटर मेट्रो परियोजना है। इस ऐतिहासिक पल का गवाह कोलकाता मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक पी उदय कुमार रेड्डी बने। कोलकाता के बीबीडीबाग महाकरण से हावड़ा मैदान स्टेशन तक मेट्रो रेल की रैक नंबर टफ-612 ने पहली यात्रा की। इस रेक ने हुगली नदी को पूर्वाह्न 11.55 बजे पार किया। इस दौरान रेड्डी के साथ मेट्रो के अतिरिक्त महाप्रबंधक एचएन जायसवाल, कोलकाता मेट्रो रेलवे कारपोरेशन लिमिटेड (केएमआरसीएल) के एमडी समेत मेट्रो के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। ट्रेन के पहुंचने के बाद रेड्डी ने हावड़ा स्टेशन पर पूजा की। बाद में रैक नंबर एमआर-613 को भी हावड़ा मैदान स्टेशन ले जाया गया। इसे ऐतिहासिक घटना बताते हुए महाप्रबंधक ने बताया कि हावड़ा मैदान से एस्प्लेनेड तक ट्रायल रन अगले सात महीनों तक चलेगा और इसके बाद इस खंड पर नियमित सेवाएं शुरू हो जाएंगी। केएमआरसीएल के सभी कर्मचारी, इंजीनियर जिनके प्रयासों और देखरेख में इस इंजीनियरिंग चमत्कार को हासिल किया गया है, वे खुश हैं कि उनका सपना सच हो गया है।

# पंजाब को सीएम मान ने दी राहत

## समाना टोल प्लाजा किया बंद, किसानों को भी दी बड़ी राहत, टूटे गेंहू के एमएसपी में नहीं करेगी कटौती

**चड़ीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को लोगों को बड़ी राहत दी है। उन्होंने समाना टोल प्लाजा को बंद कर दिया है। इससे पहले सीएम भगवंत मान ने किसानों को भी बड़ी राहत दी। उन्होंने फसल में नमी और टूटे दाने पर केंद्र की कटौती की भरपाई करने का एलान किया है। दरअसल, केंद्र सरकार ने 18 फीसदी तक सिकुड़े व टूटे गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में 5.31 रुपये से लेकर 31.87 रुपये प्रति क्विंटल तक की कटौती का एलान किया है। सीएम मान ने कहा कि किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी... हम हर मुश्किल घड़ी में साथ खड़े हैं। केंद्र सरकार द्वारा गेहूं के दाने में नमी और छोटे दानों के कारण दाम में कटौती का खर्चा पंजाब सरकार वहन करेगी।



टोल प्लाजा पहले भी बंद हो सकते थे टोल प्लाजा बंद करने के बाद सीएम भगवंत मान ने कहा कि यह काम पहले भी हो सकता था। एक साल में यह 9वां टोल प्लाजा है जिसे बंद किया गया है। इस टोल प्लाजा का समझौता एक सितंबर 2005 को हुआ था। साढ़े 16 साल समझौते को हो चुके हैं। एक करोड़ 48 हजार का डैमेज कंट्रोल भी पाया गया। 24 जून 2013 में यह टोल प्लाजा बंद हो सकता था लेकिन पुरानी सरकारों ने नहीं बंद किया। 16 अक्तूबर 2018 को दोबारा इस टोल प्लाजा को बंद किया जा सकता था। टोल प्लाजा ने समय से काम नहीं किया था। इस आधार पर बंद किया जा सकता था लेकिन आज सच्ची नीयत से ईमानदार सरकार ने इस टोल प्लाजा को बंद किया है। तीन लाख 80 हजार रुपये रोजाना लोगों के बचेंगे। अब लोगों की सरकार आ गई है। इस टोल प्लाजा मामले में पहले की सरकारों की याचिका खारिज हो चुकी है। मगर इस सरकार ने मामला जीता है। इस टोल कंपनी से पैसे लेने हैं। इन्हें नहीं छोड़ेंगे। अगर जरूरत पड़ी तो एफआईआर भी दर्ज करेंगे। यह 9वां टोल प्लाजा है... आखिरी नहीं है।

## बीजेपी विधायक का छलका दर्द

### पार्टी ने मेरे साथ जो किया उससे बेदह पीड़ा हुई : कर्नाटक भाजपा विधायक

**मेंगलुरु।** कर्नाटक में होने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी का टिकट नहीं मिलने के बाद उडुपी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक रघुपति भट ने बुधवार को कहा कि पार्टी ने उनके साथ जो व्यवहार किया है उससे उन्हें बहुत पीड़ा हुई है। उडुपी में अपने आवास पर भट ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, पार्टी के निर्णय से मैं उदास नहीं हूं । लेकिन जिस तरीके से पार्टी ने मेरे साथ बर्ताव किया है उससे बहुत पीड़ा हुयी है।





मीडिया के साथ बातचीत में वह अपने आंसू नहीं रोक पाए । उन्होंने कहा कि पार्टी की जिला इकाई के अध्यक्ष तक ने उन्हें पार्टी के फैसले के बारे में सूचित करने के लिए फोन नहीं किया और उन्हें टेलीविजन चैनलों से इसकी जानकारी मिली। भाजपा विधायक ने कहा, अमित शाह ने फोन जगदीश शेट्टार को फोन कर बदलाव के बारे में जानकारी दी। मैं उम्मीद नहीं करता हूं कि शाह मुझे फोन करेंगे, लेकिन कम से कम जिला अध्यक्ष को ऐसा करना चाहिये था। अगर मुझे सिर्फ मेरी जाति के कारण टिकट से वंचित किया गया है, तो मैं इसके लिए राजी नहीं हूं। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि भारतीय जनता पार्टी को उनके जैसे बिना थके काम करने वाले लोगों की जरूरत अब नहीं है।

उन्होंने कहा कि उन्होंने सबसे कठिन समय में भी पार्टी के लिए काम किया है और उन्हें जो अवसर मिले हैं, उसके लिए वह आभारी हैं। पार्टी के उम्मीदवार यशपाल सुवर्णा को अपना बच्चा बताते हुए भट ने कहा कि उन्होंने पार्टी में सुवर्णा के आगे जाने का हमेशा समर्थन किया है।

# समर सिंह और आकांक्षा दुबे के रिश्ते के खुलेंगे राज, पुलिस को मिली भोजपुरी गायक की रिमांड

## अदालत ने 13 अप्रैल से 17 अप्रैल की शाम पांच बजे तक की पुलिस रिमांड स्वीकृत की

**वाराणसी।** भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी गायक समर सिंह की मुसीबतें बढ़ती दिख रही हैं। सिविल जज जूनियर डिवीजन/फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय तनया गुप्ता की अदालत ने बुधवार को समर सिंह की पुलिस रिमांड मंजूर कर ली। 13 अप्रैल की सुबह 10 बजे से 17 अप्रैल की शाम पांच बजे तक की पुलिस रिमांड स्वीकृत हुई है। इसका मतलब यह कि समर सिंह 4 दिन 7 घंटे पुलिस कस्टडी रिमांड में रहेगा। अदालत में समर सिंह जिला जेल से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये पेश हुआ। सारनाथ थाने की पुलिस ने समर सिंह की सात दिन की रिमांड अदालत से मांगी थी। पुलिस का कहना है कि समर का मोबाइल बरामद किया जाना जरूरी है। इसके अलावा समर के लखनऊ और मुंबई स्थित ऑफिस जाकर उसके व आकांक्षा के बीच हुए वित्तीय लेनदेन व फिल्मों के करार संबंधी कागजात बरामद करना है।



रिमांड का विरोध फौजदारी के अधिवक्ता अनुज यादव, आशीष सिंह और विकास यादव ने किया। अधिवक्ताओं ने कहा कि समर की गिरफ्तारी मोबाइल की लोकेशन की मदद से ही हुई है। समर और आकांक्षा के बीच हुए वित्तीय लेनदेन और फिल्मों के करार संबंधी कागजात हमारी ओर से उपलब्ध कराए जा रहे हैं। ऐसे में समर सिंह को पुलिस रिमांड पर दिए जाने का कोई औचित्य नहीं है। मंगलवार को ही आरोपी समर सिंह के अधिवक्ताओं को रिमांड संबंधी आवेदन पत्र की प्रति उपलब्ध कराई गई। साथ ही, अदालत ने आरोपी के अधिवक्ताओं को आपत्ति दाखिल करने के लिए एक दिन का समय दिया था। बुधवार सुबह 11 बजे सुनवाई के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया। दोपहर बाद पुलिस रिमांड संबंधित आवेदन पर आदेश जारी किया।

***पूरे प्रकरण पर एक नजर***

सारनाथ स्थित एक होटल के कमरे में बीते 26 मार्च को आकांक्षा दुबे का शव फंदे के सहारे लटका मिला था। वह भोजपुरी फिल्म की शूटिंग करने वाराणसी आई थीं। 27 मार्च को आकांक्षा दुबे की मां मधु दुबे की तहरीर के आधार पर सारनाथ थाने में आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में भोजपुरी गायक आजमगढ़ के मेंहनगर निवासी समर सिंह और उसके दोस्त बिलरियागंज क्षेत्र के गद्दोपुर निवासी संजय सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। मुकदमा दर्ज होते ही समर सिंह और संजय सिंह भूमिगत हो गए। छह अप्रैल की रात गाजियाबाद में अपने रिश्तेदार के घर ठहरने गए समर सिंह को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। इसके बाद उसे गाजियाबाद की अदालत में पेश कर पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर सड़क मार्ग से बीते शनिवार की सुबह वाराणसी लेकर आई। लगभग सात घंटे की पूछताछ के बाद पुलिस ने समर सिंह को रिमांड मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया।


### प्रतिस्पर्धा कानून संशोधन विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रतिस्पर्धा कानून संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी है। सरकार ने नियामकीय निश्चितता सुनिश्चित करने और भरोसेमंद कारोबारी माहौल को बढ़ावा देने के लिए कानून में बदलाव किए हैं। प्रतिस्पर्धा कानून में संशोधन के विधेयक को लोकसभा में पेश किए जाने के लगभग आठ महीने बाद तीन अप्रैल को संसद ने इसे मंजूरी दी थी।


विधेयक को वित्त पर संसद की स्थायी समिति को भी भेजा गया था, जिसने पिछले साल 13 दिसंबर को अपनी रिपोर्ट संसद में पेश की थी। राज्यसभा ने तीन अप्रैल को विधेयक को मंजूरी दी। दोनों सदनों ने बिना किसी चर्चा के कानून पारित कर दिया। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने बुधवार को ट्वीट किया, भारत की माननीय राष्ट्रपति ने प्रतिस्पर्धा (संशोधन) अधिनियम, 2023 को मंजूरी दे दी है।



यूपी में मौसम के तेवर बीते दो दिनों से काफी बदल गए है। जहां अभी तक सुबह और रात के समय हल्की ठंडक का एहसास होता था, वहीं अब ऐसा नहीं है। राजधानी लखनऊ में दो दिनों से दोपहर बाद गर्म हवाओं से तापमान बढ़ गया है। मौसम विभाग के मुताबिक तेज सतही हवाएं 25 से 35 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से चल रही हैं। बुधवार को भी मौसम हवाओं के चलते शुष्क रहा। सड़क पर अपने काम से निकले लोग तेज धूप से बचते नजर आये।



**सेंसेक्स**
235.05 अंक चढ़कर 60392.77 अंक पर



**सोना**
सोना 297 रुपये गिरकर 60,214 रुपये प्रति 10 ग्राम पर

# बाजार में तेजी जारी, सेंसेक्स 235 अंक और निफ्टी 90 अंक चढ़ा

## हेल्थकेयर, ऑटो, आईटी, टेक, बैंकिंग , वित्त जैसे समूहों में जारी लिवाली के बल पर शेयर बाजार में तेजी रही



**मुबंई।** वैश्विक स्तर से मिल रहे सकारात्मक संदेशों के साथ ही घरेलू स्तर पर हेल्थकेयर, ऑटो, आईटी, टेक, बैंकिंग , वित्त जैसे समूहों में जारी लिवाली के बल पर शेयर बाजार में आज लगातार आठवें दिन तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 235.05 अंक चढ़कर 60392.77 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 90.10 अंक बढ़कर 17812.40 अंक पर रहा। इस दौरान छोटी और मझौली कंपनियों में भी लिवाली का रूख बना रहा जिससे बीएसई का मिडकैप 0.57 प्रतिशत चढ़कर 24680.16 अंक पर और स्मॉलकैप 0.41 प्रतिशत उठकर 28056.09 अंक पर रहा। बीएसई में बढ़त में रहने वाले समूहों में हेल्थकेयर 2.22 प्रतिशत, आईटी 1.04 प्रतिशत, टेक 0.86 प्रतिशत, ऑटो 0.88 प्रतिशत, सीडी 0.74 प्रतिशत, वित्त 0.48 प्रतिशत, बैंकिंग 0.29 प्रतिशत प्रमुखता से शामिल है जबकि गिरावट में रहने वालों में पावर 0.82 प्रतिशत, एफएमसीजी 0.35 प्रतिशत, इंडस्ट्रीयल्स 0.15 प्रतिशत, सीडी 0.21 प्रतिशत शामिल है। बीएसई में कुल 3615 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 2036 हरे निशान में और 1480 लाल निशान में रही जबकि 99 में कोई बदलाव नहीं हुआ। वैश्विक स्तर पर हांगकांग के हैंगसेंग में 0.86 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर शेष सभी प्रमुख सूचकांक हरे निशान में रहा जिसमें ब्रिटेन का एफटीएसई 0.65 प्रतिशत, जर्मनी का डैक्स 0.25 प्रतिशत, जापान का निक्केई 0.57 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.41 प्रतिशत शामिल है।

स्थानीय शेयर बाजारों के सकारात्मक रुख तथा विदेशी कोषों के प्रवाह से बुधवार को शुरूआती कारोबार में रुपया 11 पैसे की बढ़त के साथ 82.01 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। फॉरेक्स कारोबारियों ने कहा कि निवेशकों की निगाह उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर है जो आज ही आने हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.08 प्रति डॉलर पर खुलने के बाद 82.01 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। यह पिछले कारोबारी सत्र की तुलना में 11 पैसे की बढ़त है। इससे पिछले कारोबारी सत्र में रुपया 82.12 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर की मजबूती का आकलन करने वाला डॉलर सूचकांक 0.11 प्रतिशत के नुकसान से 102.08 पर आ गया।

## रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस ने पेश की निश्चित भविष्य योजना



**नई दिल्ली।** भारत की सबसे विश्वसनीय और अग्रणी निजी जीवन बीमाकर्ता कंपनियों में से एक, रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने अपनी बिलकुल नई योजना, रिलायंस निप्पॉन लाइफ निश्चित भविष्य लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक नॉन-लिंक्ड, लाभ-रहित, व्यक्तिगत, बचत जीवन बीमा योजना है जो वृद्धिशील आय लाभ के साथ गारंटीड टैक्स-फ्री रिटर्न्स# मुहैया करती है। निश्चित भविष्य के लॉन्च पर रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस के ईडी और सीईओ, आशीष वोहरा ने कहा कि, मुझे निश्चित भविष्य के लॉन्च की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है, जो हमारी अभिनव उत्पादों की सूची में एक विशिष्ट वृद्धि है। यह योजना विशिष्ट रूप से अपने वृद्धिशील आय लाभ के साथ महँगाई के विरुद्ध एक सुरक्षा कवच के रूप में काम करने के लिए डिजाइन की गई है। यह ग्राहकों को अप्रत्याशित परिस्थितियों पर काबू करने के लिए वित्तीय सुरक्षा भी प्रदान करती है। रिलायंस निप्पॉन लाइफ में हमारी कोशिशें अपने ग्राहकों को उनके लक्ष्य के प्रति आश्वस्त अनुभव कराने पर केन्द्रित है। निश्चित भविष्य वेतनभोगियों, स्व-नियोजित लोगों और व्यवसाय मालिकों के दीर्घकालीन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए आवश्यक टैक्स फ्री और पूर्ण गारंटीड लाभ प्रदान करता है। कंपनी जीवन के हर तबके के ग्राहकों को विशिष्ट लाभों का प्रस्ताव करने वाले विकल्पों से सेवा प्रदान करना चाहती है। इस उत्पाद की संरचना की उत्पत्ति कंपनी के आंतरिक अनुसंधान से हुई है, जो परिवारों में महँगाई की बेहतर समझ को उजागर करती है। आय की रूपरेखा इस भावना का अच्छी तरह ध्यान रखती है और दीर्घकालीन वृद्धिशील आमदनी की जरुरत का समाधान करती है।

## मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने मार्च तिमाही में रिकॉर्ड 4,697 वाहन बेचे

**नई दिल्ली।** जर्मनी की लक्जरी कार कंपनी मर्सिडीज-बेंज ने भारत में इस वर्ष यानी 2023 की पहली तिमाही (जनवरी-मार्च) में 17 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 4,697 वाहनों की रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की है। इस दौरान कंपनी के एक करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के वाहनों की अच्छी मांग देखने को मिली है। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने पिछले साल इसी तिमाही में 4,022 वाहन बेचे थे। मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने अपना हाइब्रिड एएमजी जीटी 63 एस ई परफॉर्मेंस मॉडल पेश किया है। इस मॉडल की दिल्ली में शुरुआती शोरूम कीमत 3.3 करोड़ रुपये है। इस मॉडल को महंगे वाहनों की बिक्री में तेजी लाने की रणनीति के तहत पेश किया गया है। कंपनी की वित्त वर्ष 2022-23 में बिक्री 37 प्रतिशत बढ़कर 16,497 इकाई रही। यह कंपनी का सबसे ऊंचा बिक्री का आंकड़ा है। वित्त वर्ष 2021-22 में यह आंकड़ा 12,071 इकाई का रहा था। मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने कहा, तिमाही और वित्त वर्ष के दौरान रिकॉर्ड बिक्री के साथ हमारे विकास की कहानी जारी है।

## महिंद्रा एंड महिंद्रा के मानद चेयरमैन केशब महिंद्रा का 99 वर्ष की आयु में निधन



**नई दिल्ली।** भारतीय वाहन उद्योग के दिग्गज और महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड (एमएंडएम) के मानद चेयरमैन केशब महिंद्रा का बुधवार सुबह मुंबई में निधन हो गया। वह 99 साल के थे। कंपनी ने कहा कि केशब महिंद्रा ने आज सुबह घर पर ही अंतिम सांस ली। महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने कहा, वह एक सिद्धांतवादी व्यक्ति थे। केशब महिंद्रा को उनके निपुण व्यापार कौशल के लिए जाना जाता था। उन्होंने महिंद्रा को विविध क्षेत्रों के रूप में बदलने में मदद की। उनके जन-केंद्रित दृष्टिकोण ने उन्हें वैश्विक व्यापार का दिग्गज बना दिया, जिसे बहुत स्नेह और सम्मान मिला केशब ने चेयरमैन के रूप में 48 साल तक महिंद्रा समूह का नेतृत्व किया। इसके साथ ही उन्होंने महिंद्रा समूह के वाहन से अन्य क्षेत्रों मसलन सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), रियल एस्टेट, वित्तीय सेवा और आतिथ्य में विस्तार का श्रेय जाता है। केशब का जन्म शिमला में नौ अक्टूबर, 1923 में हुआ था और उन्होंने अमेरिका के व्हॉर्टन, पेन्सिल्वेनिया विश्वविद्यालय से स्नातक किया था। वह 1947 में कंपनी में शामिल हुए थे और 1963 में इसके चेयरमैन बन गए थे।

केशब महिंद्रा ने इस्पात व्यापार कंपनी को 15.4 अरब डॉलर के विविध क्षेत्रों में कार्यरत समूह में बदला था। उन्होंने 2012 में अपने भतीजे और समूह के तत्कालीन वाइस-चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक आनंद महिंद्रा को समूह की कमान सौंप दी। केशब 64 साल तक महिंद्रा एंड महिंद्रा के बोर्ड में निदेशक रहे। वह सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के कई संगठनों के बोर्ड और परिषद में शामिल रहे। वह हुडको के संस्थापक चेयरमैन थे। इसके अलावा वह कई कंपनियों मसलन सेल, टाटा स्टील, टाटा केमिकल्स, इंडियन होटल्स, आईएफसी, आईसीआईसीआई और एचडीएफसी के बोर्ड में भी रहे। केशब ने भारत में बेहतर कॉरपोरेट प्रशासन को फिर से परिभाषित किया। वह उद्योग संगठन एसोचैम की सर्वोच्च सलाहकार परिषद के सदस्य भी थे। उन्हें वर्ष 1987 में फ्रांस के शीर्ष नागरिक सम्मान शेवेलियर डे ला लीजियन डी होनूर से सम्मानित किया गया था। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने बयान में कहा कि भारतीय वाहन उद्योग ने अपने अग्रणी लोगों में से एक को आज खो दिया है। उन्होंने कहा, भारतीय वाहन उद्योग की यात्रा के शुरुआती वर्षों में उनके नेतृत्व ने देश को वैश्विक स्तर पर एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में पहचान दिलाई। उनकी मदद से ही भारत वाहन क्षेत्र का विनिर्माण केंद्र बन सका। केशब 1964 में सियाम के अध्यक्ष थे।

## यूट्यूब ने एनएफएल संडे टिकट की पूर्व-बिक्री शुरू की

**सैन फ्रांसिस्को।** गूगल के स्वामित्व वाले यूट्यूब ने नेशनल फुटबॉल लीग (एनएफएल) के संडे टिकट की बिक्री शुरू कर दी है।यूट्यूब ने एक ब्लॉगपोस्ट में कहा, आज से प्रशंसक अगले सीजन के एनएफएल संडे टिकट के लिए यूट्यूब टीवी और यूट्यूब प्राइमटाइम चैनल पर शुरूआती कीमत के लिए लॉक इन कर सकते हैं।

कंपनी के अनुसार, बेस प्लान वाले यूट्यूब टीवी सदस्यों के लिए, एनएफएल संडे टिकट ऐड-ऑन प्री-सेल के दौरान सीजन के लिए 349 डॉलर के खुदरा मूल्य पर 100 डॉलर की विशेष लॉन्च ऑफर की बचत के साथ 249 डॉलर पर उपलब्ध है।

कंपनी एनएफएल संडे टिकट और एनएफएल रेडजोन के साथ प्रीसेल के दौरान सीजन के लिए कुल 289 डॉलर के लिए एक बंडल विकल्प भी पेश कर रही है। इसके अलावा, उन दर्शकों के लिए जो फुल यूट्यूब टीवी पेशकश के बिना केवल एनएफएल संडे टिकट चाहते हैं।

## किराना डिलीवरी एप मिल्करन का कारोबार बंद, 400 कर्मचारियों की छंटनी



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई ग्रॉसरी डिलीवरी स्टार्टअप मिल्करन ने निराशाजनक वैश्विक आर्थिक परिदृश्य के बीच दुकान बंद करने और 400 कर्मचारियों की छंटनी करने का फैसला किया है।फोर्ब्स ऑस्ट्रेलिया के अनुसार, इसके सह-संस्थापक डैनी मिलहम ने कर्मचारियों से कहा कि कंपनी 14 अप्रैल को कारोबार बंद कर देगी।

मिल्हम ने कहा, जब से हमने फरवरी में अपने संरचनात्मक परिवर्तनों की घोषणा की है, तब से आर्थिक और पूंजी बाजार की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है, जबकि व्यवसाय ने अच्छा प्रदर्शन करना जारी रखा है, हम दृढ़ता से महसूस करते हैं कि मौजूदा परिवेश में यह सही निर्णय है।

फरवरी में मिल्करन ने घोषणा की थी कि वह अपने डिलीवरी केंद्रों को मजबूत करने के कदम के हिस्से के रूप में अपने तत्कालीन कर्मचारियों के 20 प्रतिशत को बेमानी बना देगा।

सह-संस्थापक ने कर्मचारियों से कहा, हम हमेशा चीजों को सही तरीके से करने के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं, और जब तक हमारे पास पर्याप्त नकदी शेष है, तब तक हम अपने लोगों और आपूर्तिकताओं को पूरा भुगतान सुनिश्चित करने में सक्षम बनाते हैं।

2021 में महामारी के दौरान लॉन्च किए गए स्टार्टअप मिल्करन में सभी कर्मचारियों को बेमानी बना दिया जाएगा। इसने 11 मिलियन डॉलर का सीड राउंड हासिल किया और 2022 की शुरूआत में स्टार्टअप ने 75 मिलियन डॉलर और जुटाए, जिसमें यूएस-आधारित टाइगर ग्लोबल मैनेजमेंट शामिल था।

## घरेलू कोयला उत्पादन में तेजी लाने के लिए कदम उठाए जाएंगे : सरकार

**नई दिल्ली।** कोयला मंत्रालय घरेलू कोयला उत्पादन और निकासी प्रक्रिया में और तेजी लाने के लिए सभी कदम उठाएगा। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। कोयला सचिव अमृतलाल मीणा ने यहां कैप्टिव और वाणिज्यिक कोयला ब्लॉकों के कोयला ब्लॉक आवंटियों के साथ एक इंटरैक्टिव सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि नए आवंटित ब्लॉकों से कोयले का शीघ्र उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए भूमि की समय पर उपलब्धता और अन्य मंजूरी सर्वोपरि है। उन्होंने आगे कहा कि कोयला मंत्रालय में नामित प्राधिकरण इस संबंध में समय पर निगरानी और मुद्दों के समाधान के लिए एक पोर्टल विकसित करने की प्रक्रिया में है। कोयला सचिव ने हमारी तेजी से विकासशील अर्थव्यवस्था की आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ-साथ कोयले के आयात पर निर्भरता कम करने के लिए ऊर्जा खपत बढ़ाने की जरूरत को रेखांकित किया।

## टीसीएस ने वित्त वर्ष 23 को 42,147 करोड़ के मुनाफे के साथ बंद किया



**बेंगलुरु/चेन्नई।** सॉफ्टवेयर प्रमुख टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड (टीसीएस) ने बुधवार को कहा कि उसने वित्त वर्ष 23 को 225,458 करोड़ रुपये के राजस्व और 42,147 करोड़ रुपये के शुद्ध लाभ के साथ बंद कर दिया है।कंपनी बोर्ड ने अपनी बैठक में वित्त वर्ष 23 के लिए प्रत्येक 1 रुपये के इक्विटी शेयर पर 24 रुपये के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है। वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही के लिए, टीसीएस ने 59,162 करोड़ रुपये का राजस्व और 11,392 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

वर्ष के अंत में, टीसीएस के कर्मचारियों की संख्या 614,795 थी, जिसमें सॉफ्टवेयर कर्मचारियों की 20.1 प्रतिशत की दर थी। वित्त वर्ष 23 के दौरान कंपनी के कर्मचारियों की शुद्ध वृद्धि 22,600 थी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक राजेश गोपीनाथन ने कहा:: वित्त वर्ष 2023 में हमारी मजबूत वृद्धि को देखना बहुत संतोषजनक है। हमारी ऑर्डर बुक की ताकत हमारी सेवाओं के लिए मांग के लचीलेपन को प्रदर्शित करती है और हमें मध्यम अवधि में विकास के लिए ध्श्यता प्रदान करती है।

एन गणपति सुब्रमण्यम, मुख्य परिचालन अधिकारी और कार्यकारी निदेशक के अनुसार, चौथी तिमाही के दौरान और वर्ष के दौरान, कंपनी ने अलग-अलग आकार और पैमाने के परिवर्तन कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा किया। क्लाउड और डेटा आंतरिक रूप से प्रतिभा के ध्ष्टिकोण से और बाह्य रूप से समाधान के ध्ष्टिकोण से भारी मांग उत्पन्न करना जारी रखते हैं।

## यूपी में बड़े पैमाने पर बनेंगे ईवी चार्जिंग स्टेशन, कार्ययोजना तैयार



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश को इलेक्ट्रिकल व्हीकल्स के क्षेत्र में लीडर बनाने के लिए योगी सरकार ने ईवी नीति के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। सरकार का उद्देश्य सिर्फ ईवी मैन्युफैक्चरिंग को ही बढ़ावा देना नहीं है, बल्कि ईवी का इस्तेमाल कर रहे नागरिकों को समुचित चार्जिंग की सुविधा मिल सके, इस दिशा में भी सरकार गंभीरता से प्रयास कर रही है। इसी क्रम में योगी सरकार ने ईवी चार्जिंग स्टेशन की स्थापना को लेकर नीति के प्रावधानों के अनुसार नगर विकास विभाग को इसकी जिम्मेदारी सौंपी है। नगर विकास विभाग ने प्रदेश में चार्जिंग सुविधाओं के लिए सेवा प्रदाताओं की भूमि आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ ही इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्लान (सीईएमपी) को स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत 17 नगर निगम वाले शहरों में भी जल्द से जल्द विस्तारित किए जाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के फास्ट ट्रैक डेवलपमेंट के लिए नगर विकास विभाग के नेतृत्व में कार्यकारी समूह का भी गठन कर लिया गया है।

***स्वीकृत चार्जिंग स्टेशंस को मिलेगी सुविधा***

नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात द्वारा जारी निदेशों के अनुसार ईवी नीति के अधीन नोडल संस्था इन्वेस्ट यूपी द्वारा स्वीकृत चार्जिंग स्टेशनों के लिए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। ईवी नीति के अनुसार चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए सरकारी संस्थाओं को भूमि 10 वर्ष की अवधि के लिए पट्टे या लीज पर उपलब्ध कराई जाएगी। चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिए विद्युत मंत्रालय के मानकों के अनुसार निर्धारित रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल इसका आधार होगा। पट्टा अवधि, रेवेन्यू शेयरिंग रेट एवं अन्य निर्धारित मानकों को समय-समय पर अपडेट किया जाएगा। इसी तरह चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने क लिए निजी संस्थाओं को भूमि समान रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल के माध्यम से 10 वर्ष की अवधि के लिए पट्टे पर प्रदान की जाएगी। ऐसी संस्थाओं का चयन सेवा शुल्क को बिडिंग पैरामीटर रखते हुए निविदा आमंत्रित करते हुए न्यूनतम सेवा शुल्क के आधार पर किया जाएगा,जिससे उपभोक्ताओं को न्यूनतम चार्जिंग शुल्क देना होगा। ऐसी निजी संस्थाओं को विद्युत मंत्रालय व आवास और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा समय-समय पर अधिसूचित अन्य दिशानिर्देशों का पालन करना आवश्यक होगा।

## जीप मेरिडियन के दो स्पेशल एडिशन लॉन्च शुरूआती कीमत 32.95 लाख रुपये



**नई दिल्ली।** जीप इंडिया ने अपनी प्रीमियम एसयूवी ब्रांड जीप मेरिडियन के दो लिमिटेड स्पेशल एडिशन जीप मेरिडियन एक्स और जीप मेरिडियन अपलैंड लाँच करने की घोषणा की है जिसकी शुरूआती एक्स शोरूम कीमत 32.95 लाख रुपये है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि स्पेशल एडिशन नई स्टाइलिंग और एक्सेसरी पैक के साथ जीप ब्रांड की प्रसिद्ध 4गुना4 क्षमता देता हैं जो जीप मेरिडियन की स्टाइल को और निखारता है। स्पेशल एडिशन दो अतिरिक्त रंगों सिल्वर मून और गैलेक्सी ब्लू में भी उपलब्ध है। स्पेशल एडिशन विशिष्ट रूप देने के साथ ग्राहकों को उनकी शैली और व्यक्तित्व के आधार पर एक वैरिएंट का चयन करने का विकल्प प्रदान करेगा। 'अर्बन फोकस्ड' जीप मेरिडियन एक्स को उन ग्राहकों के लिए डिजाइन किया गया है जो परिष्कृतता और भव्यता की खोज कर रहे हैं और एक प्रीमियम अर्बन ड्राइव अनुभव की उम्मीद करते हैं। यह एडिशन एसयूवी के अपमार्केट फील को बढ़ाते हुए अधिक प्रीमियम और परिष्कृत अनुभव प्रदान करेगा। जीप मेरिडियन एक्स स्टाइलिश बॉडी कलर लोअर, ग्रे रूफ और ग्रे पॉकेट के साथ अलॉय व्हील देता है। इसके अलावा, यह साइड मोल्डिंग, पडल लैंप्स जैसे बाहरी मॉडिफिकेशन और एम्बिएंट लाइटिंग जैसे इंटीरियर मॉडिफिकेशन देता है। इसके अलावा, दोनों वेरिएंट के खरीदारों को बिक्री मूल्य के 50 प्रतिशत पर रियर एंटरटेनमेंट पैकेज की पेशकश की जाएगी। 'एडवेंचर ओरिएंटेड जीप मेरिडियन अपलैंड' ऐसे लोगों के लिए है जो 'कहीं पर भी जाना, कुछ भी करना' चाहते हैं। यह उन लोगों के लिए है जो अलग-अलग इलाकों में ड्राइव करना चाहते हैं और अपने जुनून को फॉलो करते हुए रोमांचकारी अनुभव लेते हैं। इसमें स्प्लैश गार्ड्स, बूट ऑर्गनाइजर, प्रीमियम फुटस्टेप्स, सनशेड्स, स्पेशल केबिन, कार्गो मैट्स और टायर इन्फ्लेटर के अलावा हुड डेकल और रूफ कैरियर जैसे बाहरी मॉडिफिकेशन शामिल हैं। यह एसयूवी 10.8 सेकंड में 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार पकड़ सकती है और 198 किमी प्रति घंटा की टॉप स्पीड तक जा सकती है। जीप मेरिडियन स्पेशल एडिशन की डिलीवरी अप्रैल 2023 के दूसरे पखवाड़े से शुरू की जाएगी। ***एजेंसी***

## संक्षेप

### भारत में ईवी की पहुंच बढ़ाने के लिए सरकार का प्रोत्साहन, चार्जिंग ढांचा महत्वपूर्ण : मूडीज

**नई दिल्ली।** सरकार के प्रोत्साहन, स्थानीय स्तर पर बैटरी विनिर्माण, राज्यों के स्तर पर सब्सिडी और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती से देश में बिजलीचालित (इलेक्ट्रिक) वाहनों की पहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगी। मूडीज इन्वेस्टर सर्विसेज ने एक रिपोर्ट में यह बात कही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत वैश्विक स्तर पर चौथा सबसे बड़ा कार बाजार है, लेकिन इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) की पैठ अभी सिर्फ एक प्रतिशत है। रिपोर्ट कहती है कि सरकार का 2030 तक बिजलीचालित वाहनों की पहुंच बढ़ाने का लक्ष्य चार्जिंग ढांचे और उपभोक्ताओं के परंपरागत पेट्रोल, डीजल वाहनों से इलेक्ट्रिक की ओर स्थानांतरित होने के रुख पर निर्भर करेगा। मूडीज ने कहा, हमारा मानना है कि सरकार की विभिन्न पहल से देश में ईवी की पहुंच बढ़ेगी। इनमें उपभोक्ताओं को दिया जाने वाला प्रोत्साहन भी शामिल है। इसके अलावा एडवांस बैटरी स्टोरेज के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन, जीएसटी में कटौती और राज्यों द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी जैसे कारक भी ईवी की पहुंच बढ़ाने में मदद करेंगे। भारत 2022 में जापान को पीछे छोड़कर चीन और अमेरिका के बाद तीसरा सबसे बड़ा वाहन बाजार बन गया है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पिछले महीने कहा था कि यदि भारत हाल में जम्मू-कश्मीर में मिले लिथियम भंडार का उपयोग कर सकता है, तो वह इलेक्ट्रिक वाहन खंड में दुनिया में पहले स्थान पर पहुंच सकता है। इलेक्ट्रिक वाहनों को चलाने वाली बैटरी बनाने में लिथियम एक महत्वपूर्ण तत्व है। सरकार का 2030 तक निजी कारों के 30 प्रतिशत, वाणिज्यिक वाहनों के लिए 70 प्रतिशत और दोपहिया और तिपहिया वाहनों के लिए 80 प्रतिशत ईवी बिक्री का लक्ष्य है। मूडीज ने कहा कि टाटा मोटर्स 85 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ अप्रैल-दिसंबर, 2022 में बैटरी ईवी बाजार में सबसे आगे है। मूडीज ने कहा कि 165 शहरों में 250 डीलरों के माध्यम से उपस्थिति और करीब 4,300 चार्जिंग पॉइंट के साथ कंपनी पहले ही 50,000 ईवी बेच चुकी है।

### सीतारमण ने सऊदी अरब के वित्त मंत्री के साथ वैश्विक ऋण संकट पर की चर्चा

वाशिंगटन। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को सऊदी अरब के अपने समकक्ष मोहम्मद अलजदान के साथ बैठक में वैश्विक ऋण संकट और बहुपक्षीय विकास बैंकों को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की वार्षिक वसंत बैठक के मौके पर हुई बैठक के बाद अलजादान ने ट्वीट में कहा, निर्मला सीतारमण और मैंने जी20 एजेंडा और प्रगति पर चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने एक अन्य ट्वीट में कहा, अन्य बातों के अलावा दोनों नेताओं ने विश्व बैंक के विकास की रूपरेखा और जी20 की भारत की अध्यक्षता में बहुपक्षीय विकास बैंकों को मजबूत करने पर गठित विशेषज्ञ समूह पर चर्चा की। मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेताओं ने वैश्विक मुद्रास्फीति के मुद्दों पर चर्चा की। इसमें जो कदम उठाए गए हैं उनके विकासशील और कम आय वाले देशों पर प्रभाव का मुद्दा भी शामिल है। इसके अलावा बैठक में बढ़ते वैश्विक ऋण संकट से निपटने और सामान्य रूपरेखा के कार्यान्वयन में सुधार की तत्काल जरूरत पर भी जोर दिया गया।

### सीएफए इन्स्टीट्यूट ने सीएफए प्रोग्राम में महत्वपूर्ण सुधारों की घोषणा की

**मुंबई।** इन्वेस्टमेन्ट प्रोफेशनल्स के एक वैश्विक संघ, सीएफए इन्स्टीट्यूट ने, सीएफए प्रोग्राम को विकसित करने के अपने निरंतर प्रयासों के चलते इस प्रोग्राम में महत्वपूर्ण सुधारों की घोषणा की। ये परिवर्तन आज की पीढ़ी के कैंडिडेट्स के सीखने के तरीके को संबोधित करते हैं और उन्हें इस प्रोफेशन में सफलता प्राप्त करने के लिए तैयार करते हैं, साथ ही इंडस्ट्री में आवश्यक नैतिक प्रोफेशनल्स की कमी को पूरा करते हैं। मार्गरेट फ्रैंकलिन, सीएफए, प्रेज़िडेन्ट एवं सीईओ, सीएफए इन्स्टीट्यूट ने अपनी टिप्पणी में कहा, इंडस्ट्री में ये सुधार हमारे कैंडिडेट्स व एम्प्लॉयर्स के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव हैं। वास्तव में, वर्ष 1963 में सीएफए प्रोग्राम के आरंभ होने के बाद से अब तक किया गया ये सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन है। हमने बड़े पैमाने पर एम्प्लॉयर्स, कैंडिडेट्स, संभाव्य कैंडिडेट्स, और इंडस्ट्री के लोगों से सीधे फीडबैक प्राप्त करने के लिए गहन रिसर्च की ताकि भविष्य के इन्वेस्टमेन्ट प्रोफेशनल्स को हमारे द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले ज्ञान और कौशल में प्रगति करने के सर्वोत्तम तरीकों को सूचित किया जा सके। हम यकीन के साथ कह सकते हैं कि जॉब मार्केट में बढ़त हासिल करने के लिए कैंडिडेट्स बेहद उत्सुक हैं, और वे सीएफए प्रोग्राम द्वारा प्रदान किये जाने वाले लाभ के लिए कड़ा परिश्रम करने को तैयार हैं। ये परिवर्तन उनकी जरूरतों को पूरा करेंगे, जो उन्हें यह समझाने में सहायक होगा कि इन्वेस्टमेन्ट कॉन्सेप्ट्स को कार्य पर किस प्रकार लागू किया जाए और शुरू से ही डेस्क-रेडी रहें। सीएफए प्रोग्राम स्पष्ट करता है कि कैंडिडेट्स इन्वेस्टमेन्ट मैनेजमेन्ट में एक लंबे व सफल करियर के बारे में गंभीर हैं।

### ट्रूकॉलर ने आईफोन के लिए लाइव कॉलर आई.डी. प्रस्तुत की

**लखनऊ।** दुनिया के प्रमुख वैश्विक दूर-संचार प्लैटफॉर्म, ट्रूकॉलर ने आईफोन पर अपने उत्पाद के लिए महत्वपूर्ण अपडेट पेश करने की घोषणा की है। यह अपडेट नई, रोमांचक सुविधायें प्रदान करता है जो दुनिया भर में आईफोन का उपयोग करनेवाले लोगों के लिए बात-चीत का एक बेहतर और अधिक सुरक्षित संचार अनुभव प्रदान करेगा। लाइव कॉलर आई.डी. का पूर्ण अनुभव अब आईफोन पर पहली बार आया है, जो आपको यह बताने के लिए कि कौन कॉल कर रहा है एक साधारण से सिरी शॉर्टकट का उपयोग करता है। ऐप के भीतर प्रीमियम टैब पर जायें और 'एड टू सिरी' पर क्लिक करें। ट्रूकॉलर में भारत के प्रबंध निदेशक, ऋषित झुनझुनवाला ने कहा, हम देख रहे हैं कि आईफोन्स को अधिक से अधिक लोगों के द्वारा अपनाया जा रहा है और हम इस प्लैटफॉर्म के भीतर लगातार अभिनवता ला रहे हैं। इस सिरी के द्वारा चलने वाले लाइव कॉलर आई.डी. के अनुभव को तैयार करने के लिए हमारी टीम ने काफी रचनात्मकता का उपयोग किया है। अंततः हमारी कम्युनिटी इनकमिंग कॉल के दौरान 'हे सीरी, सर्च ट्रूकॉलर' बोलकर लाइव कॉलर आई.डी. का अनुभव प्राप्त कर सकती है। हम इस वैश्विक रिलीज से बहुत उत्साहित हैं और आई.ओ.एस. प्लैटफॉर्म पर नई-नई चीजें करना जारी रखेंगे।

### 2023 की पहली तिमाही में पोको इंडिया फ्लिपकार्ट पर सबसे ज्यादा बिकने वाला ब्रांड बना

**नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी कंज्यूमर टेक्नॉलॉजी ब्रांड्स में से एक, पोको ने आज घोषणा करके बताया कि यह 2023 की पहली तिमाही में फ्लिपकार्ट पर सबसे ज्यादा बिकने वाला स्मार्टफोन ब्रांड बन गया है। पोको के सेल के ये प्रभावशाली आँकड़े पॉवर-पैक्ड पोको एक्स5 प्रो की अपार सफलता और एंट्री-लेवल मॉडल, पोको सी50 के कारण हैं, जो मार्च में फ्लिपकार्ट पर सबसे ज्यादा बिकने वाले स्मार्टफोन मॉडल थे। इस उपलब्धि पर अपना उत्साह साझा करते हुए हिमांशु टंडन, कंट्री हेड, पोको इंडिया ने कहा, हमें मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया से हम बहुत उत्साहित हैं। हमें खुशी है कि 2023 की पहली तिमाही में फ्लिपकार्ट पर सबसे ज्यादा बिकने वाले स्मार्टफोन ब्रांड्स की सूची में हम सबसे ऊपर हैं। यह सफलता हमारे उत्पादों में हमारे ग्राहकों के विश्वास का प्रमाण है क्योंकि हम उन्हें भिन्न-भिन्न मूल्य वर्गों में उच्च गुणवत्ता के स्मार्टफोन प्रदान करते हैं। अपने ग्राहकों की निष्ठा के लिए हम उनके आभारी हैं। हम भविष्य में इसी तरह से उपलब्धियाँ हासिल करते जाने के लिए आशान्वित हैं, और हम भारत में सबसे पसंदीदा स्मार्टफोन ब्रांड के रूप में अपनी स्थिति को बनाए रखेंगे। पोको इंडिया सर्वश्रेष्ठ विशेषताओं से युक्त स्मार्टफोन पेश करने पर केंद्रित है, जो ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप हों और भारत के प्रतिस्पर्धी स्मार्टफोन बाजार में ब्रांड की तीव्र वृद्धि में मदद करें। पोको सी50 और अन्य मॉडल्स की अपार सफलता के साथ, पोको इंडिया आने वाली तिमाहियों में बाजार में अपना वर्चस्व बनाए रखने के लिए तैयार है।

# गर्मी का पारा चढ़ा, बढ़ी देसी फ्रिज की मांग

**आ गए मटकों के दिन**

## कारीगरों ने कहा, महंगाई के कारण कम हो गया सुराही का उत्पादन

**उमेश गुप्ता**

**जौनपुर।** आधुनिकता की इस दौड़ में गर्मी के दिनों में जहां अमीरों के लिए फ्रिज का काफी महत्व है तो वहीं गरीबों के घर की शान मिट्टी की सुराही है। गरीबों और मध्यम वर्गीय घरों में अगर सुराही या घड़ा न हो तो उनकी शान में कमी रह जाती है। गरीब तबके के लोग जिनकी हैसियत फ्रिज लेने की नहीं है वह गर्मी के दिनों में देसी फ्रिज यानी मिट्टी का घड़ा या सुराही के जरिए अपना तथा अपने परिवार के लोगों का एवं आये हुए रिश्तेदार या मेहमानों का स्वागत एक गिलास ठंडे पानी से करता है।

गर्मी के दिनों में वैज्ञानिक एवं स्वास्थ्य की दृष्टि से मिट्टी के घड़े या सुराही का पानी सर्वश्रेष्ठ माना गया है। इतने सुलभ व कम पैसे में गरीबों के लिए उपलब्ध देसी फ्रिज के निर्माण की प्रक्रिया काफी रोचक है। सुराही या घड़ा बनाने के लिए दलदली काली मिट्टी का उपयोग किया जाता है। पहले यह आसानी से उपलब्ध हो जाता था लेकिन जबसे सरकार ने मिट्टी को उत्खनन की श्रेणी में डाल दिया है तबसे मिट्टी मिलने में काफी परेशानी होती है जो मिट्टी पहले1200 रूपये ट्राली में उपलब्ध हो जाती थी वहीं अब 2000 रूपये प्रति ट्राली हो गयी है। इसको पकाने में लगने वाले ईंधन


सुराही का निर्माण करता कुम्हार

का भी रेट काफी बढ़ गया है। सुराही तथा घड़े की सुंदरता बढ़ाने के लिए इस्तेमाल होने वाले रंगों का भी रेट काफी बढ़ गया है। इसका निर्माण करने वाले कारीगरों का कहना है कि महंगाई के कारण खर्च ज्यादा तथा उत्पादन कम हो गया है। परिवार के सभी सदस्य मिल बांटकर हाथ बंटाते हैं लेकिन इसकी मूल लागत भी नहीं निकल पाती है।

अब धीरे-धीरे इस पुरानी कला को नई पीढ़ी नहीं अपनाना चाहती जिसके कारण यह धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती जा रही है वैसे-वैसे ही सुराही की मांग बढ़ती जा रही है। सुराही का निर्माण करने वाले खासनपुर निवासी राजेंद्र प्रजापति बताते हैं कि खासनपुर मोहल्ले में यह बहुतायत मात्रा में बनाया जाता था लेकिन धीरे-धीरे यह सिमटकर एक या दो घरों में ही रह गया है।

सुराही निर्माण करने वाले ने सरकार पर आरोप लगाया की इस पुरानी कला की सरकार द्वारा उपेक्षा की जा रही है। मिट्टी के कलाकारों को न ही प्रोत्साहित किया जा रहा न ही उन्हें सम्मानित किया जा रहा है जिसके कारण यह कला उद्योग बंद होता जा रहा है।

इस पुरानी मिट्टी की कला को समाज में काफी पिछड़ी निगाहों से देखा जाता है। यही कारण है कि आने वाली नई पीढ़ी इस कला को नहीं अपनाना चाहती। मोहन प्रजापति के अनुसार तैयार सुराही को खरीदने के लिए आसपास जिले के व्यापारी आते हैं और तैयार माल को अपने साधन से सुरक्षित बेचने को ले जाते हैं और ग्राहकों से मुंहमांगा दाम वसूल करते हैं। इसको बनाने वाले कारीगरों को इसकी मूल लागत निकाल पाना काफी मुश्किल होता है।

# लालानगर टोल प्लाजा पर लगा जाम सवारों से सुरक्षा कर्मियों की नोक झोंक



**गोपीगंज।** लालानगर टोल प्लाजा पर बुधवार को भीषण जाम की समस्या रही। सुबह से वाराणसी प्रयागराज की आने व जाने वाली सभी लेनों में जाम लगा रहा। वाहनों की एक किलोमीटर दूरी तक लाइनें लगी थीं। हर कोई जल्दी निकलने के प्रयास में था। इस बीच टोल कर्मियों की चालकों से नोकझोंक होती रही। कुछ लेनों में तैनात सिक्योरिटी गार्ड लोगों से अभद्रता करते नजर आए। टोल प्लाजा में जाम लगने से वाहन सवारों को परेशान होना पड़ रहा है। फास्टैग लेनों के सेंसर ठीक से काम नहीं करते हैं। इससे वाहनों को कई बार आगे-पीछे करना पड़ता है। लगभग हर वाहन को प्रत्येक लेन में ऐसा करना पड़ रहा है। इससे फास्टैग लेनों में जाम लग रहा है। वहीं कैश वाली लेनों में पहले से ही जाम की समस्या रहती है।

बुधवार को वाराणसी से आनी वाली सभी लेनों में वाहनों की लंबी लाइनें लगी रही। कई बार मारपीट की नौबत आ गई। इससे स्थिति और खराब हो गई। सुरक्षा कर्मियों की अभद्रता के मसला यहां नया नहीं है। अक्सर वाहन सवारों से टोल व सुरक्षा कर्मी मारपीट करने लगते हैं। बुधवार दोपहर तक जाम की स्थिति रही। इससे वाहन सवार परेशान रहे।

# सांड़ के आतंक से ग्रामीण भयभीत, जिम्मेदार मौन

**भय का माहौल**

## एसडीएम, बीडीओ व सचिव को पत्रक भेज लगाई थी गुहार

## कई लोगों पर हो चुका है जानलेवा हमला

**जनसंदेश न्यूज**

**केराकत।** स्थानीय क्षेत्र में इन दिनों छुट्टा मवेशियों को लेकर हर कोई परेशान दिख रहा है। छुट्टा मवेशियों से बची फसल को किसानों ने तो काटकर रख लिया है पर छुट्टा मवेशी चिलचिलाती धूप में अपनी प्यास बुझाने के लिए गांवों के अंदर का रुख कर रहे हैं। चिलचिलाती धूप व गर्मी की बढ़त से छुट्टा मवेशियों में बौखलाहट काफी दिख रही है जिससे आये दिन सांड़ों व गायों द्वारा ग्रामीणों को दौड़ाते व मारते देखा जा रहा है। अकेले सरायबीरु ग्राम में मवेशियों द्वारा लगभग आधा दर्जन लोगों को घायल किया जा चुका है।

आवारा छुट्टा पशुओं की संख्या क्षेत्र में काफी हद तक बढ़ गयी है जहाँ तहां



पशुओं को देखा जा रहा है। किसी के गल्ले की दुकान में घुसते तो किसी सब्जी विक्रेता के दुकान पर धावा बोलते दिख रहे हैं। पशुओं के हमलों से ग्रामीण काफी आहत हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पशुपालन विभाग, तहसील प्रशासन व विकास खण्ड को पत्रक के माध्यम से अवगत करा दिया गया है पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

सरायबीरू निवासी सत्यवान गुप्ता ने बताया कि गांव में एक आवारा पशु उग्र हो गया है जो कई लोगों को घायल कर चुका है। कुछ दिन पहले हमें घायल कर चुका है जिससे मेरी दो हड्डी फैक्चर हो गई थी जिस कारण दो महीने तक हमको बेड रेस्ट होना पड़ा। सरायबीरू निवासी सुधाकर सिंह ने बताया कि आवारा छुट्टा पशुओं से हम लोग इतना त्रस्त है कि आये दिन घर के बाहर व खेत खालियानों में फसलों को क्षति पहुंचने के साथ मानव क्षति भी पहुंचा रहे है। इसके पहले मेरे भाई पर भी छुट्टा पशु जानलेवा हमला कर चुका है इससे हम लोग काफी परेशान है जिसकी सूचना ब्लॉक के उच्चाधिकारियों के संज्ञान में है। उन्होंने कहा कि आवारा पशु सरायबीरु से लेकर मंडी तक घूम रहे हैं लेकिन कोई संज्ञान में नहीं ले रहा है। सरायबीरू निवासी हेमंत सिंह ने बताया कि स्थानीय प्रशासन की उदासीनता के बजह से आवारा पशुओं का आतंक इतना ज्यादा बढ़ चुका है कि फसलों को नुकसान करने के साथ साथ मानव क्षति भी पहुंचा रहे हैं। हमारे बगल के ही मास्टर पर एक पशु ने जान लेवा हमला कर दिया किसी तरह से उनकी जान बची सकी।

## छुट्टा घूम रहे पशुओं को पकड़कर भेजा गोशाला



**केराकत।** स्थानीय क्षेत्र में घूम रहे मवेशियों की खबर लगातार अखबारों में प्रकाशित होने के बाद स्थानीय प्रशासन ने मामले को संज्ञान में लेते हुए नरहन व सरायबीरु के आसपास घूम रहे आवारा मवेशियों को खुद खण्ड विकास अधिकारी कृष्ण मोहन यादव मौके पर पहुंच अधिकारी व ग्राम प्रधान की मदद से मवेशियों को पकड़ ट्राली में भर उन्हें नजदीकी गौशाला में भेजवा दिया गया। मवेशियों को प्रशासन द्वारा पकड़कर गौशाला भेजते देख लोगों ने राहत की सांस ली। बता दे कि छुट्टा मवेशी चिलचिलाती धूप में अपनी प्यास बुझाने के लिए गांवो के अंदर का रुख कर रहे हैं। चिलचिलाती धूप व गर्मी की बढ़त से छुट्टा मवेशियों में बौखलाहट काफी दिख रही है जिससे आये दिन सांड़ों व गायों द्वारा ग्रामीणों को दौड़ाते व मारते देखा जा रहा है। अकेले सरायबीरु ग्राम में मवेशियों ने लगभग आधा दर्जन लोगों को घायल कर चुके हैं। आवारा मवेशियों को पकड़ने वालों में सहायक विकास अधिकारी जैस यादव, सचिव सरला गौड़, ग्राम प्रधान नरहन मीरा यादव व सरायबीरु ग्राम प्रधान समेत अन्य लोग शामिल रहे।

# यूडायस न भरने वाले 22 विद्यालयों को नोटिस

**केराकत।** खण्ड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार राय ने मंगलवार को 22 ऐसे विद्यालयों को चिन्हित कर नोटिस दे दिया जिन विद्यालयों ने अभी तक यूडायस प्लस में बच्चों का विवरण नहीं भरा है। यूडायस प्लस में बच्चों का विवरण न भरने वाले विद्यालयों के मान्यता प्रत्याहरण की चेतावनी दे दी। नोटिस मिलते ही विद्यालय प्रबन्धकों में खलबली मची हुई है। विद्यालयों की दी गयी नोटिस में बताया गया है कि यूडायस प्लस में विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों का डाटा फीड किया जाना है। इसी के आधार पर छात्रों से सम्बंधित योजनाओं का निर्माण किया जाना है। ऐसे में विद्यालय द्वारा रूचि न लेने पर यह प्रतीत होता है कि विद्यालय का वास्तविक रूप से संचालन नहीं है। बच्चों की डाटा फिडिंग न करना सरकारी योजनाओं एवं शासकीय कार्यों के प्रति अरूचि एवं लापरवाही दशार्ती है। अगर दो दिनों? के अन्दर सन्तोष जनक प्रगति नहीं होती है तो विद्यालय मान्यता के प्रत्याहरण की संस्तुति जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्रेषित कर दी जाएगी। नोटिस मिलते ही सम्बंधित विद्यालयों में खलबली मची हुई है। ऐन केन प्रकारेण विद्यालय प्रशासन यूडायस प्लस में बच्चों की विवरण भरने के लिए प्रयासरत है।

# हजरत अली की शहादत पर तुर्बत का जुलूस

**सोगवार**

## अली-अली, हाय अली की सदा से गूंज उठा शिराज-ए-हिंद

## बाद नमाजे मगरबैन शाह पंजे में किया गया सिपुर्दे खाक

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** शहर के मीरमस्त स्थित मस्जिद शाह अता हुसैन से 20 रमजान बुधवार को हजरत अली की शहादत के मौके पर अलम और ताबूत का कदीम जुलूस बरामद हुआ। अंजुमन जुल्फेकारिया के हमराह यह जुलूस उठा और इसमें भारी संख्या में शिया समुदाय के लोगों ने शिरकत करके हजरत अली को खिराजे अकीदत पेश किया। वहीं जुलूस में भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे और हर किसी की जुबां पर अली-अली, हाय अली, हाय अली की सदा थी।

मौलाना सफदर हुसैन जैदी ने मजलिस को खेताब किया और हजरत अली की जिंदगी पर रोशनी डाली। इसके बाद जुलूस मस्जिद से बरामद हुआ और बड़ी मस्जिद होता हुआ नवाब युसूफ रोड पहुंचा जहां पर एक बार फिर मौलाना सफदर हुसैन जैदी ने तकरीर खिताब किया। इस बार उन्होंने मौला अली की शहादत पेश की। फिर


हजरत अली की शहादत पर निकले जुलूस में शामिल अकीदतमंद

यह जुलूस कोतवाली चौराहा पहुंचा वहां भी तकरीर हुई। इसके बाद यह जुलूस चहारसू चौराहा पहुंचा वहीं ढालगर टोला इमामबाड़ा मद्दू मरहूम में मजलिस को मौलाना कैसर अब्बास आजमी ने खेताब किया। यहां से कदीम तुरबत और अलम का जुलूस अंजुमन हुसैनिया के नेतृत्व में निकाला गया जो अपने कदीम रास्तों से होता हुआ चहारसू पहुँचा जहाँ दूसरे जुलूस में शामिल हो गया। यहां पर शिया इंटर कॉलेज के पूर्व प्रिंसीपल मोहम्मद हसन नसीम ने तकरीर की और फिर अंजुमन हुसैनिया व जुल्फेकारिया के हमराह ये जुलूस शाही पुल, बेनी साहू की गली, ओलंदगंज, जोगियापुर, कचहरी होते हुए हुसैनाबाद स्थित शाह पंजे जाकर समाप्त हुआ। संचालन मेंहदी रजा एडवोकेट ने किया। शाह के पंजे में मगबरबैन की नमाज मौलाना महफूजुल हसन खां ने अदा करायी। बाद में रोजेदारों ने रोजा इफ्तार किया। मुतवल्ली तहसीन शाहिद व मुन्ना अकेला ने यहाँ सभी मुकम्मल व्यवस्था किया था। यहां भी अकीदतमंदों की भारी भीड़ उमड़ी। जुलूस को शांतिपूर्ण संपन्न कराने वालों में अंजुमन जुल्फेकारिया के उपाध्यक्ष अकबर हुसैन उर्फ शमशीर, मरकजी मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष शहंशाह हुसैन रिजवी, मुस्तफा शम्सी, फैज, मोहम्मद अब्बास आरिफ, मो. शाहिद गुड्डू, जहीर हसन, माजिद हसन, शाहिद मेहदी, नेहाल हैदर, मेहदी एडवोकेट आदि लोगों ने अहम भूमिका निभाई।

**संक्षेप**

## लापरवाही पर ग्राम विकास अधिकारी पर एफआईआर दर्ज कराने का सीडीओ ने दिया निर्देश

**ज्ञानपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार बुधवार को स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिला स्वच्छता समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने पुष्टि करते हुए व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, सामुदायिक शौचालय, ओडीएफ प्लस की स्थिति, चयनित 15 मॉडल ग्राम की स्थितियों के प्रगति की समीक्षा खण्ड विकास अधिकारी, सहायक खण्ड विकास अधिकारियों से बारी-बारी से गहनता पूर्वक समीक्षा की। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने बनाये जा रहे व्यक्तिगत शौचालय के निर्माण कार्य की स्थिति की जानकारी बीडीओ व एडीओ पंचायतों से ली, तो यह तथ्य सामने आया कि शौचालय के निर्माण कार्य में काफी शिथिलता व लापरवाही बरती जा रही है, किसी भी स्तर पर शिथिलता व लापरवाही बरती जाती है, उनके खिलाफ तत्काल कार्यवाही कर किया जाये, अन्यथा की स्थिति में स्वयं जिम्मेदारी तय करते हुए आवश्यक कार्यवाही कर दी जायेगी। उन्होंने सामुदायिक शौचालयों के संचालन की स्थिति का जायजा लिया तो पता चला कि कुछ ब्लाकों में संचालन की स्थिति ठीक नहीं है, इस कार्य में लगे डीपीसी रूचि लेकर काम नहीं करते हैं जो लापरवाही का द्योतक है, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने डीपीआरओ को निर्देशित करते हुए कहा कि इन लोगों पर नियंत्रण रखने की जरूरत है, इन लोगों का कार्य ठीक नहीं है, अपने कार्य में सुधार नहीं लाते हैं तो उन लोगों का वेतन रोका जाए।

## पूर्व विधायक विजय मिश्र के एक और करीबी का दो मंजिला मकान कुर्क


पूर्व बाहुबली विधायक विजय मिश्र के करीबी का मकान कुर्क करती पुलिस

**ज्ञानपुर।** पूर्व बाहुबली विधायक विजय मिश्र के परिजनों व करीबियों पर प्रशासन की सख्ती जारी हैं। बुधवार को विजय मिश्र के एक और करीबी की 2 करोड़ से अधिक की सम्पत्ति कुर्क की गई। जिला मजिस्ट्रेट की अदालत के आदेश के बाद पुलिस-प्रशासन की टीम ने कोईरौना थाना क्षेत्र के नारेपार में दो मंजिला इमारत को कुर्क किया। पूर्व विधायक विजय मिश्र इन दिनों आगरा जेल में है। उसके खिलाफ हत्या, लूट, डकैती, दुष्कर्म सहित 83 से अधिक केस दर्ज हैं। पांच अप्रैल को जिलाधिकारी गौरांग राठी की अदालत ने विजय मिश्र के गिरोह के सदस्य सुरेश केशरवानी का नारेपार उपरवार में आधुनिक सुविधाओं से युक्त दो मंजिला मकान कुर्क करने का आदेश दिया। इसकी अनुमानित कीमत दो करोड़ 20 लाख है। बुधवार को नारेपार पहुंची पुलिस व राजस्वकर्मियों की टीम ने डुगडुगी बजाते हुए दो मंजिला इमारत को कुर्क किया। यह आलीशीन मकान आधुनिक सुविधाओं से सुस्सजित है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि सुरेश केशरवानी 2006 से अपराध जगत में रहा है। जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के अनुपालन में भवन को कुर्क किया गया है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

# बर्तन की दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**हादसा**

## 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पाया गया आग पर काबू

**जनसंदेश न्यूज**

**गोपीगंज।** भदोही जिले के गोपीगंज नगर के सदर मोहाल स्थित कमल कौशल के बर्तन की दुकान में विद्युत शार्ट सर्किट से बुधवार को भीषण आग लग गयी। आग पर काबू पाने के लिए आधा दर्जन दमकल की गाड़ियां बुलायी गयीं, जब तक दमकल की गाड़ियां आई व्यापारी का लगभग 20 लाख रुपए मूल्य का सामान जलकर राख हो चुका था। आग इतनी विकराल रूप पकड़ ली की फायर ब्रिगेड की 6 गाड़ियों सहित पालिका की टैंकर के साथ पड़ोसियों के समरसेबल पंप से 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

सूत्रों के मुताबिक इस भीषण आग में फ्रीज, एक एसी सहित 15 से 20 लाख


सदर मोहाल में आग लगने के बाद बुझाने का प्रयास करता प्रशासनिक अमला व अन्य लोग

की संपत्ति जल कर खाक हो गयी। किसी के हताहत होने की सूचना नही है। आग से आस पास की दुकानों मकानों को कोई नुकसान नहीं हुआ है। आग लगने की सूचना जंगल में आग लगाने जैसी रही, सभी नगर के निवासी चाहे वह किसी धर्म, जात, संप्रदाय के रहे हो लगकर आग पर काबू पाने का प्रयास करते देखे गए। वही लोगों की तत्परता से बगल के अन्य किसी दुकान मकान को जलने से बचा लिया गया। दुकान का शटर अंदर से बंद होने के कारण शटर तोड़ने में काफी मशक्कत करना पड़ा। घटना की सूचना मिलने पर जिलाधिकारी गौरांग राठी ने तत्काल कार्यवाही करते हुए मौके पर उपजिलाधिकारी आकाश गौतम, क्षेत्राधिकारी प्रभात राय, कोतवाल सदानंद सिंह, चौकी इंचार्ज मनोज राय, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी अमिता सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, निवर्तमान अध्यक्ष प्रहलाद दास गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, रवि प्रकाश पांडे, गुड्डू चौधरी, माबुद खान सहित स्थानीय लोगों ने अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास किया।

# शिक्षक समस्याओं के निस्तारण को सौंपा ज्ञापन

**सुरियावां।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सुरियावां के प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षक समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु अध्यक्ष राजीव रतन के नेतृत्व में बुधवार को खंड शिक्षा अधिकारी सुमन केशरवानी को ज्ञापन सौंपा।

शिक्षको द्वारा प्रतिकूल मौसम देखते हुए विद्यालय समय में परिवर्तन की मांग जोर शोर से रखी गई। शिक्षकों ने एक दिन के कटे हुए वेतन की बहाली के लिए शीघ्र ही समाधान दिवस रखने की मांग की। शिक्षकों के सभी प्रकार के एरियर के भुगतान के तत्काल व्यवस्था के लिए मांग पत्र सौंपा गया। पिछले वित्तीय वर्ष में शून्य आयकर कटौती वाले अध्यापकों के अग्रिम आयकर की कटौती को बंद करने अथवा कम करने हेतु मांग पत्र सौंपा गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को सभी समस्याओं को शीघ्र ही निस्तारित करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में ब्लॉक अध्यक्ष राजीव रतन यादव महामंत्री देवेंद्र कुमार मिश्र ब्लॉक संरक्षक अनिल कुमार यादव, कोषाध्यक्ष विजय सिंह, संगठन मंत्री राजेश कुमार गौतम, संयुक्त महामंत्री वेद प्रकाश तथा जिला संयुक्त मंत्री देवेंद्र विश्वास सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

# प्रभारी बीडीओ को रसोइयों ने सौंपा ज्ञापन


प्रभारी बीडीओ को ज्ञापन सौंपती रसोइयां

**कम्पलेन**

## मानदेय का समय से भुगतान व नवीनीकरण प्रक्रिया समाप्त करने की उठाई मांग

**जनसंदेश न्यूज**

**गौराबादशाहपुर।** धर्मापुर ब्लॉक क्षेत्र दर्जनों ग्राम पंचायतों परिषदीय विद्यालयों पर नियुक्त रसोइयों ने प्रभारी बीडीओ को मांगों का ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में रसोइयों ने अपने मानदेय को समय से दिये जाने व नवीनीकरण की प्रक्रिया को समाप्त करने की मांग की है।

बुधवार को भारतीय रसोइया एसोसिएशन के बैनर तले धर्मापुर ब्लॉक क्षेत्र के कई ग्राम पंचायत के परिषदीय विद्यालयों पर नियुक्त रसोइयों का प्रतिनिधि मंडल प्रांतीय अध्यक्ष शिव शंकर और ब्लॉक अध्यक्ष प्रमिला यादव के नेतृत्व में विकास खण्ड कार्यालय में पहुंचकर प्रभारी बीडीओ संजय श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में रसोइयों ने मांग किया है कि उनके मानदेय को अन्य कर्मचारियों के तरह नियमित रूप से हर महीने समय से भुगतान कर दिया जाय तथा नवीनीकरण प्रक्रिया को समाप्त कर दिया जाय। प्रांतीय अध्यक्ष शिव शंकर ने कहा कि रसोइया हर रोज समय से अपनी ड्यूटी को निभा रही है लेकिन मानदेय 4 से 5 महीने बाद दिया जाता है। जिसकी वजह से उनके परिवार का भरण पोषण करने में कठिनाई होती है। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से प्रांतीय अध्यक्ष शिव शंकर, ब्लॉक अध्यक्ष प्रमिला यादव, ज्योति रावत, सोनी सोनकर, आशा विश्वकर्मा, चंद्रकला, गीता यादव, शांति यादव, प्रियंका मौर्य, मुन्नी देवी, पुष्पा देवी आदि रसोइया मौजूद रहे।

# उत्कृष्ट कार्य करने पर डीटीओ को रजत पदक

**पुरस्कार**

## कांस्य पदक से पिछले माह हो चुके हैं पुरस्कृत, मुख्यमंत्री भी कर चुके हैं पुरस्कृत

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने पर जिले के जिला क्षय रोग अधिकारी विवेक श्रीवास्तव को रजक पदक से नवाजा गया है। इसके पूर्व भी कार्य करने के लिए वाराणसी में कांस्य पदक से पिछले माह पुरस्कृत किया जा चुका है। इस आशय की जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर सन्तोष कुमार चक ने दी।

मुख्य चिकित्साधिकारी का कहना है कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में जिले की स्थिति में काफी हद तक सुधार आ गया है। इसके लिए शासन स्तर से डीटीओ का रजत पदक से नवाजा गया है जो जिले के लिए एक गौरव की बात है। जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए वह उतनी कम है। पिछले माह भी टीबी दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री की उपस्थिति मे बनारस में इनको कांस्य पदक से नवाजा जा चुका है। जिला क्षय रोग अधिकारी विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में टीबी को पूरी तरह खत्म करने की दिशा में विभाग की ओर से लगातार प्रयास जारीहै। जिला चिकित्सालय समेत जनपदके 05 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व 15 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर टीबी की निःशुल्क जांच व दवा विभाग की ओर से पर्याप्त उपलब्ध है। आइसोनियाजिड दवा केवल बच्चों को ही दी जाती रही है लेकिन अब यह परिवार के हर सदस्यों को दिया जा रहा है।

जिला समन्वयक मनीष ने बताया कि जो टीबी मरीज अब ठीक हो चुके हैं या किसी कारण दवा बन्द कर दिए है। उन परिवार वालों की आशा व एएनम के जरिए मेनटाक्स व इगरा जांच कराई जा रहीहै।

# अनियंत्रित बस पलटी आधा दर्जन घायल

**ज्ञानपुर।** सुरियावां थाना क्षेत्र के दानूपुर बाजार के पहले कर्बला के सामने बुधवार को एक निजी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में कोचिंग जाने वाले बच्चों के साथ ही लगभग आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। घटना के बाद सभी को निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

घटना के सम्बन्ध में बताया जाता हैं कि दुगार्गंज ज्ञानपुर रोड से होकर महानगरी बस प्रतिदिन की तरह बनारस जा रही थी। बस में भिखमापुर निवासी आर्यन उम्र 11 वर्ष, आरुषि 15 वर्ष कोचिंग जाने के लिए निकले हुए थे। सुबह लगभग सात बजे के आसपास बस जब दानूपुर कर्बला के पास पहुंची। इसी बीच ड्राइवर गाड़ी चलाते हुए ही बस के अंदर का बोर्ड सही करने लगा। इससे बस अनियंत्रित हो गई और दो खंभों को तोड़ते हुए बगल के नहर में पलट गई। घटना के समय बस में करीब आधा दर्जन यात्री सवार थे, जो बाल-बाल बच गए। सभी को हल्की-फुल्की चोटें ही आई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को नजदीकी निजी चिकित्सालय में पहुंचाया गया।

# कालीन निर्यातक के रोजा इफ्तार पार्टी में दिखी गंगा जमुनी तहजीब

**जुटे लोग**

## गरीब बुनकर मजदूर संग निर्यातक भी पहुंचे रोजा इफ्तार में

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** वरिष्ठ कालीन निमार्ता खुर्शीद अंसारी के सर्रोई बौलिया स्थित कालीन कैम्पस में बुधवार को सामुहिक रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में गरीब बुनकर मजदूर सहित कालीन निर्यातकों ने भी शिरकत की।

इस दौरान सभी दस्तरख्वान पर एक साथ बैठ कर मगरिब की अजान का इंतजार करते रहे। जैसे ही मगरिब की अजान हुई तो रोजेदारों ने अजान को सुन खजूर खाकर रोजा खोला। वही पर मगरिब की नमाज भी अदा की गई। जहां बारगाहे इलाही में दोनों हाथों को फैला कर लोगों ने मुल्क में अमनो-अमान के लिए दुआ की गई। इस दौरान


कालीन निर्माता खुर्शीद अंसारी के कालीन कैम्पस में आयोजित सामूहिक रोजा इफ्तार पार्टी में शामिल लोग

खुर्शीद अंसारी ने कहा कि रोजेदारों को इफ्तार कराना बहुत ही सवाब का काम है। अल्लाह तआला रमजान के इस मुकद्दस माह में एक नेकी के बदले 70 नेकी का सवाब देता है। इफ्तार पार्टी में रोजेदारो ने मगरिब की अजान से पहले अपने रब की बारगाह में हाँथ उठा कर दुआ की। इस मौके पर विधायक जाहिद बेग, सपा नेता हसनैन अंसारी, वरिष्ठ कालीन निर्यातक एवं समाजसेवी परवेज अंसारी (परवेज कार्पेट), सीईपीसी सीएओ सदस्य फिरोज वजीरी, गुलाम रसूल अंसारी, अब्दुल मजीद, इम्तियाज अंसारी, बसपा नेता सलाउद्दीन अंसारी, तमजीद सिद्दीकी, शमीम अंसारी, खालिद उर्फ टीपू, सलाहुद्दीन अंसारी, मो.आजम अंसारी, सलीम अंसारी, इरशाद उर्फ साहब, शाहबाज अंसारी, अब्दुल वाहिद सहित भदोही पत्रकार संघ के महासचिव फिरोज खां, कैप्टन शहनवाज खां, आफताब अंसारी, मिस्बाह खां, ओबैदुल्ला असरी, हैदर संजरी, खुर्शीद खां आदि प्रमुख रुप से मौजूद रहें।

# सीपीआर नई जिन्दगी देने का अभियान है

**अब तक 15 लाख लोगों को दी जा चुकी है सीपीआर की जानकारी**

**बदलती जीवनशैली में हर घर में एक व्यक्ति को सीपीआर जानना जरुरी**


सीपीआर का प्रशिक्षण देते डॉ.शिवशिक्ति द्विवेदी

**वाराणसी।** कार्डियक अरेस्ट आने पर आप भी सीपीआर द्वारा किसी की जान बचा सकते हैं, भारत जैसी सनातनी संस्कृति में भी लोगों की जीवन शैली में तेजी से बदलाव देखा जा रहा है, बदलते लाइफ स्टाइल के लचते इन दिनों कार्डियक अरेस्ट की घटना में बढ़ोत्तरी हुई है, ऐसे में हर घर में एक व्यक्ति को सीपीआर की जानकारी होना चाहिए।

जनसंदेश टाइम्स से हुई खास मुलाकात में इस बात को साझा करते हुए राजकीय चिकित्साधिकारी डॉ.शिवशक्ति द्विवेदी ने बताया कि सीपीआर को अब सिर्फ प्रशिक्षण के रुप में नहीं बल्कि एक अभियान के रुप में लेना होगा। वाराणसी सहित पूर्वांचल के लगभग सभी जिलों के विभागों में सरकारी मुलाजिम को सीपीआर का प्रशिक्षण देने वाले डॉ. शिवशक्ति द्विवेदी बताते हैं कि वर्ष 2020 में कोरोना के अटैक के बाद जब लोगों में अचानक कार्डियक अरेस्ट की घटना बढ़ी तो यह बात दिल की गहराईयों तक पहुंच गयी और उसी समय यह तय किया कि लोगों को इसकी जानकारी होनी चाहिए, इसके लिए अपनी ओर से ही इस अभियान को शुरू कर दिया, बताया कि जिन भी जिलों में सीपीआर के लिए बुलाया जाता है वह अपने खर्चे पर जाते हैं। उन्हें इस बात की बड़ी खुशी होती है जब लोग इसके बारे में जिज्ञासा से जानकारी लेते हैं।

**खास मुलाकात**

### क्या है सीपीआर

सीपीआर कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन है, यह इमरजेंसी मेडिकल टेक्निक है जिसके जरिए किसी व्यक्ति की सांस या दिल के रुक जाने पर उसकी जान बचाई जा सकती है। जब किसी व्यक्ति का दिल धड़कना बंद कर देता है, तो उसे कार्डिएक अरेस्ट होता है। ऐसे में सीपीआर को देकर उस व्यक्ति को नई जिन्दगी दी जा सकती है।


डॉ. शिवशक्ति द्विवेदी

### 15 लाख लोगों को दी जानकारी

डॉ.शिवशक्ति द्विवेदी ने बताया कि अब तक कुल 15 लाख लोगों को सीपीआर की जानकारी दी जा चुकी है। इसके साथ ही बताया कि कुछ दिनों पूर्व पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी की ओर से उन्हें फोन कर बताया गया कि उनके कार्यालय में एक कर्मी को कार्डियक अरेस्ट के समय सीपीआर दिया गया जिससे उसकी जान बच गयी। तब उन्हें सीपीआर की एहमियता का पता चला।

### सीपीआर पर पुस्तक भी लिख चुके हैं

डॉ.शिवशक्ति द्विवेदी ने बताया कि कार्डियक अरेस्ट पर एक पुस्तक भी उन्होंने लिखी है जिसमें उन्होंने इसकी विधि को बताया है, इसके साथ ही सीपीआर को और कैसे बेहतर बना सकते हैं इस पर भी उस पुस्तक में चर्चा की गयी है। लगभग-लगभग सभी सरकारी कार्यालयों में इस पुस्तक को दिया गया है।

# 12 साल बाद बृहस्पति मेष राशि में कर रहे प्रवेश, लगेगा 'पुष्कर कुंभ'

अश्विनी कुमार श्रीवास्तव

सनातनी संस्कृति में हर ग्रह नक्षत्र में एक रहस्य छुपा होता है, जिसे आध्यात्म से जोड़ कर मनुष्य अपने इह लोक से परलोक तक मार्ग प्रशस्त करता है। इसके साथ ही अपने पूर्वजों की मुक्ति का मार्ग भी प्रशस्त कर उन्हें सदगति् प्रदान करने के लिए सभी अनुष्ठानों का प्रयोग करता है, उन्हीं में से एक है पुष्कर कुंभ, जो हर 12 वर्षो पर तब लगता है जब गुरु बृहस्पति मेष राशि में प्रवेश करते हैं। इस बार गुरु बृहस्पति मेष राशि में 22 अप्रैल से प्रवेश कर रहें हैं, जो तीन मई तक रहेंगे, इन 12 दिनों तक काशी सहित गंगोत्री से गंगासागर तक के सभी शहरों में दक्षिण भारतीय के आंध्रा व तेलंगाना के लोगों का जुटान होगा, इतने दिनों तक इन लोगों की ओर से अपने पूर्वजों के मुक्ति के लिए गंगा के पवित्र घाटों पर तर्पण के साथ ही दान पुण्य किया जायेगा।


आंध्रा आश्रम

काशी जीवंत नगरी के साथ ही मुक्ति प्रदाता भी है। गंगा के इस पवित्र स्थान पर अपने पूर्वजों के तर्पण के लिए हर दिन सिर्फ भारत से ही नहीं बल्कि भारत के बाहर रह रहे सनातनी लोगों के आने का क्रम बना रहता है, खास तौर पर दक्षिण भारतीय लोगों का मानना है कि इस स्थान पर तर्पण करने से उनके पूर्वजों को मुक्ति मिलती है, दक्षिण भारत में भी कई सम्प्रदाय के लोगों को निवास है, शैव सम्प्रदाय के लोगों का जहां मानना है कि काशी में पूर्वजों के मुक्ति के लिए शिवलिंग की स्थापना अत्यंत जरुरी है वहीं आंद्र प्रदेश तेलगू के लोग तीर्थ स्थान पर अपने पूर्वजों के तर्पण दान पुण्य से मुक्ति मिलने को मानते हैं, इन्हीं में से एक है पुष्कर कुंभ जो हर 12 वर्ष के बाद तब लगता है जब गुरु बृहस्पति मेष राशि में प्रवेश करते हैं, इन दिनों तीर्थ स्थानों पर किया गया तर्पण व दान-पुण्य उनके पूर्वजों को मुक्ति प्रदान करता है।

**आयोजन**

**आंध्र प्रदेश व तेलंगाना के लगभग 10 से 12 लाख लोगों का12 दिन के लिए काशी में होगा जुटान**

**गंगा के पवित्र तट पर अपने पूर्वजों के तर्पण के साथ ही करेंगे स्नान ध्यान और दान-पुण्य**

**मानसरोवर क्षेत्र में रामतारका आंध्रा आश्रम में आगंतुकों के स्वागत की होने लगी तैयारी**


'गंगा घाट पर अपने पूर्वजों का तर्पण करते आंध्र प्रदेश के लोग

### आंध्रा आश्रम में तैयारी पूरी

वीवी सुंदर शास्त्री बतात हैं कि सभी भक्तों के आगमन को देखते हुए आंध्रा आश्रम में तैयारी पूरी कर ली गयी है। इसके साथ ही शहर के अन्य आश्रमों में भी लोगों रुकते हैं। बताया आंध्रा व तेलंगाना से आने वाले लोगों के साथ वहां के कई समितियों के लोग भी आयेंगे जो काशी` कई स्थानों पर उन भक्तों के लिए भोजन की व्यवस्था करेंगे, सिर्फ आंध्रा आश्रम में ही लगभग रोजाना पांच से सात हजार लोगों के भोजन की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही छत पर भी लोगों के रहने व खाने की व्यवस्था कर दी गयी है।

### क्या है पुष्कर कुंभ

आंध्रा आश्रम के ट्रस्टी वीवी सुन्दर शास्त्री बताते हैं कि देव गुरु बृहस्पति के मेष राशि में प्रवेश करने के नक्षत्र को पुष्कर कुंभ कहा जाता है, दक्षिण भारत के आंध्र प्रदेश व प्रदेश व तेलंगाना में रहने वाले तेलगू के लोगों के यह एक आध्यात्मिक आयोजन है, उनका मानना इस कुंभ में अपने पूर्वजों के लिए तीर्थ स्थानों पर किये गये तर्पण व दानपुण्य से उनके पूर्वजों के मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। इस बार यह कुंभ गंगा नदी पर पड़ रहा है।


वीवी सुंदर शास्त्री

### काशी के सभी घाटों पर होंगे तर्पण

वीवी सुंदर शास्त्री बताते हैं कि काशी के किसी एक घाट पर नहीं बल्कि सभी चौरासी घाटों पर इन भक्तों की ओर से अपने पूर्वजों के लिए तर्पण किया जायेगा, काशी में तेलगू के लोगों के जो भी तीर्थ पुरोहित हों उनके या फिर बड़ी संख्या में आंध्रा से भी पुरोहित आयेंगे। आंध्रा से आने वाले लोग ना सिर्फ ट्रेन बल्कि बस व अपने साधन से भी काशी पहुंचेगे, बताया कि पुष्कर कुंभ इस बार गंगा नदी पर लग रहा है तो गंगोत्री से लगायत गंगा सागर तक जिन-जिन शहरों में गंगा हैं वहां-वहां लोगों का जुटान होगा, जो लोग प्रयाग में आयेंगे वह काशी में जरुर आयेंगे।

### 12 दिन में 10 से 12 लाख लोगों के आने की संभावना

मानसरोवर स्थित आंध्रा आश्रम के ट्रस्टी वीवी सुंदर शास्त्री बताते हैं कि इसके पूर्व वर्ष 2011 में तब काशी में पुष्कर कुंभ लगा था तो प्रतिदिन 60 से 70 हजार लोगों के आने का क्रम देखा गया, हां 12 दिनों तक आने वाले लोग एक साथ नहीं बल्कि आते जाते रहेंगे, बताया कि इस बार तो कॉरिडोर के चलते लोगों की जिज्ञासा और बढ़ गयी है। इस बार अनुमान लगाया जा रहा है कि प्रति दिन एक लाख लोग आ सकते हैं, बताया कि कुल 10 से 12 लाख लोग आयेंगे।

# शीतला अष्टमी व्रत से मिलेगा आरोग्य सुख

जनसंदेश न्यूज

**आस्था**

**आज मनायी जायेगी शीतला अष्टमी, होंगे विविध आयोजन**

**वाराणसी।** हिंदू सनातन धर्म में धार्मिक पौराणिक मान्यता के अनुसार मां शीतला देवी की महिमा अनंत है। स्कंद पुराण के अनुसार देवी शीतला माता की पूजा चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ व आषाढ़ मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि के दिन करने की मान्यता है। सिद्धपीठ बड़ी शीतला माता दशाश्वमेध के महंत पं. शिव प्रसाद पांडेय के अनुसार इस बार 13 अप्रैल को शीतला अष्टमी मनायी जायेगी। इस मौके पर शीतला मंदिर में भव्य श्रृंगार के साथ ही विविध आयोजन भी होंगे। कहीं-कहीं पर पारिवारिक परम्परा के मुताबिक बसियौरा के रूप में शीतला अष्टमी का पर्व मनाने की परम्परा है। प्रसिद्ध ज्योतिषी पं. विमल जैन ने बताया कि वैशाख माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि बुधवार की अर्धरात्रि के पश्चात 3.55 मिनट पर लग गई थी जो गुरुवार को अर्धरात्रि के पश्चात 1.35 मिनट तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार अष्टमी तिथि 13 अप्रैल को होने से शीतला अष्टमी का व्रत इसी दिन मनाया जायेगा। स्कंद पुराण के अनुसार शीतला माता गर्दभ की सवारी करती हैं। हाथों में कलश, झाड़ू, नीम की पत्तियां तथा मस्तक पर सूप धारण किये रहती हैं। ऐसी मान्यता है कि शीतला माता की पूजा करने से संक्रमण से होने वाले समस्त रोगों से छुटकारा मिलता है। इससे आरोग्य सुख के साथ ही बच्चों का बुखार,, खसरा, चेचक, आंखों के रोग से रक्षा होती है। मां को शुद्ध सात्विक बासी भोजन का भोग लगाया जाता है।यह व्रत माताएं प्रमुख रूप से बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य व उनकी दीर्घायु की कामना को लेकर रखती हैं।

## पॉपुलर हॉस्पिटल में मना सुरक्षित मातृत्व दिवस

**वाराणसी।** बच्छाव स्थित पॉपुलर हॉस्पिटल एवं पॉपुलर कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल इंस्टिट्यूट में बुधवार को राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ हॉस्पिटल समूह के चेयरमैन डॉ. ए.के कौशिक, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ.किरण कौशिक तथा डीन सह-प्रचार्य प्रो.सुधाकर ए ने दीप प्रज्जवलित कर किया। डॉ.किरण कौशिक ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं में सुरक्षित मातृत्व को बढ़ाना ही इस दिवस का मुख्य उद्देश्य है। डॉ.अनुपमा सिंह ने कहा कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधि सेवाओं के प्रति जागरुक करना है। डॉ.प्रभात कुमार ने बच्चों के देखभाल और उकने वृद्धि और विकास एवं उनके खानपान पर लोगों को विस्तार पूर्वक जानाकरी दी। कार्यक्रम में सोनी प्रजापति ने प्रेयर सांग गाया, मिस प्रियंका, मिस कंचन, मिस अंजलि पटेल और मिस ज्योति चौहान ने प्रसवपूर्व व्यायाम कर लोगों को जानकारी दी। अनामिका मौर्या ने लोगों को प्रसव के समय खाने वाली वस्तुओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान डॉ. प्रभात कुमार, प्रो.अनुराग सिंह, आनंद कुमार, प्रथीपा, अमित सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे।



## धूमधाम से मना पीएनबी का स्थापनोत्सव



**वाराणसी।** पंजाब नेशनल बैंक का 129 वां स्थापना उत्सव धूमधाम से मनाया गया। बैंक द्वारा सफलतापूर्वक 128 साल पू र्ण करने के उपलक्ष्य में स्थापना दिवस के अवसर पर मंडल कार्यालय सभागार में एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ ग्राहक प्रतिनिधि एवं इंडियन इंडस्ट्री एसोसिएशन के उपाध्यक्ष आर के चौधरी ने किया। संगोष्ठी में मंडल प्रमुख राजेश कुमार, उप अंचल प्रबंधक आनंद कुमार राय, आंचलिक लेखा परीक्षक कार्यालय के उप महाप्रबंधक बालकरण यादव, उप मंडल प्रमख्या विमन कुमार एंव सभी मुख्य प्रबंधक तथा स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहें। बैंक सेवा के स्वर्णिम अवसर को याद करते हुए ग्राहकों के प्रति कृतज्ञयता जाहिर की गयी। इस दौरान विपिन अग्रवाल, प्रदीप तुलस्यान, सुबोध अग्रवाल, मयंक माहेश्वरी, अरुण जैन, डॉ.सत्यदेव सिंह, आदित्य अग्रवाल एंव अन्य बीस से अधिक ग्राहक प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। बैंक के संस्थापकों द्वारा निर्धारित लक्ष्यों तथा ग्राहक सेवा एवं देश के सेवा के इतिहास को याद करने के साथ वर्तमान चुनौतियों तथा दायित्वों पर चर्चा की गयी। आर के चौधरी ने पंजाब नेशनल बैंक के ग्राहक सेवा कार्यो की सराहना की, इसके साथ ही जनोपयोगी योजनाओं को सराहा।

### अस्सी घाट पर ड्रम वादक शिवमणि ने की शिव वंदना

**वाराणसी।** सुबह- ए- बनारस में विश्व विख्यात वादक कलाकार पद्मश्री पं शिवमणि ने ड्रम एवं विविध ताल वाद्यों के साथ प्रभाती को सजाया। साथ में सुयोग रहा प्रख्यात तंत्र वादक पं यू. राजेश ने मेंडोलिन वादन सहयोग रहा। मेंडोलिन पर यू राजेश एवं ताल वाद्यों पर पं शिवमणि ने अनोखी त्रिबंदी सजायी। तत्पश्चात शिवमणि ने शिव वंदना के साथ साथ कर्पूर गौरवमं करुणावतारं को प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर किया। साथ में यू. राजेश ने सुंदर लयकारियों को मेंडोलिन से अवतरित कर मंत्रमुग्ध किया। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर अशोक मुथा जैन व ने एडिशनल कमिश्नर ऑफ पुलिस एस चिनप्पा ने शिवमणि व अन्य कलाकारों को प्रमाणपत्र एवं अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया।

# तलत अजीज के गजलों ने रात को दी थपकी

**दूसरी निशा**

**श्रोताओं से संवाद कर पूरी की फरमाइशें, हर-हर-महादेव का हुआ उद्घोष**

**पं. तरुण भट्टाचार्य ने संतूर के तारों को छेड़ते हुए की राग बसंत मुखारी की अवतारणा**

**संगीता कट्टी कुलकर्णी का भोर में हुआ गायन**


तलत अजीज

**वाराणसी।** विश्वविख्यात भारतीय संगीत का महाकुंभ संकटमोचन संगीत समारोह शतक होने की खुशी में इस बार जो आयोजन हुआ वह कल्पना से परे है। सात दिवसीय इस आयोजन में मंगलवार की रात रसिकों ने आकंठ स्वर पान कर अपने को धन्य बना लिया। वादन के क्रम में पं. शशांक सुब्रह्मण्यम ने बांसुरी पर कर्नाटक शैली में कई रागों को बजाकर वादन को विराम दिया। उनके वादन में स्वरों की शुद्धता व कठिन लयकारियां विशेष रूप से दिखीं। उनके साथ हरिहरन सुन्दररामन ने मृदंगम पर थात अनुव्रत चटर्जी ने तबले पर वान के अनुकूल साथ निभाया। मंगलवार की अर्धरात्रि में मुंबई से पधारे विख्यात गजल गायक उस्ताद तलत अजीज ने अपने सहयोगियों के साथ गजल गायन कर श्रोताओं को रससिक्त कर दिया। उन्होंने श्रोताओं के साथ संवाद कर उनके फरमाइशों को भी पूरा किया। गजल गायन के दौरान श्रोता बीच-बीच में हर हर महादेव का उद्घोष लगाते रहे। इसके बाद बंगलुरू से आये तिरुमलै श्रीनिवास ने कर्नाटक गायन की प्रस्तुति की। इनके गायन में विद्वता पूर्ण रूप से झलकी इनके साथ मृदंगम पर अन्नूर दत्तात्रेय शर्मा वायलिन पर विदुषी ज्योत्सना मंजूनाथ व मोरसिंग पर तिरुमलै गोपीश्रवण ने अच्छी भागीदारी निभायी। कोलकाता से पधारे प्रख्यात संतूर वादक पं. तरुण भट्टाचार्य ने भोर के प्रथम प्रहर में संतूर के तारों को छेड़ते हुए राग बसंत मुखारी की अवतारणा कर एक अलग रंग भर दिया। उन्होंने आलाप, जोड़, झाला के पश्चात झपताल व तीनताल में गतकारी कर वादन को विराम दिया। उनके साथ तबले पर ज्योर्तिमय राय चौधरी ने पूरी तैयारी के साथ सहभागिता कर वादन को प्रभावशाली बनाया। दूसरी निशा की अंतिम प्रस्तुति में श्रीमती संगीता कट्टी कुलकर्णी ने राग मियां की तोड़ी की स्वर वर्षा की। उन्होंने इस राग में दो बंदिशें क्रमशः तीन ताल में गाकर पहले अध्याय को विराम देकर एक अभंग से गायन को समाप्त किया। गायन स्वर प्रधान रहा। तबले पर बिलाल खां व संवादिनी पर मोहित साहनी ने अच्छी भागीदारी निभायी।

### संकटमोचन संगीत समारोह में आज

संकटमोचन संगीत समारोह की चौथी निशा में कई कलाकारों की प्रस्तुति होगी। इनमें रमा वैद्यनाथन (भरतनाट्यम-दिल्ली), ठाकुर चक्रपाणि सिंह (गिटार-न्यूयार्क), पं. अजय पोहनकर (गायन-मुंबई), शाकिर खान (सितार-पुणे), श्रीमती कौशिकी चक्रवर्ती (गायन- कोलकाता), इंद्रायुध मजुमदार (सरोद-कोलकाता), पं. रोनू मजुमदार (बांसुरी-मुंबई), संजू सहाय (तबला-लंदन), नीरज पारिख (गायन- अहमदाबाद), शुद्धशील चटर्जी (संतूर- कोलकाता) हैं। इनके साथ अन्य कलाकारों में समर साहा (तबला-कोलकाता), यशवंत वैष्णव (तबला- मुंबई), श्रीमती पारोमिता मुखर्जी (संवादिनी-दिल्ली), ए. बद्री नारायण पंडित (तबला-वाराणसी), उस्ताद मुराद अली खान (सारंगी-दिल्ली), रोहेन बोस (तबला- कोलकाता), ऋषिकेश मजुमदार (बांसुरी-मुंबई), मोहित साहनी (संवादिनी- वाराणसी), विनायक सहाय (सारंगी-जालंधर), गोरव चक्रवर्ती (तबला- वाराणसी) हैं।

**पं. रोनू मजुमदार, रमा वैद्यनाथन, पं. अजय पोहनकर, शाकिर खान, संजू सहाय की होगी प्रस्तुति**


संतूर वादक पं. तरुण भट्टाचार्य


संगीता कट्टी कुलकर्णी

# अहिल्या कथा को संचिता ने ओडिसी में पिरोया



संचिता भट्टाचार्या व सहयोगी कलाकार(ओडिसी) नृत्य की पुस्तुति करते हुए

**तीसरी निशा**

**पं. विश्वमोहन भट्ट ने मोहन वीणा के तारों को किया झंकृत**

**उस्ताद राशिद खान ने गायकी से किया सभी को रससिक्त**

**वाराणसी।** संकटमोचन संगीत समारोह में बाबा का सजा भव्य हनुमत दरबार। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं व संगीत रसिकों की उमड़ी भारी भीड़। पूरा मंदिर परिसर श्रोताओं से खचाखच भरा था। अवसर था संकटमोचन संगीत समारोह की तीसरी निशा का। सायंकाल कोलकाता से आयी श्रीमती संचिता भट्टाचार्या ने दर्शकों का अभिवादन के साथ शुरूआत श्रीरामचन्द्र कृपालु भजनम् से की। उनके साथ उनकी सहयोगी कलाकार भी थीं। इसके बाद उन्होंने अहिल्या की जीवन गाथा को ओडिसी नृत्य के माध्यम से जीवंत कर दिया। कथा में अहिल्या कैसे शापित जीवन व्यतीत करती हैं। भगवान श्रीराम जब आते हैं तो वह कैसे शाप से मुक्त होती हैं। दूसरी प्रस्तुति जयपुर से आये पं. विश्व मोहन भट्ट का मोहन वीणा रहा। उनके साथ सात्विक वीणा पर सलिल भट्ट रहे। जबकि तबले पर अहमदाबाद से आये हिमांशु महंत रहे। पं. विश्व मोहन भट्ट ने मोहन वीणा के तारों को झंकृत कर सभी को सम्मोहित कर दिया। मोहन वीणा के तार झंकृत होते रहे और श्रोता उसमें गोते लगाते रहे। इसके बाद कोलकाता से आये प्रख्यात कलाकार उस्ताद राशिद खान का गायन हुआ। उन्होंने गायकी से सभी को भावविभोर कर दिया। उनके साथ तबले पर मुंबई से आये ओजस अधिया व संवादिनी पर दिल्ली से आये विनय मिश्र ने जोरदार संगत की।

## एमडी ने डीजल औसत सुधारने की दी हिदायत

**वाराणसी।** रोडवेज बसों का डीजल औसत सुधारने के बाबत एमडी संजय कुमार ने चालकों को हिदायत दी। उन्होंने प्रति लीटर डीजल के नए निर्धारित किलो मीटर का लक्ष्य रखा। बुधवार को आयोजित वीडियो कांफ्रेंसिंग में परिवहन निगम के एमडी ने चालको से संवाद स्थापित किया। एमडी की इस वर्चुअल बैठक में सभी परिक्षेत्रों से डीजल औसत बढ़ाने का मुद्दा छाया रहा। उन्होंने क्षेत्रीय प्रबंधक व सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक से कहा कि गाड़ियों में डीजल की गड़बड़ी की शिकायते लगातार मिल रही है। इस पर अंकुश लगाना चाहिए। कहा कि एक लीटर डीजल में साधारण सेवा पांच किलो मीटर और वातानुकूलित सेवाओं में 4.25 किलो मीटर चलनी चाहिए। इसे प्रत्येक बस डिपो को लागू कराना होगा। इसके अलावा प्रबंध निदेशक ने गाडियों की मरम्मत और कर्मचारियों की समस्या से जुड़े विषयों पर चर्चा की।

# गुरु अरजन देव का मनाया प्रकाशोत्सव

**आयोजन**

**गुरुद्वारा गुरुबाग में शबद कीर्तन के साथ चला अटूट लंगर**

**वाराणसी।** सिख धर्म के पांचवें गुरु अरजन देव महराज का 460वां प्रकाशोत्सव गुरु पर्व बुधवार को समूह साध संगत एवं गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सहयोग से बड़े ही श्रद्धा भाव से गुरुद्वारा गुरुबाग में मनाया गया। इस अवसर पर दिन में गुरुद्वारा गुरुबाग में गुरु अरजन देव महराज का 460वां प्रकाशोत्सव गुरु पर्व के उलक्ष्य में प्रातःकाल सात बजे से प्रातः 9.30 बजे तक दीवान सजाया गया। इसमें भाई रणधीर सिंह गुरुद्वारा यहियागंज, लखनऊ वाले गुरुवाणी कीर्तन से संगत को निहाल किया। इसके बाद गुरु का अटूट लंगर बरताया गया। जिसमें भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया। गुरुद्वारा के मुख्य ग्रंथी भाई रंजीत सिंह ने समूह साध संगत ने सभी का स्वागत किया। इसके पूर्व मंगलवार को सिख धर्म के नौवें गुरु हिंद की चादर गुरु तेग बहादुर साहिब का 402वां प्रकाशोत्सव मंगलवार को समूह साध संगत व गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सहयोग से बड़े ही श्रद्धा भाव से ऐतिहासिक तपस्थल गुरुद्वारा बड़ी संगत नीचीबाग व गुरुद्वारा गुरुबाग में मनाया गया। इस अवसर पर प्रातःकाल बड़ी संगत नीचीबाग में कीर्तन दीवान सजा जिसमें गुरुद्वारा नीचीबाग के हजूरी रागी भाई रकम सिंह व भाई नरेन्द्र सिंह हजूरी रागी गुरुद्वारा गुरुबाग ने गुरुवाणी कीर्तन से संगत को निहाल किया। इसके बाद गुरु का अटूट लंगर चला।

